राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 11 अंक: 127 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आग की घटनाओं से प्रभावी बचाव के लिए बनेगा फायर फाइटिंग मास्टर प्लान : रेखा गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार आग की घटनाओं और उससे हो रही जन-धन की हानि को रोकने के लिए फायर फाइटिंग मास्टर प्लान तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा ने इस दिशा में त्वरित और ठोस कदम उठाते हुए संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे मात्र 10 दिनों के भीतर आग की घटनाओं के कारणों, जोखिम वाले क्षेत्रों, मौजूदा व्यवस्थाओं की खामियों और ठोस निवारक उपायों को शामिल करते हुए एक विस्तृत ब्लू प्रिंट तैयार करें और उनके सामने प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि आग की घटनाओं से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए भी त्वरित और प्रभावी कदम उठाएं। सचिवालय में आयोजित इस अहम बैठक में गृह एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, अग्निशमन विभाग, दिल्ली नगर निगम, डीडीएमए, बिजली व अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# तमिलनाडु में सरकार गठन में फंसा पेंच?: विजय ने पेश किया सरकार बनाने का दावा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों के बाद तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने राज्य में सरकार बनाने की कवायद शुरू कर दी है। टीवीके प्रमुख विजय ने बुधवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के अनुसार, विजय ने राज्यपाल को विधायकों के समर्थन का जो पत्र सौंपा है, उसमें 112 विधायकों के समर्थन का दावा किया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, राज्यपाल अभी तक टीवीके के दावे से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि पार्टी के पास बहुमत साबित करने के लिए पर्याप्त आधिकारिक आंकड़े नहीं हैं।

**ऐसे समझें बहुमत का गणित**
तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा में सरकार बनाने के लिए 118 सीटों की जरूरत होती है। इस चुनाव में विजय की पार्टी टीवीके ने 108 सीटों पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस पार्टी ने टीवीके को अपना समर्थन देने का एलान किया है। कांग्रेस के पास विधानसभा में 5 सीटें हैं।



कांग्रेस के समर्थन के बाद विजय की पार्टी टीवीके के गठबंधन की संख्या 234 सदस्यीय विधानसभा में 113 तक पहुंच गई है। क्योंकि विजय ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर ही जीत हासिल की थी। ऐसे में अब उनको एक सीट छोड़नी होगी। इसके बाद टीवीके का आंकड़ा 112 विधायकों का ही रह जाता है। अब 118 के बहुमत के आंकड़े को पार करने के लिए पार्टी को कम से कम छह और विधायकों की आवश्यकता होगी। इसे लेकर विजय ने वीसीके, सीपीआई और सीपीएम जैसे दलों के साथ बातचीत शुरू कर दी है।

**मामला अटका**
राज्यपाल टीवीके के दावे से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि बहुमत साबित करने के लिए पर्याप्त आंकड़े नहीं हैं

**चुनाव में किसे कितनी सीटें मिलीं?**
विधानसभा चुनाव में डीएमके को 59 और एआईएडीएमके को 47 सीटें मिली हैं। अन्य दलों में पीएमके को 4 और आईयूएमएल को 2 सीटें मिली हैं। सीपीआई, वीसीके और सीपीआईएम को भी 2-2 सीटों पर जीत मिली है।

## फास्ट न्यूज

### संघर्ष विराम के बीच ट्रंप की ईरान को धमकी

**वॉशिंगटन:** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा संकेत देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि अगर ईरान तय शर्तों को मान लेता है, तो अमेरिका का सैन्य अभियान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी खत्म किया जा सकता है और होर्मुज जलडमरूमध्य में लगा सैन्य प्रतिबंध भी हटाया जा सकता है। ट्रंप ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दिया। उन्होंने कहा कि यदि तेहरान पहले से तय शर्तों को स्वीकार करता है, तो संघर्ष समाप्त हो सकता है और होर्मुज जलडमरूमध्य सभी देशों के लिए खोल दिया जाएगा, जिसमें ईरान भी शामिल होगा।

### विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि रुझान जनवरी-मार्च तिमाही में सकारात्मक : फिक्की सर्वे

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच बढ़ती लागत एवं वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में भारत के विनिर्माण क्षेत्र का वृद्धि रुख सकारात्मक बना रहा। वहीं, निर्यात और निवेश का परिदृश्य स्थिर बना हुआ है। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने बुधवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी। उद्योग मंडल फिक्की के नवीनतम मैन्युफैक्चरिंग सर्वे से पता चलता है कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में भारतीय मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए विकास की भावना सकारात्मक है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान उत्पादन स्तर में मजबूती देखने को मिली है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 93 फीसदी कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में उत्पादन को पिछले स्तर के बराबर या उससे अधिक बताया जबकि तीसरी तिमाही में यह आंकड़ा 91 फीसदी था। घरेलू मांग को लेकर भी कंपनियों का भरोसा कायम रहा।

### क्रॉस-बॉर्डर क्यूआर कोड पेमेंट इंटरऑपरेबिलिटी पर सहमति बनी

# रेयर अर्थ और डिजिटल पेमेंट पर भारत-वियतनाम का फोकस

**समझौते**
दोनों पक्षों की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप प्रदान करता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम के बीच राष्ट्रपति तो लम की भारत यात्रा के दौरान बुधवार को रणनीतिक क्षेत्रों खासतौर पर रेयर अर्थ और डिजिटल पेमेंट में सहयोग को नई दिशा देते हुए 13 महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्य समझौते के तहत आईआरईएल (भारत) लि. और वियतनाम के वियतनाम का रेडियोधर्मी और दुर्लभ तत्वों की प्रौद्योगिकी संस्थान (आईटीआरआरई) के बीच करार हुआ। यह समझौता दुर्लभ मृदा (रेयर अर्थ) तत्वों और अन्य आधुनिक तकनीकों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने के लिए, दोनों पक्षों की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप प्रदान करता है। डिजिटल इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और स्टेट बैंक ऑफ वियतनाम (एसबीवी) के बीच भुगतान प्रणालियों और डिजिटल भुगतानों में नवाचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य वित्तीय नवाचार और डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक ढांचा स्थापित करना है। साथ ही एनपीसीआई इंटरनेशनल और वियतनाम की एनएपीएएस के बीच क्रॉस-बॉर्डर क्यूआर कोड पेमेंट इंटरऑपरेबिलिटी पर सहमति बनी है। भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और वियतनाम के स्वास्थ्य मंत्रालय के औषधि प्रशासन (डीएवी) के बीच चिकित्सा उत्पादों के विनियमन के क्षेत्र में सहयोग को लेकर समझौता ज्ञापन हुआ। इसका उद्देश्य चिकित्सा उत्पादों के विनियमन के क्षेत्र में सहयोग के लिए
एक ढांचा स्थापित करना है, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स, जैविक उत्पाद, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन शामिल हैं। डिजिटल टेक्नोलॉजी और आईटी क्षेत्र में भी दोनों देशों ने साझेदारी मजबूत करने का फैसला किया है।



**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता हुआ**

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा वियतनाम के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता हुआ। यह एमओयू डिजिटल तकनीकों और आईटी क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए द्विपक्षीय प्रतिबद्धता को और गहरा करेगा। इसके अलावा ऑडिट संस्थानों के बीच सहयोग को और गतिशील बनाने पर सहमति बनी। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय और वियतनाम के राज्य लेखा परीक्षा कार्यालय के बीच सार्वजनिक क्षेत्र लेखा परीक्षा के क्षेत्र में समझौता हुआ। यह एमओयू भारत और वियतनाम के दो ऑडिट संस्थानों के बीच 2010 के एमओयू को नवीनीकृत करता है और इसे अधिक लचीला तथा गतिशील बनाता है। बृहन्मुंबई नगर निगम, मुंबई और हो ची मिन्ह सिटी पीपल्स कमिटी के बीच मित्रता एवं सहयोग की स्थापना के लिए समझौता हुआ। इस समझौते का उद्देश्य एक औपचारिक ढांचा स्थापित करना है।

**आर्थिक विकास के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता साझा कर सकें**

दोनों महानगर शहरी प्रबंधन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता साझा कर सकें। नालंदा विश्वविद्यालय और वियतनाम की हो ची मिन्ह नेशनल एकेडमी ऑफ पॉलिटिक्स के बीच क्षमता निर्माण को लेकर समझौता हुआ। यह एमओयू वियतनाम को क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण प्रदान करने के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रयासों को और सुदृढ़ करता है। आईसीसीआर के तहत वियतनाम के विश्वविद्यालयों में इंडिया स्टडीज चेयर स्थापित की जाएगी और चाम सभ्यता की पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण पर भी सहमति बनी है। केंद्र और यूएसएसएच, वीएनयूएचसीएम के बीच संस्थागत संबंध स्थापित करता है, ताकि वियतनाम में वर्तमान में संरक्षित भारतीय मूल की 'चाम' पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, प्रलेखन, संरक्षण, डिजिटलीकरण और ऑनलाइन प्रसार किया जा सके।




यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद प्रयागराज में 'रक्षा त्रिवेणी संगम' की थीम पर नॉर्थ टेक सिम्पोजियम (एनटीएस) 2026 का समापन समारोह में शामिल होते हुए।

## बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में शामिल होंगे राहुल गांधी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में नए राजनीतिक समीकरण पैदा होने जा रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओवरसीज विभाग के सह संयोजक एवं हिसार के पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा निकाली जा रही सद्भाव यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शामिल होंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह पिछले सात माह से पूरे राज्य में सद्भाव यात्रा निकाल रहे हैं। अभी तक 86 विधानसभा कवर कर चुके बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में राहुल गांधी आठ मई को गुरुग्राम के गांव खांडसा में शामिल होंगे। बृजेंद्र सिंह ने जब पांच अक्टूबर को जब उन्होंने सद्भाव यात्रा आरंभ की थी, तब हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बीके हरिप्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इसे कांग्रेस की अधिकृत यात्रा मानने से मना कर दिया था। यही कारण है कि अभी तक राव नरेंद्र, भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा बीके हरिप्रसाद इस यात्रा से दूरी बनाए हुए हैं।

## देशभर में घरेलू रसोई गैस का वितरण सामान्य: केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि देशभर में घरेलू रसोई गैस का वितरण सामान्य है और किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के यहां से कोई ड्राई-आउट की खबर नहीं है। सरकार ने कहा कि लगभग 95 फीसदी गैस सिलिंडर का वितरण 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' के जरिए पूरी की जा रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) का वितरण सामान्य बना हुआ है, और स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि लगभग 95 फीसदी गैस सिलिंडर का वितरण 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' के जरिए पूरा किया जा रहा है। पिछले दो दिनों में 88.82 लाख बुकिंग के मुकाबले लगभग 87.28 लाख सिलेंडर डिलीवर किए गए हैं। पश्चिम एशिया संकट के बीच खाना



पकाने के लिए सरकार घरेलू रसोई गैस की 100 फीसदी आपूर्ति उपभोक्ताओं तक सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। ', और कमर्शियल सिलेंडरों के उपभोक्ताओं को 70 फीसदी तक आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। संयुक्त सचिव ने बताया कि लगभग 6 लाख 31 हजार नए पीएनजी कनेक्शनों में गैस सप्लाई शुरू हो गई है और 2.67 लाख अतिरिक्त कनेक्शनों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक 6 लाख 93 हजार उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शनों के लिए रजिस्टर्ड हैं।

## शिक्षा मंत्री प्रधान ने विद्यालयों में एसएमसी पर नए दिशा-निर्देश किए जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समितियों (एसएमसी) के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों में पहली बार माध्यमिक स्तर तक एसएमसी का विस्तार, एक महीने के भीतर गठन की अनिवार्यता और पारदर्शी कार्यप्रणाली जैसे कई अहम बदलाव किए गए हैं। स्कूल प्रबंधन समिति के दिशानिर्देशों को जारी करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए, हमारे देश में लगभग 15 लाख स्कूल हैं। इन सभी स्कूलों में, स्कूल प्रबंधन समिति छात्रों, शिक्षकों और समाज के बीच एक सेतु का काम करेगी। हम शिक्षा और स्कूल प्रबंधन को समाज के हाथों में सौंपने का प्रयास कर रहे हैं।

## अनाज भंडारण के लिए शाहबाद-अंबाला के बीच बनेगा गेहूं साइलो: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अनाज को खराब होने से बचाने के लिए जरूरी है कि प्रदेश में पर्याप्त संख्या में वेयरहाउस व साइलो उपलब्ध हों। इसके लिए संबंधित विभाग विस्तृत कार्ययोजना बनाकर जल्द से जल्द अनाज भंडारण की समस्या का स्थाई समाधान निकालें। उन्होंने निर्देश दिए कि अनाज भंडारण के लिए शाहबाद व अंबाला के बीच साइलो बनाने की योजना तैयार की जाए।



नायब सिंह सैनी बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ प्रदेश में अनाज भंडारण तथा पलवल व नूंह क्षेत्रों में जलापूर्ति के प्रबंधों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारीगण उपस्थित थे। अनाज के सुरक्षित भंडारण के लिए पर्याप्त संख्या में वेयरहाउस भी होने आवश्यक हैं।

**कार्ययोजना**
अनाज के सुरक्षित भंडारण के लिए पर्याप्त संख्या में वेयरहाउस भी होने आवश्यक हैं : सीएम

## सरकार ने मांगी 50 हजार प्रतिमाह से अधिक पारिश्रमिक पाने वाले अनुबंध कर्मचारियों की जानकारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों और प्राधिकरणों में ऐसे पदों की पहचान करने और आंकड़े जुटाने का निर्णय लिया है जहां अनुबंध कर्मचारी प्रतिमाह 50,000 रुपये से अधिक पारिश्रमिक ले रहे हैं।
मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों/निगमों/प्राधिकरणों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य प्रशासकों, मंडलायुक्तों तथा उपायुक्तों को ऐसे कर्मचारियों का विवरण उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है, जिन्होंने 15 अगस्त, 2024 तक अनुबंध आधार पर 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है।

### राज्यपाल ने हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के वार्षिक समारोह की अध्यक्षता की

# दंत चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक खोल रही नए अवसर: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी :** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता आज हिमाचल डेंटल कॉलेज, सुंदरनगर के वार्षिक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को ज्ञान, कौशल और नवाचार के साथ आगे बढ़ना होगा। युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है और यदि युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं तो भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनाया जा सकता है।



राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल डेंटल कॉलेज, सुंदरनगर प्रदेश का अग्रणी दंत चिकित्सा संस्थान है, जिसने शिक्षा, शोध, सामुदायिक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि दंत स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण आधार है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े युवाओं की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने पेशे में उत्कृष्टता के साथ-साथ सेवा, संवेदनशीलता और नैतिकता को भी जीवन का हिस्सा बनाएं।
गुप्ता ने कहा कि आधुनिक तकनीक, डिजिटल नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने संस्थान द्वारा ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में लगाए जा रहे निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविरों, नो-टोबैको जागरूकता अभियानों और सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों की सराहना भी की।
उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की पहचान केवल उसकी अकादमिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि समाज के प्रति उसके योगदान से भी होती है।
उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हिमाचल डेंटल कॉलेज भविष्य में भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में निरंतर कार्य करता रहेगा।

**स्वास्थ्य सेवाएं**
हिमाचल डेंटल कॉलेज समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में कार्य करता रहेगा

# वंदे मातरम गीत को राष्ट्रगान जैसा दर्जा, केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन के समान दर्जा देने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो




वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज,संविधान और राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है, और अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा।

**कानून में बदलाव और सजा का प्रावधान**
सरकार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह बदलाव कर रही है। इसके लिए कानून की धारा 3 में संशोधन किया जाएगा। इस धारा के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे रोकता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान है। संशोधन के बाद यही नियम वंदे मातरम पर भी लागू होंगे।

# स्टेट कैपिटल रीजनः छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई दिशा....

राजधानी क्षेत्र बनेगा आर्थिक शक्ति केंद्र, महानगरों की तर्ज पर होगा तेज विकास, आधुनिक अधोसंरचना और कनेक्टिविटी को मिलेगी गति,` राज्य सरकार का मानना है कि यह पहल राजधानी क्षेत्र के नियोजित विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को मध्य भारत के प्रमुख आर्थिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

**महत्वाकांक्षी**

विधानसभा से विधेयक पारित होने के साथ ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना को औपचारिक गति मिल गई है।





**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ में सुनियोजित शहरीकरण और संतुलित क्षेत्रीय विकास को गति देने के लिए स्टेट कैपिटल रीजन के गठन को मंजूरी मिल चुकी है। रायपुर सहित दुर्ग-भिलाई और नवा रायपुर अटल नगर को मिलाकर इस क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। विधानसभा से विधेयक पारित होने के साथ ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना को औपचारिक गति मिल गई है।

राज्य सरकार का मानना है कि यह पहल राजधानी क्षेत्र के नियोजित विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को मध्य भारत के प्रमुख आर्थिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**राष्ट्रीय मॉडल पर आधारित समेकित विकास**

स्टेट कैपिटल रीजन का विकास देश के प्रमुख शहरी मॉडलों झ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण और हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण की तर्ज पर किया जाएगा। इस मॉडल के अंतर्गत विभिन्न शहरों को एकीकृत करते हुए क्षेत्रीय स्तर पर योजनाबद्ध विकास किया जाएगा, जिससे अवसंरचना, आवास, परिवहन और आर्थिक गतिविधियों का संतुलित विस्तार सुनिश्चित हो सके और संसाधनों का अधिकतम उपयोग संभव हो।

**मुख्यमंत्री की पहल से विकास को मिली नई गति**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर तथा वित्त श्री ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में तैयार इस योजना का उद्देश्य तेजी से बढ़ते शहरीकरण को व्यवस्थित करना और नागरिकों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सरकार का फोकस ऐसे शहरी तंत्र के निर्माण पर है जहां बेहतर आवास, उच्च स्तरीय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, साथ ही उद्योग और व्यापार को प्रोत्साहन मिले तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए विकास को आगे बढ़ाया जा सके।

## 2031 तक 50 लाख आबादी के लिए व्यापक तैयारी

अनुमान है कि वर्ष 2031 तक स्टेट कैपिटल रीजन की आबादी 50 लाख से अधिक हो जाएगी। इस संभावित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा दीर्घकालीन योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इन योजनाओं में आधुनिक परिवहन प्रणाली का विकास, सड़कों और कनेक्टिविटी का विस्तार, जल, बिजली और स्वच्छता सेवाओं का सुदृढ़ीकरण तथा स्मार्ट शहरी सुविधाओं का विस्तार शामिल है। रायपुर से दुर्ग तक प्रस्तावित मेट्रो रेल परियोजना के सर्वे के लिए बजट में प्रावधान किया गया है, जिससे क्षेत्र में तेज, सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

**राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण करेगा समन्वित संचालन**

स्टेट कैपिटल रीजन के प्रभावी विकास और प्रबंधन के लिए राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है, जो इस पूरे क्षेत्र के लिए केंद्रीय नियामक और समन्वयकारी संस्था के रूप में कार्य करेगा। यह प्राधिकरण दीर्घकालीन विकास योजनाएं तैयार करने, अधोसंरचना परियोजनाओं को लागू करने, निवेश को आकर्षित करने तथा विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाएगा। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे, जबकि विभिन्न विभागों के मंत्री, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी इसके सदस्य होंगे। साथ ही एक कार्यकारी समिति भी गठित की गई है, जो योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को विधिक आधार प्रदान करने के लिए 2025 लागू किया गया है।

## वित्तीय संसाधनों की सुदृढ़ व्यवस्था

यह अधिनियम प्राधिकरण की संरचना, शक्तियों, कार्यप्रणाली और वित्तीय अधिकारों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित होती है। राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए राजधानी क्षेत्र विकास निधि और पुनरावृत्ति निधि की स्थापना का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही प्राधिकरण को विशेष उपकर लगाने, परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने और अपना वार्षिक बजट तैयार करने का अधिकार भी दिया गया है। इससे विकास कार्यों के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

**निवेश, उद्योग और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा**

स्टेट कैपिटल रीजन के विकास से छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। इसके परिणामस्वरूप नए उद्योग स्थापित होंगे, सेवा क्षेत्र का विस्तार होगा और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह क्षेत्र भविष्य में राज्य का प्रमुख आर्थिक हब बनकर उभर सकता है।

**जवाबदेही**

वित्तीय अधिकारों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही सुनिश्चित होती है।


**पहली बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय**

छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक विधानसभा में 11 मार्च 2026 को आयोजित हो चुकी है, जिसमें राजधानी क्षेत्र के विकास से जुड़े कई अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में क्षेत्रीय मोबिलिटी और लॉजिस्टिक्स के विकास, मेट्रो संचालन के लिए टेक्नो-इकोनॉमिक फिजिबिलिटी स्टडी, सर्वेक्षण कार्यों के संचालन तथा विशेषज्ञ सलाहकारों की नियुक्ति पर चर्चा की गई।

# योगी सरकार में ओबीसी युवाओं को मिल रही फ्री कम्प्यूटर ट्रेनिंग, बदल रही जिंदगी

**प्रशिक्षण**

साल 2025-26 में 29 हजार से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, इंटर पास युवाओं को मिल रहा प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवक-युवतियों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरी है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 29 हजार से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। डिजिटल युग में यह योजना आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

**सबसे ज्यादा 22,407 युवाओं ने ओ लेवल कोर्स किया**

इस योजना के तहत इंटरमीडिएट पास ओबीसी वर्ग के ऐसे युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनके माता-पिता या अभिभावकों की वार्षिक आय 1 लाख रुपये या उससे कम है। सरकार द्वारा यह प्रशिक्षण भारत सरकार की नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से कराया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत कुल 29,191 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

# केदारनाथ यात्राः सुदृढ़ व्यवस्थाओं से गदगद हुए श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** केदारनाथ धाम यात्रा 2026 सुचारु रूप से संचालित हो रही है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। तीर्थयात्री इन प्रबंधों की सराहना कर रहे हैं। यात्रा मार्ग से लेकर धाम परिसर तक पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, सुरक्षा एवं दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं का यात्रा अनुभव सुखद एवं संतोषजनक बन रहा है। गाजियाबाद के वैशाली निवासी श्रद्धालु मोनिका वर्मा ने बताया कि पैदल मार्ग से यात्रा करने के दौरान उन्हें हर आवश्यक सुविधा सुलभ रूप से उपलब्ध हुई। उन्होंने कहा कि मार्ग पर पेयजल, खाद्य सामग्री, स्वच्छ शौचालय एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था है। उन्होंने यह भी

**सुविधाएं**

पैदल मार्ग से यात्रा करने के दौरान उन्हें हर आवश्यक सुविधा सुलभ रूप से उपलब्ध हुई।

कहा कि यात्रा से पूर्व उन्हें कुछ भ्रामक सूचनाओं के कारण चिंता थी, लेकिन धाम पहुंचने पर उन्होंने पाया कि प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं प्रभावी ढंग से की गई हैं। उन्होंने अन्य श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और निश्चिंत होकर यात्रा करें। अंबाला निवासी श्रद्धालु आकाश ने कहा कि वह प्रतिवर्ष बाबा केदार के दर्शन हेतु आते हैं और इस वर्ष की व्यवस्थाएं पूर्व वर्षों की तुलना में और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित हैं।

# ऐरिया मॉल गुरुग्राम ने पेश किया द ग्रेट वाइल्डलाइफ सफारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम का प्रमुख रिटेल और एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन ऐरिया मॉल द ग्रेट वाइल्डलाइफ सफारी के लॉन्च के साथ एक्सपीरिएंशियल रिटेल को नया आयाम देने जा रहा है। यह शहर का अपनी तरह का पहला इमर्सिव वाइल्डलाइफ सफारी अनुभव है, जो आगंतुकों को एक जीवंत वन्यजीव पारिस्थितिकी तंत्र के बीच ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। द ग्रेट वाइल्डलाइफ सफारी शहर में अपनी तरह का पहला, बेहद रोमांचक और जीवंत वाइल्डलाइफ सफारी अनुभव है। विज़िटर्स को एक जीवंत वाइल्डलाइफ इकोसिस्टम के बीचों-बीच ले जाने के लिए डिजाइन किया गया यह अनुभव, दुनिया भर के जानवरों को एक साथ लाकर शहर के ठीक बीचों-



बीच एक आकर्षक वॉक-थ्रू अनुभव पेश करता है। मनोरंजन और शिक्षा के बेहतरीन मिश्रण के रूप में तैयार यह अनुभव गुरुग्राम में पहले कभी नहीं देखा गया है। यहां आगंतुक बेहद वास्तविक दिखने वाले वन्यजीवों के करीब जाकर उनसे जुड़ सकते हैं, जिससे प्रकृति के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और गहरा होता है। इसमें कई इंटरएक्टिव जोन शामिल हैं, जैसे कैंटर सफारी, जीप फोटो जोन, लायन डेन, फ्लोटिंग हिप्पो जोन और ड्रॉ अलाइव स्टेशन, जो खोज, सहभागिता और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। मनोरंजन के साथ-साथ यह अनुभव वन्यजीव संरक्षण, संवेदनशीलता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी जोड़ता है, जिससे आगंतुक प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के महत्व पर विचार कर सकें। अपने विशाल स्तर और इमर्सिव डिजाइन के साथ द ग्रेट वाइल्डलाइफ सफारी गुरुग्राम में एक जरूर देखने लायक अनुभव है, जो परिवारों के लिए एक अनोखा और यादगार आउटिंग विकल्प प्रस्तुत करता है, जहां खोज, संवाद और कहानी कहने का अनूठा मेल है।

# निशांत कुमार की सदभाव यात्रा की तैयारी में जदयू लगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पश्चिम चम्पारण (बगहा)।** पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर से जदयू के नेता निशांत कुमार की सदभाव यात्रा इसी तीन मई से होने जा रही है,जिसकी तैयारी के लिए बगहा के जद यू के नेता और कार्यकताओं की एक बैठक बगहा दो स्थित आईबी और बगहा पुलिस जिला के प्रखंडों में हुई है। बैठक में वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने उपस्थित नेता और कार्यकताओं से कहा कि निशांत कुमार अब जदयू और बिहार के भविष्य हैं। उनकी इस यात्रा को यादगार बनाना है। जिस तरह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2005 में न्याय यात्रा के बाद बिहार सरकार बनाकर राज्य की दशा और दिशा बदलने का काम किया था, उसी तरह उनके सुपुत्र युवा नेता निशांत कुमार अपनी सदभाव यात्रा की शुरूआत चम्पारण में वाल्मीकिनगर की धरती से करने जा रहें हैं, जो ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार तोन मई को वाल्मीकिनगर आयेंगे,वो चार मई को गाँधी सभागार, बेतिया में कार्यकर्ता संवाद करेंगे।बैठक में एमएलसी भीष्म सहनी ने कहा कि निशांत कुमार का बगहा के चौतरवा, मंगलपुर, लक्ष्मीपुर आदि जगहों पर भव्य स्वागत किया।

# यूपी में डेयरी सेक्टर बना ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में गो सेवा अब केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला एक सशक्त आर्थिक मॉडल बनकर उभरी है। योगी सरकार में डेयरी सेक्टर ने जिस तेजी से विस्तार किया है, उसने न केवल किसानों और युवाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है, बल्कि गांवों में रोजगार के स्थायी अवसर भी पैदा किए हैं। मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और नंद बाबा दुग्ध मिशन जैसी पहल ने इस बदलाव को जमीनी स्तर पर साकार किया है। आज प्रदेश के हजारों युवा



डेयरी उद्यम के माध्यम से सालाना 10 से 12 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं, जो पहले कभी पारंपरिक पशुपालन में आसान नहीं माना जाता था।

**योगी सरकार के सहयोग से देवेंद्र बने आत्मनिर्भर**

मथुरा जिले के गांव रदोई निवासी देवेन्द्र सिंह का चयन नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में हुआ। उन्होंने आठ साहिवाल एवं दो गिर गोवंश खरीदकर डेयरी यूनिट स्थापित की। सरकार ने उन्हें योजना लागत का 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया। वर्तमान में उनकी डेयरी से औसतन 100 लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन हो रहा है, जिससे उनका व्यवसाय लगातार बढ़ रहा है। देवेन्द्र का कहना है कि योगी सरकार के सहयोग से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। अपर मुख्य सचिव पशुपालन मुकेश मेश्राम ने बताया कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है।

**गो सेवा**

मिनी नंदिनी योजना से गांव-गांव में रोजगार, सालाना 10-12 लाख की आय तक पहुंच रहे युवा

# डीएस ग्रुप ने राजस्थान में अपने सस्टेनेबल एग्रीकल्चर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया





**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रमुख** एफएमसीजी समूह और मल्टी-बिजनेस कॉरपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने राजस्थान में अपने सस्टेनेबल कृषि प्रोजेक्ट की वृद्धि की घोषणा की है। इसके तहत करौली के सुदूर क्षेत्र डांग में दो नए बायो-रिसोर्स सेंटर (बीआरसी ) का उद्घाटन किया गया है। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए, बीआरसी नेटवर्क अब 30 केंद्रों तक पहुंच गया है, जो राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 86 गांवों के किसानों को सहयोग प्रदान कर रहा है। यह पहल समुदाय-आधारित, पर्यावरण के अनुकूल कृषि और आजीविका प्रथाओं के प्रति समूह की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। डीएस ग्रुप के 'वॉटर इकोनॉमिक जोन' प्रोजेक्ट के अंतर्गत, ग्राम गौरव संस्थान द्वारा स्थापित इन नए केंद्रों का पूर्ण संचालन और प्रबंधन अब स्थानीय किसान समितियों द्वारा किया जाएगा। करौली के भड़की और घेर का पुरा में स्थित इन दोनों केंद्रों ने जीवामृत और नीमास्त्र जैसे आवश्यक बायो -इनपुट्स का उत्पादन सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है। इसके अलावा भविष्य में समूह की योजना इन केंद्रों के माध्यम से घनअमृत, ब्रह्मास्त्र, दशपर्णी और बीजामृत जैसे उत्पादों के व्यापक पोर्टफोलियो में धीरे-धीरे आगे बढ़ाया जाएगा।

ये बायो इनपुट्स न केवल किसानों की खेती की लागत को कम करने में सहायक हैं, बल्कि मिट्टी की उर्वरता और फसलों की गुणवत्ता में सुधार करते हुए दीर्घकालिक इकोलॉजिकल बैलेंस को भी बढ़ावा देते हैं। डीएस ग्रुप के सस्टेनेबिलिटी और सीएसआर के जनरल मैनेजर, श्री प्रभाकांत जैन ने समूह के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा, डीएस ग्रुप में यह पहल जमीनी स्तर पर मापने योग्य प्रभाव पैदा करने की हमारी व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**आर्गेनिक फार्मिंग**

86 गांवों को सहयोग देने के लिए समुदाय आधारित आर्गेनिक फार्मिंग नेटवर्क को किया मजबूत

एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर अधिकारियों की क्षमता को सुदृढ़ करना रहा।

# कुष्ठ उन्मूलन पर राज्यस्तरीय वर्कशॉप, फार्माकोविजिलेंस पर विशेष फोकस

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में राजधानी रायपुर के सर्किट हाउस, सिविल लाइन्स में राज्यस्तरीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेशभर से जिला कुष्ठ अधिकारी, स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं विभिन्न विकास सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम केंद्रीय कुष्ठ प्रभाग , स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें जिला कुष्ठ



अधिकारी, राज्य कुष्ठ टीम एवं चिकित्सा महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन और विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी रही। साथ ही रीजनल लेप्रोसी ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट रायपुर तथा फामाकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया से जुड़े विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्रों में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर अधिकारियों की क्षमता को सुदृढ़ करना रहा। इस दौरान फामाकोविजिलेंस के अंतर्गत दवाओं के दुष्प्रभाव की रिपोर्टिंग प्रणाली को मजबूत करने तथा मल्टी ड्रग थेरेपी की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (अटफ) सर्विलांस और राष्ट्रीय रणनीतिक योजना 2023-27 के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए जमीनी स्तर की चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार की गई। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

विशेषज्ञों ने कहा कि इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं, बल्कि कुष्ठ उन्मूलन जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रायपुर में आयोजित यह पहल प्रदेश की जनस्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर रीजनल लेप्रोसी ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, रायपुर के निदेशक डॉ. संदीप जोगदंड, राज्य कुष्ठ अधिकारी छत्तीसगढ़ डॉ. जितेन्द्र कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन भारत से टीम लीडर (हेल्थ सिस्टम्स) डॉ. ग्रेस अचुंगुरा, तकनीकी अधिकारी डॉ. मधुर गुप्ता, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुगाझेन्थन थंगराजू, इंडियन फामाकोपिया कमीशन की फामाकोविजिलेंस एसोसिएट डॉ. जयश्री सुरेश तथा सेंट्रल लेप्रोसी ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. एम. स्वप्ना विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# सेमिनार से महिला सशक्तिकरण व आरक्षण को मिली मजबूती

**दूरदर्शी**

**महिला सशक्तिकरण व आरक्षण की दिशा में प्रभावशाली और दूरदर्शी पहल के रूप में उभरा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र विषय पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमिनार एवं प्रदर्शनी महिला सशक्तिकरण व आरक्षण की दिशा में प्रभावशाली और दूरदर्शी पहल के रूप में उभरा। इस आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत के विकास का मार्ग महिलाओं के सशक्तिकरण से होकर ही गुजरता है। इस कार्यक्रम में करीब 3000 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसकी व्यापकता और प्रभाव को और भी सशक्त बनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा नारी, किसान, युवा और गरीब को विकास के चार स्तंभ बताना उनकी समावेशी सोच को दशार्ता है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए सुरक्षित शिक्षा वातावरण, नजदीकी कॉलेजों की स्थापना और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की बात, जमीनी स्तर पर परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक संकेत देती है। महिला आरक्षण के संदर्भ में भी यह आयोजन विशेष महत्व रखता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे ऐतिहासिक कदमों से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा मिली है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भूमिका और सशक्त होगी। यह पहल न केवल समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में लैंगिक संतुलन और न्याय को भी मजबूत आधार प्रदान करती है।



इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं हुआ, बल्कि ठोस नीतिगत निर्णयों और योजनाओं की भी घोषणा की गई। महिला शोधार्थियों और अंतर्राष्ट्रीय छात्राओं के लिए 300 क्षमता वाले आधुनिक छात्रावास का निर्माण, एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को सशक्त बनाने की पहल, तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं को 50 प्रतिशत फीस छूट जैसे कदम महिला शिक्षा और तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने समानता, न्यायसंगत समानता और समावेशिता जैसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए यह रेखांकित किया कि केवल अधिकार प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि महिलाओं को वास्तविक अवसर और भागीदारी देना भी उतना ही आवश्यक है। यह दृष्टिकोण आधुनिक समाज और नीति निर्माण की मूल आवश्यकता को उजागर करता है। प्रदर्शनी ने इस आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बनाया, जहां विभिन्न क्षेत्रों विज्ञान, खेल, प्रशासन और कला में महिलाओं की उपलब्धियों को सशक्त तरीके से प्रस्तुत किया गया। यह न केवल प्रेरणादायक रहा, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देने वाला कदम साबित हुआ। फिर भी, किसी भी योजना की वास्तविक सफलता उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। आवश्यक है कि इन घोषणाओं को केवल मंच तक सीमित न रखकर जमीनी स्तर पर लागू किया जाए, ताकि ग्रामीण और वंचित वर्ग की महिलाओं तक भी इनका लाभ पहुंच सके। कुल मिलाकर, यह सेमिनार महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस और सकारात्मक पहल के रूप में सामने आया है। यदि घोषित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो यह निश्चित रूप से विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

## मोदी के नेतृत्व में देश लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा: विजय सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** राष्ट्र प्रेम मंच के सदस्यों ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई। राष्ट्र मंच के संयोजक विजय सैनी ने कहा कि तीनों राज्यों की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब वह झूठे वादों पर भरोसा नहीं करती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है और सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ पार्टी नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विजय सैनी ने इस जीत को देश में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर जनता की मुहर बताया। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत करने और जनहित के कार्यों में निरंतर जुटे रहने का आह्वान किया। विजय सैनी ने कहा कि राष्ट्र व सनातन विरोधी ताकतें इस चुनाव में प्रशस्त हुई है। इस अवसर पर गुलशन वकील, आशीष वकील, अमित वकील, रणजीत वकील, वीशू शर्मा, रामेश्वर यादव, शुभ चोपड़ा, मुलखराज चोपड़ा, बलजीत, रोशन पांचाल, जस्सी खूंगर, पूनम कश्यप आदि इत्यादि मौजूद रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## यमुनानगर के 78 श्रद्धालु तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ रवाना

**नितिन सिंगला जगाधरी**



**यमुनानगर, 6 मई-** डीसी प्रीति ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र से एक विशेष रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें प्रदेशभर के करीब 800 श्रद्धालु तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ (महाराष्ट्र) के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस यात्रा में यमुनानगर जिले के 77 तीर्थ यात्री व एक कर्मचारी भी शामिल हैं। डीसी प्रीति ने बताया कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यह विशेष ट्रेन तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ भेजी जा रही है, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। पिछले महीने बुजुर्ग श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन करवाए गए थे।

उन्होंने बताया कि यह योजना 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही है। योजना के अंतर्गत ऐसे परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाती है, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है। अब तक प्रदेश के हजारों बुजुर्ग इस योजना का लाभ उठाकर विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन कर चुके हैं।

डीसी ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत अत्यंत समृद्ध है, जहां हजारों वर्षों से आस्था के केंद्र मौजूद हैं। हर व्यक्ति की इच्छा होती है कि वह जीवन में कम से कम एक बार इन पवित्र स्थलों के दर्शन करे, और सरकार की यह योजना उसी भावना को साकार कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होता है। जिसके बाद सरकार द्वारा प्लान तैयार किया जाता है कि किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करवानी है।

बुजुर्गों के चेहरों पर दिखी खुशी

विशेष ट्रेन में सवार होते समय बुजुर्गों के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। श्रद्धालुओं ने सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से उन्हें तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है, जो उनके लिए एक यादगार अनुभव रहेगा।

## 22 यादव उम्मीदवारों ने विजय हासिल कर बनाया नया रिकॉर्ड: पायलट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हाल ही में हुए पांच प्रदेशों में विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में 22 यादव उम्मीदवारों ने विजय हासिल कर एक नया इतिहास रचा है। सभी विजय विधायकों को बधाई देते हुए अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश अध्यक्ष रमेश राव पायलट ने बताया कि पश्चिम बंगाल में यादव समाज की आबादी 13 से 15 प्रतिशत के बीच होने के बावजूद उनका विधानसभा में प्रतिनिधित्व आबादी के अनुरूप नहीं रहा। लंबे समय के बाद पश्चिम बंगाल में इतनी अधिक संख्या में यादव उम्मीदवारों ने विजय हासिल की है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. स्वप्न कुमार घोष के विशेष प्रयास से इस चुनाव में भाजपा ने 32 एवं तृणमूल कांग्रेस ने छह यादव उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था, जिसमें से भाजपा से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप घोष सहित 20 व तृणमूल कांग्रेस से दो उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। पायलट ने बताया कि पश्चिम बंगाल में देश की आजादी के उपरांत 15 अगस्त 1947 को पश्चिम बंगाल के पहले मुख्यमंत्री यादव समाज से डॉ. प्रफुल्ल चंद्र घोष बने जो एक बहुत ही प्रतिष्ठित विद्वान थे।

# बच्चों की जांच कर अस्थमा के प्रति जागरूक किया

**विश्व अस्थमा दिवस पर आयुष विश्वविद्यालय में जागरूकता शिविर आयोजित**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर बाल रोग विभाग द्वारा विशेष स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में ओपीडी संख्या-53 में आए बच्चों की जांच कर अस्थमा के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने संभावित अस्थमा लक्षणों वाले बच्चों की पीईएफ




(पीक एक्सपिरेटरी फ्लो) एवं स्पाइरोमेट्री परीक्षण के माध्यम से जांच की गई, जिससे रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव हो सके।

कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने के साथ-साथ समय पर रोग निदान में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती श्वसन संबंधी समस्याओं को देखते हुए इस प्रकार के शिविर अत्यंत आवश्यक हैं।

विभागाध्यक्ष प्रो. वैद्य शंभू दयाल शर्मा ने बताया कि वायु प्रदूषण, बदलती जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण अस्थमा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। विशेषकर बच्चों में इसके लक्षण तेजी से देखने को मिल रहे हैं,जो गंभीर चिंता का विषय है।

प्रो. डॉ. अमित कटारिया ने बताया कि अस्थमा एक दीर्घकालिक बीमारी है,जिसे समय पर पहचान,उचित जांच और नियमित उपचार के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों, प्राणायाम और ट्रिगर कारकों से बचाव के जरिए मरीज बेहतर जीवन जी सकते हैं।

## इन्दु गुप्ता बनी पुनः यमुनानगर विधानसभा अध्यक्ष और सीमा सिंगला सढौरा विधानसभा अध्यक्ष

**नितिन सिंगला जगाधरी**

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की महिला प्रदेशाध्यक्षा सुशीला सर्राफ ने संगठन निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल और प्रदेश संगठन सचिव पंकज मित्तल की अनुशंसा पर एवं जिला अध्यक्ष आशीष मित्तल, जिला महासचिव शिवकांत मंगला, जिला कोषाध्यक्ष कपिल बंसल के विचार विमर्श लेकर इन्दु गुप्ता को यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र का अग्रवाल वैश्य समाज महिला इकाई का विधानसभा अध्यक्षा, अंजू अग्रवाल को विधानसभा महासचिव एवं रितु गर्ग को कोषाध्यक्ष पर नियुक्त किया गया




है। सढौरा विधानसभा क्षेत्र से सीमा सिंगला अध्यक्षा, प्रेमलता अग्रवाल महासचिव एवं वंदना गर्ग को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। इन्दु गुप्ता और सीमा सिंगला ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेशाध्यक्ष




अशोक बुवानीवाला और समस्त प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया अपनी नियुक्ति पर इन्दु गुप्ता ने प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला एवं समस्त प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया।

## हाई टेक डेयरी स्थापित कर बढ़ाएं अपनी आय

**सिरसा, (रणबीर खटक)**

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोडने.के उद्देश्य से हाई टेक डेयरी इकाइयों की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण योजना क्रियांवित की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को डेयरी यूनिट स्थापित करने के लिए बैंक के मार्फत आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के हरियाणा निवासी आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की किसी विशेष शैक्षणिक योग्यता या विशेष प्रशिक्षण की अनिवार्यता नहीं रखी गई है। इसके साथ ही आवेदक के पास डेयरी पशुओं को रखने के लिए पर्याप्त स्थान या शेड होना जरूरी है।

## हथिनीकुंड के पास जंगल में लगी आग, दो एकड़ के करीब जंगल जला

**नितिन सिंगला जगाधरी**

कलेसर जंगल के हथिनीकुंड बैराज के पास हाईवे किनारे आग लगने से 2 एकड़ जंगल जल गया। जिसमें एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और विभागों के बीच समन्वय की कमी को उजागर कर दिया। बुधवार को हथिनीकुंड बैराज के साथ लगते जंगल क्षेत्र में अचानक आग भड़क उठी। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी, लेकिन समय पर कार्रवाई के बजाय विभागीय जिम्मेदारी तय करने में ही घंटों बीत गए।

सूचना मिलने पर वन विभाग ने इसे वन्य प्राणी विभाग का क्षेत्र बताकर पल्ला झाड़ लिया। वहीं जब वन्य प्राणी विभाग से संपर्क किया गया तो उन्होंने इस क्षेत्र को वन विभाग के साथ-साथ सिंचाई विभाग के अंतर्गत बताते हुए जिम्मेदारी से किनारा कर लिया। इस आपसी टालमटोल के चलते मौके पर राहत कार्य शुरू होने में काफी देरी हो गई और तब तक जंगल का बड़ा हिस्सा आग की चपेट में आकर जल चुका था। स्थानीय लोगों और वन प्रेमियों का कहना है कि कलेसर जंगल क्षेत्र पहले से ही अवैध गतिविधियों जैसे पेड़ कटाई, शिकार और खनन से जूझ रहा है। ऐसे में विभागों की लापरवाही इन समस्याओं को और बढ़ा रही है। उनका सुझाव है कि जंगल



**लापरवाही**

**फिर प्रशासनिक लापरवाही और विभागों के बीच समन्वय की कमी को उजागर कर दिया**

क्षेत्र में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की स्पष्ट जिम्मेदारी तय कर क्षेत्रवार नामांकन किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई हो सके। इस मामले में कलेसर वन रेंज अधिकारी राजीव कांबोज ने कहा कि संबंधित क्षेत्र वन्य प्राणी विभाग के अंतर्गत आता है और उन्हें सूचना दे दी गई थी। वहीं वन्य प्राणी विभाग के वांगार्ड सुमित कुमार ने क्षेत्र को वन एवं सिंचाई विभाग का बताते हुए जिम्मेदारी से इंकार किया। अब सवाल यह है कि आखिर कब तक विभागीय खींचतान के चलते जंगल और प्राकृतिक संसाधन नुकसान उठाते रहेंगे।

## समाजसेवी तेजू आट्टा ने व्हाइट वास करने वाले दो दर्जन पेंटरों को ऋषिकेश की फ्री सैर करवाई

**समालखा (संजय नरवाल)** दिन भर की थकावट भाग दौड़ से परेशान रंग रोगन करने वाले दो दर्जन पेंटरों को एक रात दो दिन के लिए हर साल लेकर जाने वाले तेजू आट्टा ने कहा कि ये लोग मालिक के काम को बेहतर करने के चक्कर में अपनी सेहत का ख्याल नहीं रख पाते , ये भी तो इंसान है इन्हे भी थोड़ा सकून मिल जाए तो कैसा रहे ?यही सोचकर में हर वर्ष कुछ भाग्यशाली पेंटरों को लेकर "इनएटरलैक्स पेंट" कंपनी के साथ मिलकर बाहर घुमाने लेकर जाता हूं। इस बार भी हमने मेरे पैतृक गांव आट्टा से अपनी तेजेन्द्र ट्रेडिंग कंपनी के बैनर तले गांव आट्टा से रिषिकेश का दौरा करने जा रहे हैं। इस दौरे में 20 लोग बस के द्वारा बिल्कुल फ्री एक रात व दो दिन स्वच्छ व स्वस्थ मौसम का लुप्त उठाएंगे। सुनील, परवीन, निजामू, राजू, सुरेश, मोनू, बादल,सोनू , खादिल आदि 20 लोग इस दौरे में जा रहे हैं।




# बीबीए में आर्यन मिस्टर और सिद्धि बनीं मिस फेयरवेल

**समालखा-(संजय नरवाल)** आर्यन मिस्टर और सिद्धि को मिस फेयरवेल के अवार्ड से नवाजा गया। इसी के साथ कर्ण को मिस्टर इवनिंग, तन्वी को मिस इवनिंग, वंश गोयल को मिस्टर पर्सनैलिटी और सौम्या को मिस पर्सनैलिटी का खिताब दिया गया। मौका था बिजनेस स्टडीज विभाग की ओर से बीबीए अंतिम वर्ष के छात्रों की फेयरवेल पार्टी का। पाइट कॉलेज में यादें समारोह का आयोजन किया गया। छात्र-



छात्राओं ने कॉलेज जीवन की यादों को दोबारा जीते हुए डांस और म्यूजिक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। मुख्य आकर्षण रैंप वॉक रहा। सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, विभाग अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग, प्रीति दहिया ने छात्र-छात्राओं

# केयूके स्पार्टन पहुंची टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल में विनोद कुमार ने खेली 52 रन की आतिशी पारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैच के सेमीफाइनल मुकाबले में केयूके स्पार्टन टीम ने केयूके स्टार को 8 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। टॉस जीतकर केयूके स्पार्टन ने केयूके स्टार को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया। केयूके स्टार की ओर से आमिर खान ने 31, कप्तान शमशेर चौहान ने 33 रन की पारी



खेली। केयूके स्पार्टन की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए विनोद ने 3, रामेश्वर व अंशुल शर्मा ने 1-1 विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयूके स्पार्टन टीम के ओपनर बल्लेबाज अंशुल शर्मा ने 6 चौके लगाकर 33 रन की पारी खेली। वही विनोद कुमार ने 28 गेंदों में 5 चौके व 5 छक्के लगाकर 52 रन

**रोमांचक मैच**

**केयूके स्पार्टन टीम ने केयूके स्टार को 8 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की**

की आतिशी पारी खेलकर मैच को एकतरफा बना दिया। पंकज जांगड़ा ने 6 चौके लगा 32 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। केयूके स्टार की ओर से संदीप व अजय यादव ने 1-1 विकेट लिया। मैच में विस्फोटक बल्लेबाजी एवं शानदार गेंदबाजी के लिए विनोद कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। मैच में अम्पायर की भूमिका विक्रम नेगी तथा राजकुमार मलिक ने निभाई।

वहीं अब फाइनल में महामुकाबला केयूके स्पार्टन की टीम तथा स्टार क्रिकेट क्लब के बीच होगा। गौरतलब है कि केयूके स्पार्टन टीम पिछली बार की विजेता टीम रह चुकी है। वहीं स्टार क्रिकेट क्लब की टीम ने पहली बार फाइनल में अपनी जगह बनाई है।

# 40 ग्राम हेरोइन सहित मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**अवतार सिंह चुघ**

**यमुनानगरः** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गत दिनों पकड़ी 40 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के मुख्य सप्लायर को किया गिरफ्तार पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गत दिनों पकड़ी 40 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इंचार्ज



अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना पर गाँव खिजरी के पास से आरोपी पुराना बांस मोहल्ला प्रताप नगर निवासी कमल उर्फ अमन पुत्र सतपाल उर्फ पाला को 40 ग्राम हेरोइन (स्मैक) सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह यह नशीले पदार्थ जिला सहारनपुर के गांव मिजार्पुर निवासी राजुल पुत्र नाजिम से खरीदा था। टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी राजुल को भी गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

फोटो कैप्शन : नशा सप्लायर

# धोखाधड़ी वाले लिंक के जरिये उपभोक्ताओं को ठगी का शिकार नहीं बना पाएंगे ठग

**रणदीप धानियां,**
**कलायत।** अंतर्राष्ट्रीय व देश के किसी भी कोने से ठग गिरोह अब आसानी से हरियाणा के नागरिकों को साइबर ठगी का शिकार नहीं बना पाएंगे। मोबाइल में अभेद्य ऐप को डाउन लोड कर पुलिस नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करेगी। कलायत पुलिस स्टेशन में साइबर अपराध को रोकने के लक्ष्य को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें थाना प्रभारी सुभाष चंद्र की मौजूदगी में कैथल साइबर सैल एएसआई रणदीप सिंह व हेड कांस्टेबल अरुण देव ने व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों के मोबाइल में अभेद्य ऐप डाउनलोड करवाया। डीएसपी रोहताश कुमार ने बताया कि यह ऐप उन्नत तकनीक पर आधारित है। यह संदिग्ध कॉल, फर्जी एसएमएस और धोखाधड़ी वाले लिंक को स्वतः पहचानकर डिलीट करेगा। इससे अंतरराष्ट्रीय और देश के किसी भी हिस्से से होने वाले साइबर अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। कहीं न कहीं डिजिटल अरेस्ट, रंगदारी कॉल और भय पैदा करने वाली काल अकसर नागरिकों को परेशानी देने का काम करती हैं। इससे नागरिकों को आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक तनाव भी झेलना पड़ता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए हरियाणा पुलिस ने यह ठोस कदम उठाया



है। प्रदेश के मोबाइल उपभोक्ताओं को साइबर फ्राड से सुरक्षित रखने के लिए हरियाणा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत प्रत्येक मोबाइल में अभेद्य ऐप को सुरक्षा कवच के रूप में स्थापित किया जा रहा है। इससे किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी को रोका जा सकेगा। पुलिस महानिदेशक एवं एडीजीपी साइबर के निदेशानुसार गतिमान इस अभियान में साइबर सेल कैथल की टीम ने भाग लिया। साइबर सैल एएसआई रणदीप सिंह व अरुण देव ने बताया कि मोबाइल ऐप के जरिये लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही हर स्थिति में सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने अपील की कि किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर प्रतिक्रिया न दें।
तुरंत सूचना संबंधित अधिकारियों को दें। साइबल अपराध के कदमों को रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों को इस्तेमाल में लाने का क्रम जारी है। इस कड़ी में जल्द एक ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी जिसके जरिये वरिष्ठ नागरिकों के साथ किसी भी स्तर पर बैंकिंग के नाम पर ठगी नहीं हो सकेगी। इसके तहत ड्यूल ऐप सक्रिय अपलोड होगा। इसमें कंट्रोल खुद वरिष्ठ नागरिक के पास रहेगा। जबकि दूसरा कंट्रोल हैंडल वे इच्दा अनुसार परिवार व परिचित को दे सकते हैं। इससे काल, एसएसएम व लिंक की जानकारी बराबर दोनों मोबाइलों पर रहेगी।
इससे वरिष्ठ नागरिक को ठग पाना किसी भी तरह आसान नहीं होगा। मोबाइल नंबर उनके बुढ़ापे का सहारे का काम करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### स्थानीय निकायों में भ्रष्टाचार का बोलबाला, बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं लोग: सैलजा

**सिरसा (रणबीर खटक)**



**सिरसा की सांसद,** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की सदस्य एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार स्थानीय स्तर पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। स्थानीय निकायों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है और लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। भाजपा शासन में शहरों को गंदगी का डिब्बा बनाकर छोड़ दिया गया है।
रेवाड़ी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि धारूहेड़ा के लोग लंबे समय से परेशान और दुखी हैं। आखिर धारूहेड़ा ने ऐसा कौन-सा दोष किया है कि पड़ोसी क्षेत्रों की गंदगी यहां डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश, केंद्र और स्थानीय स्तर पर भाजपा की सरकार होने के बावजूद धारूहेड़ा की जनता के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। लोगों को हर स्तर पर ठगा गया है और उनके साथ धोखा हुआ है। सांसद ने विश्वास जताया कि निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार को जनता प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएगी। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा शासन में जो स्थानीय विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं, उन्हें कांग्रेस के नेतृत्व में मिलकर तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।
कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार स्थानीय निकायों की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह असफल रही है। शहरों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, भ्रष्टाचार बढ़ा है और आम नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सांसद ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि असली बड़ी मछलियों (मुख्य आरोपियों) को संरक्षण दिया जा रहा है। सांसद ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के शासनकाल में स्थानीय निकायों में भ्रष्टाचार के आरोप लगातार चर्चा में हैं। विपक्षी दलों और स्थानीय निवासियों द्वारा शहरी स्थानीय निकायों में प्रॉपर्टी आईडी, विकास कार्यों और निविदाओं में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय इतना ही नहीं प्रदेश के कई निगमों में करोडों रुपये के घोटाले हो चुके है, आरोपियों को बचाने के लिए जांच के नाम पर खेल जारी है। सांसद ने कहा कि बीजेपी ने लोगों के बीच जहर फैलाया है और चुनावों में गलत भाषा का इस्तेमाल किया गया है। कुमारी सैलजा ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरी चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता देखने को नहीं मिली। सांसद ने रेवाड़ी में निर्दलीय प्रत्याशी शकुंतला भांडोरिया के कांग्रेस को समर्थन देने पर कहा कि यह फैसला कांग्रेस को और मजबूती देगा। सांसद ने जोर देकर कहा कि चुनाव परिणाम जो भी हों, वह उन मुद्दों को उठाती रहेंगी जो लोगों से जुड़े हैं।

**चौ. भजनलाल पर टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण-सैलजा**

कुमारी सैलजा ने भाजपा नेताओं द्वारा स्वर्गीय चौधरी भजनलाल पर की गई टिप्पणी को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया। सांसद ने कहा कि उन्होंने पहले दिन ही स्पष्ट कर दिया था कि इस प्रकार की टिप्पणी पूरी तरह अनुचित है। सांसद ने कहा कि स्वर्गीय भजनलाल हरियाणा के अत्यंत वरिष्ठ और जनप्रिय नेता थे तथा उन्हें हरियाणा के निमार्ताओं में गिना जाता है। ऐसे व्यक्तित्व के प्रति इस प्रकार की भाषा सार्वजनिक जीवन की गरिमा के अनुरूप नहीं कही जा सकती। सैलजा ने कहा कि सबसे आश्चर्य की बात यह है कि चौधरी भजनलाल के परिवार का एक सदस्य आज भाजपा में भी है, इसके बावजूद इस प्रकार की टिप्पणियां की जा रही हैं।

### राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आईसीआईसीआई बैंक द्वारा एक विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव एवं प्लेसमेंट सेल प्रभारी सहायक प्रोफेसर अलका ने किया। आईसीआईसीआई बैंक की टीम में दीपक शर्मा, सीनियर काउंसलर एवं ऋषभ गौतम सीनियर मैनेजर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैंक प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न रोजगार अवसरों, करियर संभावनाओं, चयन प्रक्रिया तथा आवश्यक कौशलों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार की बढ़ती संभावनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें अपने व्यक्तित्व विकास एवं संचार कौशल को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान विद्यार्थियों से उनके रिज्यूमे एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज एकत्रित किए गए। बैंक टीम द्वारा विद्यार्थियों के प्रारंभिक इंटरव्यू एवं स्क्रीनिंग प्रक्रिया भी संपन्न की गई।

# वार्ड-12 में ओमवती पूनिया की जनसभा, जीत का किया दावा



**पंचकूला।** नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नंबर-12 से आजाद उम्मीदवार ओमवती पूनिया ने सेक्टर-11 स्थित पीडीएस पार्क नंबर 1103 के पास मकान नंबर 877 और 871 के सामने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली और समर्थकों में खासा उत्साह नजर आया।
जनसभा में खरड़ स्थित काली माता मंदिर से निशांत शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की और ओमवती पूनिया के समर्थन में लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए एक मजबूत और अनुभवी नेतृत्व की जरूरत है, जो ओमवती पूनिया के रूप में मौजूद है। इस मौके पर राकेश गोयल ने कहा कि ओमवती पूनिया का चुनाव चिन्ह उगता सूरज है और यह जीत का प्रतीक है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि उगते सूरज पर अपनी मोहर लगाकर ओमवती पूनिया को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि पूनिया की जीत तय है और जनता का समर्थन उनके साथ मजबूती से खड़ा है।

**उत्साह**
लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली और समर्थकों में खासा उत्साह नजर आया

राकेश गोयल ने यह भी बताया कि ओमवती पूनिया पहले भी दो बार वार्ड नंबर-12 की पार्षद रह चुकी हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए कई अहम कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि पूनिया के रोम-रोम में जनसेवा की भावना है और यही कारण है कि लोग उन्हें एक बार फिर मौका देना चाहते हैं। जनसभा को संबोधित करते हुए ओमवती पूनिया ने कहा कि उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, हमने काम किया है और आगे भी काम करते रहेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे उन्हें एक बार फिर सेवा का अवसर दें ताकि अधूरे कार्यों को पूरा किया जा सके और वार्ड को और बेहतर बनाया जा सके।

# हरियाणा में चरमराई कानून व्यवस्था, गैंगस्टर अब जेलों से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी धमकी दे रहे: दीपेंद्र

**टीम एक्स्सन इंडिया**
**पानीपत, 6 मई(बिजेंद्र सिंह)।** सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा बुधवार को दोपहर बाद सेक्टर 18 में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन कुंडू के आवास पर पहुंचे और उन्होने पानीपत ग्रामीण से पूर्व प्रत्याशी सचिन कुंडू को विदेश से आई धमकी भरी कॉल और 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले को प्रमुखता से उठाया। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि सचिन कुंडू एक सम्मानित सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्ति हैं, जो कि पानीपत ग्रामीण विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं और हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके है। यदि ऐसे व्यक्ति भी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा? सांसद



दीपेंद्र ने स्पष्ट कहा कि सचिन कुंडू और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना एसपी पानीपत, डीजीपी हरियाणा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सीधी जिम्मेदारी है। दीपेंद्र हुड्डा ने सरकार व पुलिस प्रशासन से मांग की कि इस मामले में तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाए, दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की सुरक्षा का मामला नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा की बिगड़ती कानून व्यवस्था का गंभीर संकेत है। दीपेंद्र हुड्डा ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। गैंगस्टर अब सिर्फ जेलों से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी धमकी भरी कॉल कर रहे हैं।
इस अवसर पर रमेश मलिक, सचिन कुंडू, दिव्यांशु बुद्धिराजा, बिजेंद्र सिंह कादियान, बलबीर बाल्मीकि, सरदार बलजीत सिंह, कंवर सिंह छौक्कर, धर्मवीर मलिक, खुशीराम जागलान, दीपक खटकड़, सतपाल रोड, अनिल मलिक पार्षद प्रतिनिधि, सुभाष भठला, मदन लाल मजोका, सुभाष गिल, शशि लूथरा, नीरजा बाहरी, सतपाल बाल्मीकि, डॉ जगबीर पार्षद, नारायण दत्त शर्मा, प्रेम भंडारी, अजमेर दहिया, प्रियांश मलिक, मनीष कुटानी, रूबल संधू व बलवान शेरा आदि मौजूद रहे।

**उठाए सवाल**
विदेश से आई धमकी भरी कॉल और 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले को प्रमुखता से उठाया

### माधोगढ़ गौशाला में टीन शैड का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा उर्फ राजू ने माधोगढ़ स्थित गौशाला में टीन शैड का नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन किया। यह टीन शैड जिला परिषद के सहयोग से बनाया गया है। कार्यक्रम में जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सच्चे मन से की गई गौ सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती।

# इंद्री अनाज मंडी में गंदगी का अंबार, किसानों में रोष

**सिरसा (शुभम.खटक)**
हरियाणा सरकार द्वारा 2011 बैच के डीएसपी आदर्शदीप सिंह को पुनर्नियोजन (रिडेजिग्नेशन) करते हुए एएसपी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं । उन्होंने कहा कि कंधों पर स्टार बढ़ने के साथ ही जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं, इसलिए और अधिक मेहनत, समर्पण एवं लगन से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर समाज सेवा का अनूठा उदहारण प्रस्तुत करें । एसपी दीपक सहारन ने कहा कि पुलिस सेवा समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण



माध्यम है। ऐसे में सेवा, सुरक्षा और सहयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करना चाहिए, ताकि आमजन में पुलिस की सकारात्मक छवि स्थापित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जहां भी उनकी ड्यूटी लगे, वहां के लोगों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित कर उनका विश्वास जीतना चाहिए और बेहतर कार्यशैली से अपनी पहचान बनानी चाहिए। एएसपी आदर्शदीप सिंह ने इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया तथा मिठाई बांटकर बधाई स्वीकार की । उल्लेखनीय है कि डीएसपी पद पर रहते हुए उन्होंने पंचकुला, यमुनानगर, अंबाला, सोनीपत, जींद और फरीदाबाद में अपनी सेवाएं दी हैं। पिछले लगभग दो वर्षों से सिरसा में तैनात रहते हुए उन्होंने कई सराहनीय कार्य कर विभाग में अपनी अलग पहचान बनाई है ।

# दहेज प्रथा पर अंकुश के लिए युवाओं को करें जागरूक: एडीसी अर्पित

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
**दहेज** प्रथा पर रोक और दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी आदर्शदीप सिंह भी मौजूद रहे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला अधिकारियों के साथ चर्चा कर दहेज प्रथा के खिलाफ सख्त कदम उठाने और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।
अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने कहा कि दहेज जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय



भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों, कस्बों और शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लोगों को दहेज प्रथा के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। खासतौर पर युवाओं को इस अभियान से जोड? पर जोर दिया जाएगा, ताकि वे आगे आकर इस कुप्रथा के खिलाफ आवाज उठा सकें।
उन्होंने निर्देश दिए कि उपमंडल स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं, जिनमें अभियान की प्रगति का आकलन किया जाए। साथ ही, सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर इस अभियान को प्रभावी बनाया जाए।

# पंजाब की महिला को बहला-फुसलाकर काम दिलाने के बहाने होटल में दुष्कर्म

**सिरसा (शुभम.खटक)**
महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराधों पर सख्त कार्रवाई करते हुए डिंग थाना पुलिस ने एक गंभीर दुष्कर्म मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस मामले में पंजाब की एक महिला को बहला-फुसलाकर काम दिलाने के बहाने सिरसा के नजदीक एक निजी होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद डिंग थाना की महिला अनुसंधानकर्ता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की। डिंग थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल 2026 को पीड़िता की बहन की ननद रीना और एक युवक ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर होटल में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती



शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर उसका मुंह बांधकर जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की शिकायत पंजाब के फरीदकोट थाना में दर्ज कर आगामी कार्रवाई के लिए डिंग थाना भेजी गई थी। पीड़िता को महिला अधिवक्ता के सामने पेश कर ब्यान दर्ज करवाया गया और मेडिकल जांच करवाई गई। ब्यान और मेडिकल रिपोर्ट की पुष्टि के आधार पर पुलिस ने आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ मणी (पुत्र ज्ञान सिंह, निवासी गांव संघा, जिला मानसा, पंजाब) और महिला आरोपी रीना कौर उर्फ पिंकी (पत्नी सुखपाल सिंह, निवासी मोहला, जिला मुक्तसर, पंजाब) को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध करने को किसी भी हालात में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# शिक्षा केवल डिग्री नहीं, व्यक्तित्व निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम : डॉ. चौहान

**प्रतिभा**

**निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार शर्मा**

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की होती है। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और आत्मनिर्भरता को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, ताकि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान आज संस्थान के सभागार में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोंदर की छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। विद्यालय की नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा की छात्राएं आज हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी में एक्सपोजर विजिट पर आई थी ।

डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज को नई दिशा देने का सबसे सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और यदि वे आत्मविश्वास, अनुशासन और मेहनत को अपना लक्ष्य बना लें तो देश और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को जीवन में बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।डॉ. चौहान ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने वाले डा. कलाम ने यह सिद्ध किया कि संघर्ष और मेहनत से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने अंदर वैज्ञानिक सोच, अनुशासन और देशभक्ति की भावना विकसित करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति, सभ्यता और पहचान की आत्मा होती है। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि भारतीय संस्कारों और भावनाओं को जोडने.वाली भाषा है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए और दैनिक जीवन में हिंदी को अधिक से अधिक अपनाकर आने वाली पीढि ?ों को भी अपनी संस्कृति से जोडकर रखना चाहिए।

डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने छात्राओं से उनकी समस्याओं और विद्यालयों में आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढने और शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के सहायक आचार्य सुशील मेहता, संदीप कुमार, कमलदीप सांगवान, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान से वरिष्ठ सलाहकार गुरविंदर सिंह, स्टेट पंचायत रिसोर्स सेंटर से नीलम छिकारा सहित शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ अपना रही भेदभाव की नीतिः पिरथी राम

**धरना-प्रदर्शन**

**नगरपालिका के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।**



**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** आज यहां छठे दिन भी नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा, सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगरपालिका चीका के कर्मचारियों ने हड़ताल करके नगरपालिका के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता ब्लाक प्रधान पिरथी राम ने की व संचालन ब्लॉक सहसचिव सागर कुमार ने किया। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए यूनियन ब्लाक प्रधान पिरथी राम कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नवम्बर 2024 को जींद में महर्षि वाल्मीकि के प्रगट दिवस पर प्रदेश के मुख्यमन्त्री नायब सैनी व केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा खुले मंच से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 26 हजार रुपए और शहरी सफाई कर्मचारी को 27 हजार रुपए वेतन देने की घोषणा की गई थी, परन्तु आज तक कर्मचारियों के वेतन मे बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी 2023 में सरकार ने अनंदोलन के दवाब मे पे रोल के कर्मचारियों को पक्का करने का पत्र जारी किया था और वायदा किया था कि एक कमेटी गठित कर कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा, परन्तु भाजपा सरकार ने उसे आज तक पूर्ण रूप से लागू नही होने दिया और अपने 11 साल के कार्यकाल मे आज तक एक भी सफाई सीवर के कर्मचारी पक्का नहीं किया। उन्होंने कहा कि सफाई व फायर के कर्मचारी हड़ताल पर हैं और यदि समय रहते सरकार इनकी मांगे मान जाती और अग्निशमन विभाग के मृतक कर्मचारियों को शहीद का दर्जा और 1 करोड़ रुपए की मदद, सरकारी नौकरी व अन्य मांगो को मान लेती, तो हड़ताल की नौबत ही नहीं आती। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार समय रहते नहीं जागती, तो सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, नई रणनीति बनाकर नगरपालिका व फायर कर्मचारियों के हड़ताल के समर्थन में उतरेगा।

# गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सी.से. स्कूल में रोल प्ले तथा फोक डांस प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** आज यहां गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका में रोल प्ले तथा फोक डांस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सुश्री इंद्रजीत कौर के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रतियोगिता में गुहला ब्लॉक के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से कक्षा 8वीं और 9 वीं की छात्राओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उनमें कला और संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करना था। फोक डांस प्रतियोगिता में छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उनके रंग-बिरंगे परिधान, तालमेल और उत्साह ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल टटियाना द्वितीय स्थान पर रहा। तृतीय स्थान गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार रोल प्ले प्रतियोगिता में छात्राओं ने सामाजिक और शैक्षिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। उनकी अभिव्यक्ति, अभिनय कौशल और संदेश ने सभी को प्रभावित किया। इस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका को द्वितीय स्थान मिला, जबकि गवर्नमेंट मिडिल स्कूल डेरा प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल मेधाव्रत ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# सुल्तानिया में एक सड़क दुर्घटना एक स्कूली छात्र की मौत

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** आज यहां उपमंडल के गांव सुल्तानिया के पास एक कार व बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक स्कूली छात्र गुरी की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक नजदीकी गांव अगौंध के एक स्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र था और स्कूल की सारी छुट्टी होने के बाद वह बाइक से अपने घर डेरा बाजीगर सुल्तानिया जा रहा था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जब उसने उसके आगे चल रहे एक अन्य बाइक को क्रास करने का प्रयास किया, तो सामने से आ रही एक कार से वह भिड़ गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक के परखचे उड़ गए और कार भी काफी क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था। कार चालक को भी काफी चोटें आई हैं और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में दंत जांच शिविर आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, 6 मई (कुलदीप सैनी) :** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में दंत जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक समिति की महानिदेशक रंजना गोयल ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने बताया कि शिविर में स्माइल सोलुशन, लाडवा की ओर से डॉ. गौरी खुराना ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच की और जिन बच्चों में समस्या पाई गई, उनका उपचार भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. गौरी खुराना ने विद्यार्थियों को दांतों की स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग हैं और उनकी नियमित देखभाल बेहद जरूरी है।

उन्होंने बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने, खाने के बाद कुल्ला करने तथा सप्ताह में दो बार गुनगुने पानी से कुल्ला करने की सलाह दी। प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है और समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### सरकार कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा करने की अपेक्षा बातचीत के माध्यम से मांगों को करे पूराः अमर सिंह

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा प्रस्तावित हड़ताल के आज 29वें दिन भी हड़ताल जारी रही और कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आज अग्निशमन यूनियन ब्लाक प्रधान अमर सिंह ने धरने की अध्यक्षता की व मंच का संचालन फायरमैन गुरदीप ने किया। इस अवसर पर अमर सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल को लगभग एक महीना पूरा होने को है, लेकिन हरियाणा सरकार अभी तक कर्मचारियों की जायज मांगों को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आंदोलन को ओर तेज करेंगे, जिसके चलते अब हड़ताल 10 मई तक बड़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि जब तक अग्निशमन कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने मांग की कि प्रदेश सरकार द्वारा बातचीत के माध्यम से कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान कर हड़ताल को समाप्त करवाया जाए। इस अवसर पर जगबीर मान, गुरदीप राम, विजय सिंह, पिरथी राम व धन्नाराम आदि कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### गुहला व कैथल में 9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कंवल कुमार ने बताया कि आगामी 9 मई को गुहला एवं कैथल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं और कुल 6 बेंचों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि बेंच एक में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. नंदिता कौशिक, बेंच दो में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अपर्णा भारद्वाज, बेंच तीन में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी संदीप कौर, बेंच चार में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तुषार शर्मा, बेंच पांच में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) साक्षी मंगी तथा बेंच छह (गुहला) में अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) राजविंदर सिंह मामलों की सुनवाई करेंगे। सीजेएम कंवल कुमार ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से दीवानी मामले, शमनीय आपराधिक मामले, चेक बाउंस (एनआई एक्ट), मोटर दुर्घटना दावा (एमवी एक्ट) तथा बिजली अधिनियम से संबंधित अनट्रेस्ड अथवा कैंसिलेशन रिपोर्ट वाले मामले शामिल हैं। उन्होंने सभी संबंधित न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों को 7 मई 2026 तक संबंधित बेंचों को भेजना सुनिश्चित करें। प्रत्येक बेंच के संचालन के लिए आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति संबंधित पीठासीन अधिकारी द्वारा की जाएगी।

### अंडे की दुकान से अवैध शराब बरामद, केस दर्ज

**रादौर, 6 मई (कुलदीप सैनी) :** गुप्त सूचना के आधार पर जठलाना थाना पुलिस ने गांव पोटली में अंडे की दुकान चलाने वाले एक युवक को अवैध शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी साहिल निवासी धनौरा जागीर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एएसआई राहुल कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि उक्त युवक दुकान पर अवैध शराब बेच रहा है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गांव की फिरनी पर स्थित दुकान की जांच की। तलाशी के दौरान वहां से 11 बोतल देशी अवैध शराब बरामद हुई।

# श्यामा पब्लिक स्कूल में संवाद कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने सीखे पत्रकारिता के गुर



**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, 6 मई (कुलदीप सैनी) :** श्यामा पब्लिक स्कूल में एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के वरिष्ठ पत्रकारों ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों ने बच्चों को पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न रखे, जिनका पत्रकारों ने सरल और प्रभावी ढंग से उत्तर दिया। इससे विद्यार्थियों को पत्रकारिता के क्षेत्र की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई और उन्हें समाज की वास्तविकताओं को समझने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा मिली।

विद्यालय की प्रधानाचार्य मनीषा सासन ने इस कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुशासन की पहचानः डॉ. वैशाली

**निर्देश**

**पोर्टल पर लंबित शिकायतों में से 50 प्रतिशत का निपटान कल दोपहर तक करें सुनिश्चित**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार शर्मा**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने विभिन्न जन शिकायत निवारण पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सी.एम. विंडो, जन संवाद, सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर (एस.एम.जी.टी.), समाचार पत्रों, सीपी ग्राम तथा समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त दलजीत सिंह, उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा, अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार तथा सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पोर्टलों पर दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्तमान में पोर्टलों पर लंबित शिकायतों में से कम से कम 50 प्रतिशत का निपटान कल दोपहर तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक शिकायत की एक्शन टेकन रिपोर्ट समय पर संबंधित पोर्टल पर अपलोड कर उसे क्लोज करवाना भी सुनिश्चित किया जाए।

एन्फोर्समेंट विंग का होगा गठन- बैठक के दौरान उन्होंने शिकायतों के शीघ्र निपटान के लिए नगर निगम में एक विशेष एन्फोर्समेंट विंग गठित करने के निर्देश दिए। इस विंग में भवन शाखा, अभियंता शाखा, सफाई शाखा एवं भूमि शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विंग के सुचारु संचालन के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया जाएगा, जिससे समन्वय स्थापित कर तेज गति से कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

निगमायुक्त ने भवन एवं भूमि शाखा के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कार्यकारी अभियंताओं एवं मुख्य सफाई निरीक्षक को भी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में सक्रिय रहकर समस्याओं का समाधान करें तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध निपटान ही सुशासन की पहचान है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है और इसके लिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।

# गुहला में टूटी सड़कों को लेकर 11 मई को उपायुक्त से मिलेगा एक प्रतिनिधिमंडल



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** आज यहां सड़क सुरक्षा मंच की एक अहं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के वरिष्ठ सदस्य होशियार ड्ढ्ढसह राणा ने की। उक्त जानकारी देते हुए मंच के एक वरिष्ठ सदस्य डाक्टर साहब ड्ढ्ढसह संधू ने बताया कि बैठक में गुहला में लम्बे समय से टूटी सड़कों व नई बन रही सड़कों के गुणवत्ता की कसौटी पर खरा न उतरने को लेकर चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने बताया कि सड़कों को लेकर मंच की तरफ से कई बार धरने व प्रदर्शन भी किए जा चुके हैं परंतु सरकार व प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे हलके के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि टूटी सड़कों की आवाज को उठाने के लिए लोग एक बार फिर सड़क सुरक्षा मंच की तरफ देख रहे हैं, जिसके चलते ही आज बैठक बुलाई गई थी, ताकि रणनीति तैयार की जा सके। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि कोई भी ठोस कदम उठाने से पूर्व एक बार उपायुक्त कैथल से मिला जाए और यहां सड़कों की स्थिति बारे उन्हें अवगत करवाया जाए और उसके बाद किसी प्रकार के संघर्ष की जरूरत पड़ी, तो गुहला की जनता को साथ लेकर संघर्ष शुरू किया जाए। डा. संधू ने बताया कि 11 मई को सड़क सुरक्षा मंच का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कैथल से मिलेगा और उन्हें सड़कों की ताजा स्थिति बताते हुए सांकेतिक रूप से किसी भी प्रकार के संघर्ष शुरू करने की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गुहला में सड़कों को लेकर स्थानीय प्रशासन व सम्बन्धित अधिकारी किस तरह से लापरवाह बने हुए हैं, इसका प्रमाण इसी बात से मिल जाता है कि गुहला में 2023 में भयंकर बाढ़ आई थी और अधिकतर सड़कें पानी में बह गई थी या फिर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी परंतु लापरवाह अधिकारियों ने अभी तक भी कई सड़कें बनाई ही नहीं। उन्होंने बताया कि गुहला में सड़कों की हालत इतनी खस्ता है कि जो सड़कें नई बनाई जा रही हैं, वे कुछ ही दिनों बाद टूट रही हैं। उन्होंने बताया कि जिन सड़कों की मरम्मत की जा रही है, उनकी हालत भी ऐसी है कि एक-दो दिन बाद ही टूटना शुरू हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी तानाशाह बन गए हैं और जनता की आवाज वे सुनने तक तैयार नहीं हैं, जिसके चलते गुस्साई जनता कभी भी सड़कों पर आ सकती है। इस अवसर पर नरेश ढांडे, गुलजार नम्बरदार, कौशल अग्रवाल, हरवीर उरलाना, गुरबचन हरिगढ़, राजपाल राणा, जरनैल जैली, विक्रम नम्बरदार व संदीप मुल्तानी आदि मौजूद रहे।

# चाबा में पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, 32 टीमें ले रहीं भाग



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** गुहला उपमंडल के गांव चाबा में सरदार हरी सिंह नलवा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा पांच दिवसीय एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरमेल सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा गुरमेल सिंह द्वारा अरदास के साथ की गई, जिसके पश्चात उन्होंने टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर कल्ब के प्रधान नवजोत ड्ढ्ढसह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले तीन वर्षों से गांव चाबा में लगातार इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिससे युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इस बार टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं, जो क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंची हैं। टूर्नामेंट के दौरान खेल भावना, अनुशासन और भाईचारे का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों में इस आयोजन को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को जारी रखा जाएगा, ताकि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित किया जा सके।

# विधानसभा चुनाव नतीजों से निकले संकेत

## संपादकीय

## बंगाल चुनाव परिणाम - स्वर्णिम भविष्य का संकेत

बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम अभूतपूर्व हैं, अभिभूत करने वाले हैं। भाजपा की लम्बी अनथक साधना, कार्यकताओं का कठोर श्रम, कुशल रणनीति, बंगाल के मतदाताओं का किसी भी प्रकार के भय से उबर कर मतदान करना जैसे कारकों ने मिलकर लंबी प्रतीक्षा के बाद भाजपा (भारतीय जनसंघ) के संस्थापकों में से एक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्मस्थली बंगाल में कमल खिला दिया है। आज बंगाल के धर्मयोद्धा अभय होकर जयश्रीराम, वंदेमातरम और भारत माता की जय का उद्घोष कर रहे हैं। बंगाल की जनता तृणमूल सरकार की अराजकता, कटमनी, मुस्लिम तुष्टिकरण और बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिग्याओं से तंग आ चुकी थी। महिला सुरक्षा उपहास बन चुकी थी स्वयं मुख्यमंत्री बेटियों को शाम के बाद घर से बाहर न निकलने को कहती थीं, सरकार ने आर जी कार की वीभत्स घटना में अपराधियों को संरक्षण दिया था उससे टूट कर बंगाल का हिंदू जनमानस करो या मरो की स्थिति में पहुंचकर एकजुट हुआ और 93 प्रतिशत मतदान करके 20 हजार करोड़ से अधिक घोटालों वाली निर्मम ममता सरकार को उखाड़ फेंका। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर भाजपा का सूर्योदय भारत की राजनीति में व्यापक बदलाव लाने वाला है। बंगाल की जनता ने घुसपैठ, तुष्टिकरण और हिंसा की राजनीति को नकार कर विकास, सुरक्षा और सुशासन का मार्ग चुना है। बंगाल की असुरक्षित नारी शक्ति, रोजगार के लिए बार -बार पलायन करते युवा, डर-डर कर जीते बुजुर्ग और घुसपैठियों द्वारा अपनी माँ- माटी और धर्म को अपमानित होते देखने वाले मध्यमवर्गीय सभी ने भाजपा पर विश्वास जताया है। बंगाल में लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बने रहने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अथक प्रयास किए। बाहरी बनाम भीतरी और बंगाली अस्मिता के साथ ही मछली, मांस और क्षेत्रीय गौरव के भावनात्मक मुद्दों को हवा दी। चुनाव आयोग के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। एसआईआर से लेकर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती तक का तीखा विरोध किया। मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण जैसी फर्जी और अवैध मतदाताओं के नाम हटाए जाने की प्रक्रिया को रुकवाने का भरपूर प्रयास किया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बहस के लिए स्वयं सुप्रीम कोर्ट पहुँच गयीं। एसआईआर रुकवाने व अन्य मुद्दों पर चुनाव आयोग के खिलाफ कुल मिलाकर 80 याचिकाएं दायर कर इतिहास रच दिया। किंतु इनमें से कोई भी मुद्दा इस बार जनता को बहका नहीं सका क्योंकि ये मुद्दे जनता के थे ही नहीं। जनता के अपने मुद्दे थे झ्र सुरक्षा, भ्रष्टाचार से मुक्ति, शांति, रोजगार, घुसपैठियों से मुक्ति, अपने त्यौहार मनाने का अधिकार जिसके लिए उसने प्राणों की बाजी लगाकर भी भाजपा को वोट दिया है। बंगाल में भाजपा की विजय को महिलाओं की मौन क्रांति भी कहा जा सकता है क्योंकि दो चरणों में संपन्न हुए मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों पर पुरुषों की तुलना में महिलाओ की कतारें अधिक लम्बी थीं जो संकेत दे रही थी।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


-डॉ. ओपी त्रिपाठी

> जहां ममता,स्टालिन व विजयन सत्ता से बाहर हो गए हैं, वहीं शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, नवीन पटनायक का प्रभाव भी फीका हुआ है। वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश का 72 फीसदी भूभाग व 78 फीसदी आबादी भाजपा शासित है। अनुमान है कि अब भाजपा ह्यएक देश, एक चुनावह्ल के मुद्दे पर मुखर हो सकती है। कयास बंगाल को लेकर भी हैं कि वहां आंदोलनों के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी को सत्ता की बागडोर सौंपी जाएगी, या भाजपा कोई चौंकाने वाली पहल करती है

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के नतीजों में से दो नतीजे बड़े बदलाव के बारे में बताते हैं। एक नतीजा निश्चित तौर पर पश्चिम बंगाल का है, जहां भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली है दूसरा बड़ा बदलाव तमिलनाडु में देखने को मिला है, जहां महज दो साल पहले गठित राजनीतिक पार्टी ने चुनावी जीत दर्ज की है और विजय हीरो के रूप में उभरे है। बंगाल में 1977 में कांग्रेस का दुर्ग ढहा था। वाममोर्चे की पहली सरकार बनी थी। 2011 में 34 साल लंबी सत्ता को, ह्यलाल किलेह्ल को, ममता बनर्जी ने ध्वस्त किया और एक नए राजनीतिक दौर की शुरूआत हुई। ममता की 15 साल पुरानी सत्ता इस बार ढह गई और भाजपा ह्यपरिवर्तन की प्रतीकह्ल बनकर उभरी है। भाजपा ऐसे राज्य में सत्तारूढ़ हो रही है, जहां वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ह्यजनसंघह्ल के दिनों से प्रयास कर रही थी। बंगाल ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी नीतियों तथा सूक्ष्म,माइक्रो स्तर पर काडर की रणनीति को जनादेश दे ही दिया। मतगणना के अंतिम आंकड़ों से साफ है कि पश्चिम बंगाल में जनादेश कितना ऐतिहासिक और प्रचंड है। बंगाल के अलावा, असम में भी भाजपा की सत्ता बरकरार रही है, क्योंकि लगातार तीसरी बार उसे जनादेश हासिल हो रहा है। तमिलनाडु ने चौंकाया है। वहां सत्तारूढ़ रही द्रमुक के खिलाफ जनादेश दिया गया है और सुपरस्टार विजय की नवजात पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। दूसरे स्थान पर सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके रही। वहीं अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन तीसरे स्थान पर रहा। तमिलनाडु की राजनीति में सबसे बड़ा उलटफेर वर्तमान मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का हार जाना रहा। जाहिर है, उदयनिधि के सनातन धर्म पर दिये गये विवादित बयानों ने राजनीतिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दिया। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की तरह तमिलनाडु में भी विश्वविद्यालयों से जुड़े दुष्कर्म के मामलों ने सुर्खियां बटोरीं। तमिलनाडु में दो ध्रुवीय द्रविड़ राजनीति सत्ता से बाहर हुई है। छह दशक बाद राज्य में गैर द्रविड़ियन सरकार बनने जा रही है। हालांकि, अभी सत्ता में आने के



लिए टीवीके को गठबंधन का सहारा लेना होगा। इस चुनावी नतीजे के साथ ही डीएमके के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है, मुख्य रूप से विजय की पार्टी टीवीके के उभार के कारण। यह स्थिति 1996 के विपरीत है, जब डीएमके को 173 सीटों के साथ भारी जीत मिली थी। डीएमके की उस जीत में रजनीकांत का समर्थन महत्वपूर्ण था। लेकिन आज परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। चार मई का जनादेश तमिलनाडु के 39 सांसदों के लिए भी एक जनमत संग्रह जैसा है-क्या उन्होंने आठ करोड़ तमिलों के विकास के लिए पर्याप्त काम किया? केरलम में वाम मोर्चे की लगातार 10 साल की सत्ता के बाद इस बार जनता ने उसे भी बदल दिया है और कांग्रेस नेतृत्व के यूडीएफ को जनादेश दिया है। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम वाम दलों के लिये दुःस्वप्न ही साबित हुए हैं, केरलम में उनका आखिरी गढ़ भी हाथ से निकल गया है। हालांकि, केरलम में भाजपा ने तीन व तमिलनाडु में एक सीट जीतकर हिंदी बेल्ट की पार्टी के ठप्पे से मुक्त होने का प्रयास किया है। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी का नतीजा अपेक्षा के अनुरूप ही रहा। वहां एनडीए ने अच्छा प्रदर्शन किया और भाजपा तथा एनआर कांग्रेस के गठबंधन को जनता का समर्थन मिला। पिछले पांच वर्षों के कामकाज के आधार पर मतदाताओं ने एनडीए को जनादेश दिया। इसके अलावा, पुडुचेरी में अमित शाह के लगातार दौरे ने भी एनडीए के पक्ष में माहौल बनाया।

देश में सबसे ज्यादा चर्चा पश्चिम बंगाल के नतीजों की है। मोदी-शाह की आक्रामक रणनीति के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता स्तर पर गहन अभियान चले। फिलहाल, गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा का शासन हो गया है। गंगा के प्रवाह के साथ बहने वाले झारखंड को छोड़ दें तो बाकी राज्य भगवामय हैं। जहां बंगाल में पहली बार कमल खिला है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 मई को नई दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय से कार्यकताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सफलता को ह्यपरफॉर्मेंस की राजनीतिह्ल की जीत बताते हुए कहा कि आज बंगाल के भाग्य में एक नया और भयमुक्त अध्याय जुड़ गया है। इन विधानसभा चुनाव परिणामों का निष्कर्ष यह भी है कि अब क्षेत्रीय क्षत्रपों की मुखर आवाज कुंद हो गई है। जहां ममता,स्टालिन व विजयन सत्ता से बाहर हो गए हैं, वहीं शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, नवीन पटनायक का प्रभाव भी फीका हुआ है। वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश का 72 फीसदी भूभाग व 78 फीसदी आबादी भाजपा शासित है। अनुमान है कि अब भाजपा ह्यएक देश, एक चुनावह्ल के मुद्दे पर मुखर हो सकती है। कयास बंगाल को लेकर भी हैं कि वहां आंदोलनों के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी को सत्ता की बागडोर सौंपी जाएगी, या भाजपा कोई चौंकाने वाली पहल करती है। बहरहाल, पहले से ही कमजोर विपक्ष को यह परिणाम बड़ा झटका है। कांग्रेस व वाम दलों से किनारा करके चलने की ममता की महत्वाकांक्षी कोशिश का लाभ भाजपा को मिला है। हां, इतना जरूर है कि दक्षिण भारत में पकड़ बनाने के लिये भाजपा को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस बार उसे केरल की तीन व तमिलनाडु की एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं केरलम में वाम मोर्चे के अंतिम किले का ध्वस्त होना और लगातार टकराव के मूड में रहने वाले स्टालिन की विदाई उसका उत्साह बढ़ाने वाले हैं। बहरहाल- ममता, विजयन और स्टालिन की हार से संकेत मिलता है कि कांग्रेस विपक्ष के कमजोर ह्यइंडियाह्ल गठबंधन का नेतृत्व करती रहेगी। लेकिन भाजपा को आने वाले समय में पंजाब में कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा, जहां आम आदमी पार्टी व कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत करने के प्रयासों में लगे हैं। बहरहाल,विगत में राजनीतिक हिंसा का इतिहास रखने वाले पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान उपजी कटुता को नियंत्रित करने के प्रयास बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के करने होंगे। निस्संदेह, लोकतंत्र में हिंसा की कोई भूमिका नहीं स्वीकारी जानी चाहिए। विश्वास करें कि नयी सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। ममता बनर्जी के लिए यह बहुत बड़ी हार है। अगर वह चौथी बार चुनाव जीततीं, तो प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार होतीं। लेकिन भ्रष्टाचार और आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले ने उनकी छवि कमजोर की। हिंदी भाषी न होने के कारण ममता बनर्जी के लिए आने वाले समय बेहद चुनौती भरे हैं।

अपनी हार के लिए वह चुनाव आयोग और एसआइआर को जिम्मेदार ठहरा सकती हैं, पर ऐसे में, कामकाज की उनकी शैली और भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठेंगे। यह याद रखना चाहिए कि पहले वह एनडीए में थीं और वाजपेयी सरकार में रेल मंत्री रह चुकी थीं। हालांकि यह मानना कठिन है कि वह फिर से एनडीए के साथ अपने रिश्ते सुधारेंगी। बंगाल में हार के साथ ही 2029 के लोकसभा चुनाव में उनकी लड़ाई कठिन हो गयी है।

## सेकुलरिज्म का भारतीय चेहरा अब मुस्लिम पॉकेट्स तक सिमट गया

**अजय कुमार**

**पश्चिम** बंगाल और असम के ताजा विधानसभा चुनावी नतीजों ने भारतीय राजनीति की उस गहरी सच्चाई को उजागर कर दिया है जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा था। जहां एक तरफ हिमंता बिस्वा सरमा असम में ह्यमियांह्ल शब्द का इस्तेमाल कर विपक्ष की वोटबैंक राजनीति को निशाने पर ले रहे थे, वहीं शुभेंदु अधिकारी बंगाल में ह्यजय सनातनह्ल का नारा लगाकर हिंदू बहुल इलाकों में भावनाओं को छू रहे थे। यह सिर्फ शब्दों का खेल नहीं था। नतीजे बताते हैं कि ह्यसेकुलरिज्मह्ल का झंडा उठाने वाली पार्टियां अब खास समुदाय के मुट्ठी भर इलाकों तक सिकुड़ गई हैं। कांग्रेस असम में और तृणमूल कांग्रेस बंगाल में मुस्लिम बहुल पॉकेट्स की कैद में फंस गई हैं।असम की 126 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस महज 19 सीटें जीत सकी। इनमें से 18 विधायक मुस्लिम समुदाय से हैं। यानी गैर-मुस्लिम वोटरों ने कांग्रेस को लगभग पूरी तरह नकार दिया। गौरव गोगोई जैसी युवा चेहरों की हार इस बात का प्रमाण है कि पार्टी का आधार अब केवल एक खास वोटबैंक तक रह गया है। बदरुद्दीन अजमल की एआईयूडीएफ को सिर्फ दो सीटों पर संतोष करना पड़ा, जबकि कांग्रेस के मुस्लिम उम्मीदवारों ने टैक्टिकल वोटिंग के जरिए फायदा उठाया। मुस्लिम मतदाताओं ने अजमल को छोड़कर कांग्रेस को बीजेपी के खिलाफ मजबूत विकल्प माना, लेकिन इस प्रक्रिया में कांग्रेस ने अपना पुराना हिंदू और असमिया आधार लगभग गंवा दिया। असम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पार्टी छोड़ते वक्त जो आरोप लगाए थे, वे अब नतीजों में साफ दिख रहे हैं। बोरा ने कहा था कि पार्टी मूल निवासियों की भावनाओं को नजरअंदाज कर एक खास वोटबैंक को खुश करने में लगी है। नतीजे इस फ्रस्ट्रेशन की पुष्टि करते हैं। असम में आइडेंटिटी पॉलिटिक्स हमेशा से चरम पर रही है। बंगाल की तरह यहां भी ह्यसर्वधर्म समभावह्ल का नारा अब ह्यतुष्टिकरणह्ल के रूप में देखा जा रहा है। हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार ने डेलिमिटेशन के जरिए मुस्लिम बहुल सीटों की संख्या घटाई, जिससे स्वदेशी समुदायों का वजन बढ़ा। नतीजा यह कि 103 सीटों पर अब मूल निवासी निर्णायक बन गए। बंगाल की तस्वीर और भी चौंकाने वाली है।

ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस लंबे समय से 27 से 30 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं को अपना सबसे मजबूत सहारा मानती रही। इस बार पार्टी ने 47 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे और 32 ने जीत हासिल की। यह स्ट्राइक रेट शानदार लगता है, लेकिन हकीकत यह है कि ये 32 विधायक टीएमसी के कुल विधायकों में करीब 40 फीसदी हिस्सा बनाते हैं।

## विचार

## जितनी बड़ी जीत भरोसे पर खरा उतरने की उतनी बड़ी चुनौती!

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के साथ ही नौ मई को भाजपा सरकार की ताजपोशी की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस चुनाव ने राज्य को राजनीति में एक नया इतिहास रच दिया है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। राज्य में यह सत्ता बदलने का संकेत नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति में एक बड़े वैचारिक और सामाजिक बदलाव की आहट भी हैं।जितना बडलंबे समय तक ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को बंगाल की राजनीति का सबसे मजबूत केंद्र माना जाता था। 2011 में वाम शासन को समाप्त कर सत्ता में आई ममता बनर्जी ने बंगाल की राजनीति को अपनी शैली, अपनी भाषा और अपने संगठन के बल पर चलाया। लेकिन इस बार के नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि कोई भी राजनीतिक किला स्थायी नहीं होता। मतदाता जब बदलाव का मन बना लेता है, तो सबसे मजबूत शासन भी कमजोर पड़ सकता है। मतगणना के बाद अनुसार भाजपा ने 206 सीटों पर जीत हासिल की है, जबकि तृणमूल कांग्रेस काफी पीछे रह कर सिर्फ 81 सीट पर जीत हासिल कर सकी है। बंगाल का राजनीतिक इतिहास संघर्ष, विचारधारा और जनभावना से भरा रहा है। कभी वामपंथी राजनीति का मजबूत किला रहे इस राज्य में बाद के वर्षों में तृणमूल कांग्रेस ने अपनी मजबूत पकड़ बनाई। ममता बनर्जी ने लंबे समय तक खुद को बंगाल की जनता की आवाज के रूप में प्रस्तुत किया। लेकिन लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि जनता समय-समय पर सत्ता को परखती है और आवश्यकता पड़ने पर बदलाव का निर्णय भी करती है। इस चुनाव में सामने आए रुझान बताते हैं कि जनता ने विकास, रोजगार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही के मुद्दों पर गंभीरता से मतदान किया है। भारतीय जनता पार्टी के लिए यह परिणाम अभूतपूर्व है, क्योंकि जिस राज्य में कभी पार्टी की उपस्थिति सीमित मानी जाती थी, वहां बहुमत की दहलीज तक पहुंचना संगठनात्मक विस्तार, बूथ स्तर की तैयारी और राजनीतिक रणनीति की सफलता को दशार्ता है। भाजपा ने पिछले वर्षों में बंगाल के ग्रामीण इलाकों, सीमावर्ती क्षेत्रों, चाय बागान क्षेत्रों, मतुआ समाज, आदिवासी इलाकों और शहरी मतदाताओं के बीच अपनी पैठ मजबूत करने की कोशिश की। इस चुनाव में उस मेहनत का असर रुझानों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। तृणमूल कांग्रेस के लिए यह परिणाम आत्ममंथन का विषय है। हकिकत यह कि किसी भी राजनीतिक दल के लिए लंबे समय तक सत्ता में बने रहना एक बड़ी चुनौती होता है। समय के साथ सत्ता के प्रति जनता की अपेक्षाएं बढ़?ती हैं। यदि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, महिला सुरक्षा और प्रशासनिक निष्पक्षता जैसे मुद्दों पर लोगों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते, तो असंतोष धीरे-धीरे जनादेश में बदल जाता है। बंगाल में भी एंटी-इंकंवेंसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई प्रतीत होती है। तृणमूल के कई मजबूत नेताओं की हार या पिछड़ना इस बात का संकेत है कि जनता ने केवल पार्टी के नाम पर नहीं, बल्कि स्थानीय प्रदर्शन और जनसंपर्क के आधार पर भी मतदान किया है। इस बदलाव की पहली बड़ी वजह मतदाता सूची की पुनर्समीक्षा रही। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद राज्य की मतदाता सूची से करीब 91 लाख नाम हटाए गए है। मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर 24 परगना जैसे जिलों में बड़ी संख्या में नाम हटे, जिन्हें तृणमूल कांग्रेस के मजबूत इलाकों में गिना जाता रहा है। चुनाव आयोग की दृष्टि से यह प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए थी, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से इसका असर बहुत गहरा दिखाई दिया। टीएमसी का पारंपरिक सामाजिक समीकरण कमजोर पड़ा और भाजपा को इसका लाभ मिला। दूसरी अहम वजह बंगाली अस्मिता की लड़ाई रही। ममता बनर्जी लंबे समय से भाजपा को 'बाहरी' बताकर बंगाल की की संस्कृति, भाषा और खानपान से जोड़कर राजनीति करती रही हैं। लेकिन भाजपा ने इस बार इस प्रतीक को अपने खिलाफ हथियार बनने नहीं दिया। उसने यह संदेश देने की कोशिश की कि उसका हिंदुत्व बंगाल की संस्कृति से टकराता नहीं, बल्कि बंगाल की शाक्त परंपरा, मां काली की उपासना और स्थानीय जीवनशैली के साथ चल सकता है। यही वह मोड़ था जहां ममता बनर्जी का सांस्कृतिक एकाधिकार कमजोर पड़ा। तीसरी वजह पहचान और ध्रुवीकरण की राजनीति रही। बंगाल में पहले भी धार्मिक पहचान चुनावी विमर्श का हिस्सा रही है, लेकिन इस बार भाजपा ने इसे अधिक आक्रामक ढंग से उठाया।


**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आलेख

## इंडिया गठबंधन के अस्तित्व को बचाने की बड़ी चुनौती

**अजय कुमार**

भारतीय राजनीति के फलक पर 2026 के विधानसभा चुनाव नतीजों ने एक ऐसी लकीर खींच दी है, जिसने विपक्षी एकजुटता के दावों और 'इंडिया' गठबंधन के भविष्य पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं। चुनावी मैदान के जो आंकड़े सामने आए हैं, वे न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि गठबंधन के भीतर की गहरी दरारों और वैचारिक विरोधाभासों को भी पूरी तरह नग्न कर देते हैं। एक तरफ कांग्रेस केरल में यूडीएफ के जरिए सत्ता की दहलीज पर खड़ी नजर आ रही है, तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में गठबंधन के दो सबसे मजबूत स्तंभों तृणमूल कांग्रेस और डीएमके का सत्ता से बेदखल होना पूरे विपक्ष के लिए किसी वज्रपात से कम नहीं है। विडंबना देखिए कि केरल में कांग्रेस की जीत उसी वामपंथ की हार की कीमत पर मिल रही है, जो राष्ट्रीय स्तर पर उसके साथ 'इंडिया' ब्लॉक में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का दावा करता है। यह अंतर्विरोध बताता है कि गठबंधन की जमीन कितनी दरक चुकी है। ममता बनर्जी और एम.के. स्टालिन जैसे कद्दावर नेताओं की अपने-अपने राज्यों में हार ने इस धारणा को पुख्ता कर दिया है कि क्षेत्रीय दलों का अभेद्य किला अब दरक रहा है। बंगाल में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी ने अपनी जड़ें जमाई हैं और अंततः सत्ता हासिल की है, उसने न केवल राज्य की राजनीति को बदला है, बल्कि पूरे देश में विपक्ष के मनोबल को तोड़कर रख दिया है। अब सवाल सिर्फ सत्ता हासिल करने का नहीं रह गया है, बल्कि अस्तित्व को बचाने की एक बेहद कठिन लड़ाई का बन गया है। ममता बनर्जी अब भी एकजुटता का राग अलाप रही हैं, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के फोन कॉल्स का हवाला देकर यह जताने की कोशिश कर रही हैं कि गठबंधन अभी टूटा नहीं है, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ममता का यह कहना कि 'हम हारे नहीं, हमें हराया गया है' और चुनाव आयोग को खलनायक बताना, हार की हताशा को ही दशार्ता है। गठबंधन के भीतर का विरोधाभास तब और गहरा हो जाता है जब हम चुनाव प्रचार के दौरान के बयानों को याद करते हैं।

## आया मौसम चुनावी रुदालियों के रुदन का

सुधाकर आशावादी

आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा बेईमान है आज मौसम। कभी कभी बिन बादल बरसात हो जाती है, कभी तेज हवाएं चलती हैं, कभी गर्मी में सर्दी का एहसास होता है, कभी शिमला रिज पर घूमने का सा आनंद घर की छत पर मिल जाता है। सब मौसम की मेहरबानी है। वैसे यह मन का विषय है, कि मौसम अनुकूलता और प्रतिकूलता का आभास हम कैसे करते हैं। प्राकृतिक मौसम की तरह राजनीतिक मौसम भी कई बार बदलता है। हाल ही में कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए। मौसम विज्ञानियों में अपने अपने कयास लगाए, कि चुनाव परिणाम किसके स्वास्थ्य के अनुकूल मौसम का निर्माण करेंगे और किसके प्रतिकूल। चुनाव परिणाम आए और मौसम विज्ञानियों के कयासों पर पानी फेर गए। जिसे गुमान था, कि मौसम उनकी मुट्ठी से बाहर निकलने का दुस्साहस नहीं करेगा, उनके अनुकूल रहेगा, यकायक बेवफा हो गया या यूँ कहिये कि बेईमान हो गया। उसने तनिक भी नहीं सोचा, कि वह जिसके अनुकूल चल रहा था, उसके अनुकूल ही चले, मगर मौसम है, अपनी मर्जी का मालिक। बहरहाल मौसम बदल गया। मौसम को अपने अनुकूल बनाये रखने के प्रयास विफल हो गए। कुछ के लिए जहाँ मौसम हिमाचल और कश्मीर की वादियों सा सुहाना ठंडक भरा हो गया, वहीं कुछ के लिए मौसम रुदन का कारण बन गया। रुदालियाँ सड़कों पर उत्तर आई। वे मौसम को गलियां देने लगी। वे उन्हें भी गलियां देने लगी, जिनके अनुकूल मौसम हो गया था। यह उनकी नियति थी। रुदालियाँ बेचारी करती भी तो क्या करती। उनका जन्म ही रुदन के लिए हुआ है। उन्हें किसी की खुशी सहन नहीं होती। उन्हें किसी के दुःख में रुदन के लिए ही पैसे मिलते हैं , यदि उनका रुदन अभ्यास समाप्त हो गया, तो इसका प्रतिकूल असर रुदालियों के व्यवसाय पर पड़ना स्वाभाविक होता है। कुछ रुदालियाँ ऐसी भी हैं, जिन्हें किसी की जीत हार से कोई सरोकार नहीं होता। उनके लिए सातों दिन एक से रहते हैं। न जीत की खुशी न हार का गम। रुदन उनके लिए सिर्फ. औपचारिकता निभाने तक सीमित रहता है, रुदन के लिए उन्हें कुछ भी सोचना नहीं होता।

## न्यूज फ्लैश

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति व बुआ सास पर केस दर्ज

**रादौर, 6 मई (कुलदीप सैनी) :** क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने अपने पति व बुआ सास पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पति हरविंद्र नेगी और बुआ सास सुशीला नेगी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी नवंबर 2022 में हरविंद्र नेगी के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ समय तक सब ठीक रहा, लेकिन बाद में पति ने बुआ के बहकावे में आकर दहेज की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों उससे सोने-चांदी के जेवर लाने का दबाव बनाते थे और मना करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। विवाहिता ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान उसे मायके भेज दिया गया और बेटी के जन्म पर भी ससुराल पक्ष ने कोई सहयोग नहीं किया। कई बार पंचायतें भी हुईं, लेकिन आरोपियों के व्यवहार में सुधार नहीं आया। जुलाई 2024 में फिर विवाद होने पर उसे मायके भेज दिया गया। बाद में पंचायत के बाद वह ससुराल लौटी, लेकिन प्रताड़ना फिर शुरू हो गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### विकास की राजनीति को मिला समर्थन, पंजाब में भी भाजपा की तैयारी - डॉ. ऋषिपाल सैनी

**रादौर, 6 मई (कुलदीप सैनी) :** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. ऋषिपाल सैनी ने खुशी जताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता की मुहर बताया है। डॉ. सैनी ने कहा कि देश की जनता अब विकास, सुशासन और पारदर्शिता की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल में आमजन के हित में अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है। यही कारण है कि जनता का भरोसा लगातार भाजपा पर बढ़ रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता अब भ्रामक प्रचार और झूठे वादों को समझ चुकी है। भाजपा की जीत यह दशार्ती है कि लोग स्थिर और मजबूत नेतृत्व चाहते हैं, जो देश को आगे बढ़ाने में सक्षम हो। डॉ. सैनी ने विश्वास जताया कि आगामी पंजाब विधानसभा चुनावों में भी भाजपा मजबूती से उभरेगी और वहां सरकार बनाने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता भी बदलाव चाहती है और भाजपा की नीतियों की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है।

### अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल मंडल की अध्यक्षता में करनाल व पानीपत की ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने सील किए मादक पदार्थों को किया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार शर्मा**
**करनाल।** आज अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, करनाल मंडल डा. एम. रवि किरण की अध्यक्षता मे निदेर्शानुसार पुलिस जिला करनाल व पानीपत की ड्रग डिस्पोजल कमेटी, पुलिस अधीक्षक करनाल नरेंद्र बिजारनिया व उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा करनाल मीना कुमारी तथा उप पुलिस अधीक्षक नशा मुक्त अभियान पानीपत डॉ. प्रणय कुमार जिला पानीपत द्वारा करनाल व पानीपत जिलों के एनडीपीएस एक्ट के तहत पकड़े गए प्रतिबंधित मादक पदार्थों का नियमानुसार कार्यवाही करके इंसीनेरेटर गाँव बजीदा जटान में विधिवत रुप से नष्ट किया गया।निस्तारण के दौरान जिला करनाल के एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कुल 88 अभियोगों में पकड़े गए 390 किलोग्राम 524 ग्राम 150 मिग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ व 480 कैप्सूल और 28387 नशीली गोलियां शामिल थे।

इसके अलावा जिला पुलिस पानीपत के 8 मामलों में 13.418 किलोग्राम गांजा, 980 ग्राम चरस व 450 इंजेक्शन को नष्ट किया गया। इस कार्यवाई का उद्देश्य मादक पदार्थों के अवैध भंडारण एवं दुरुपयोग की संभावनाओं को समाप्त करना तथा समाज को नशा मुक्त बनाना है।

# जनसमस्याओं के समाधान को महापौर की प्राथमिकता, सुनी आमजन की आवाज

**जन संवाद**

प्रॉपर्टी टैक्स, सीवरेज, जल आपूर्ति व विकास कार्यों पर विस्तार से मंथन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार शर्मा**
**करनाल।** शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने बुधवार को एक बार फिर अपने कार्यालय में नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम से जुड़े विभिन्न विभागों के मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

महापौर ने जन संवाद के दौरान नगर निगम सीमा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रस्तावित परियोजनाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया।

इस दौरान प्रॉपर्टी टैक्स, जल कर, सीवरेज व्यवस्था, भवन मानचित्र, अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था, पार्कों के रखरखाव, सडकों के चौड़ीकरण और अन्य विकास कार्यों से जुड़े मामलों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। महापौर ने स्पष्ट किया कि शहर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निगम निरंतर सक्रिय और प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनहित के कार्यों को पूरी प्राथमिकता दी जा रही है और जनता की समस्याओं का समाधान पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, पार्षद, उनके प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## जिला स्तर पर स्वर्णिम सफलता: कोणार्क अकादमी के 7 विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय चयन



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 6 मई (विजय कौशिक)** कोणार्क अकादमी के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ सभी विजेता छात्र-छात्राएँ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। यह

प्रतियोगिता दिनांक 5/5/26 को एम.एस. सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, जनसा में आयोजित हुई, जिसमें अयांश गर्ग, स्वाति शर्मा, दक्ष, यशस्वी सैनी, आद्रिजा, कुशाग्र और लवीशा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विद्यार्थियों ने अपनी रणनीति, एकाग्रता और निरंतर अभ्यास के बल पर यह सफलता प्राप्त की।

प्रधानाचार्या अंजलि सिंह एवं निदेशक एस एस शर्मा ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 6 मई (कुलदीप सैनी) :** क्षेत्र के गांव गुमथला राव से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस को दी शिकायत में गांव गुमथला राव निवासी ललिता ने बताया कि उसका 23 वर्षीय बेटा साहिल सुबह करीब 9 बजे घर से बाहर गया था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारों में तलाश की, लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## सुगनी देवी स्कूल में 6 महीने का ग्राफिक डिजाइन कोर्स संपन्न

**लक्ष्य**

लोगो डिजाइन, पोस्टर मेकिंग, सोशल मीडिया क्रिएटिव और एनिमेशन बनाना सीखा



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 6 मई (विजय कौशिक):** सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ग्राफिक फ्लेम क्रिएटिव एजेंसी के सहयोग से चलाया गया 6 महीने का ग्राफिक डिजाइन कोर्स संपन्न हुआ। कोर्स का उद्देश्य बच्चों को रोजगारपरक डिजिटल कौशल से जोड़ना था। कंप्यूटर शिक्षक कमल कुमार ने बताया कि इस कोर्स में बच्चों को Adobe Photoshop, Illustrator, और Canva जैसे सॉफ्टवेयर पर काम करना सिखाया गया। बच्चों ने लोगो डिजाइन, पोस्टर मेकिंग, सोशल मीडिया क्रिएटिव और बेसिक एनिमेशन बनाना सीखा। विद्यार्थियों को आई. एस. ओ. सर्टिफाइड कंपनी द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए` स्कूल की प्रार्थना सभा में बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। ग्राफिक डिजाइन आज के समय में एक उभरता हुआ क्षेत्र है। इस कोर्स से बच्चे आगे चलकर फ्रीलांसिंग कर सकते हैं या डिजाइन एजेंसी, मार्केटिंग टीम और मीडिया हाउस में रोजगार पा सकते हैं।

इससे उनमें आत्मनिर्भर बनने की भावना विकसित होगी ।

### फसल अवशेषों में आग जनी की घटनाओं पर रोक के लिए दिए निर्देश

**लाडवा, 6 मई (विजय कौशिक)** खंड कृषि अधिकारी लाडवा कार्यालय में बुधवार को खंड के नोडल अधिकारी डॉ मनीषा वर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक में गेहूं फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर कृषि विभाग के कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए गए। डॉ मनीषा ने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में जाकर किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए जागरूक करें साथ ही सरपंचों और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी इस अभियान से जोड़ें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई किसान फसल अवशेष में आग लगाते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ 5000 रुपए से 30,000 रुपए तक का जुमार्ना लगाया जाएगा।इसके अलावा संबंधित किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।साथ में ही ऐसे किसानों की राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में रेड एंट्री दर्ज करवाई जाएगी। खंड कृषि अधिकारी डॉ अमित कंबोज ने कहा कि हरसेक सैटेलाइट पर भी आगजनी की घटनाएं दर्ज हो रही है। आगजनी की घटना पाए जाने पर किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं होगा और किसान अपनी फसल भी नहीं बेच पाएगा।

इस मौके पर खंड लाडवा के

## विधायक योगेंद्र राणा ने मनोहर लाल के जन्मदिवस के अवसर पर किया हवन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार शर्मा**
**करनाल।** विधायक योगेंद्र राणा ने आज केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के पावन अवसर पर ग्राम पिचोलिया स्थित राम मंदिर में हवन-पूजन का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के उत्तम स्वास्थ्य, सुखी जीवन और दीघार्यु की कामना की।



विधायक योगेंद्र राणा ने सांसद मनोहर लाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि मनोहर लाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में अपने साढ़े नौ साल के कार्यकाल में प्रदेश की तस्वीर बदलने का काम किया। उन्होंने हरियाणा एक-हरियाणवी एक का नारा देकर पूरे प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के समान विकास करवाया है। उनके कार्यकाल में सबसे बड़ी उपलब्धि पारदर्शिता के साथ युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां देना रही है, जिससे आज प्रदेश के युवाओं का व्यवस्था में विश्वास बढ़ा है।

उन्होंने आगे कहा कि मनोहर लाल का राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण और उनका कुशल नेतृत्व हम सभी कार्यकताओं को निरंतर जनसेवा की प्रेरणा देता है।

**असमय जान गंवाने वाले किसान के परिवार को दी 5 लाख की मदद**

हवन कार्यक्रम के पश्चात विधायक योगेंद्र राणा जुंडला मार्केट कमेटी पहुँचे।

वहां उन्होंने जुंडला निवासी उस किसान की धर्मपत्नी को 5 लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा, जिनकी पिछले दिनों खेतों में काम करते समय करंट लगने से दुखद मृत्यु हो गई थी।

विधायक ने कहा कि सरकार इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश सरकार किसानों और आमजन के हितों के लिए सदैव समर्पित है और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी रहेगी।

## सीएचसी में निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को राशन वितरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 6 मई (कुलदीप सैनी) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निक्षय मित्र योजना के तहत मुकंद लाल संस्था द्वारा टीबी मरीजों को राशन वितरित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से डॉ. अजय शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने मरीजों को समय पर दवा लेने और स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसएमओ डॉ. विजय परमार ने टीबी के लक्षणों और बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है और इसके प्रमुख लक्षणों में लगातार खांसी, वजन घटना और बुखार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा टीबी की जांच व इलाज निशुल्क उपलब्ध है तथा निक्षय पोषण योजना के तहत मरीजों को प्रतिमाह आर्थिक सहायता भी दी जाती है। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करवाएं और निक्षय मित्र बनकर मरीजों की मदद करें। कार्यक्रम में डॉ. पल्लवी मार्या, नर्सिंग ऑफिसर संगीता व एसटीएस प्रिंस धौलरा भी उपस्थित रहे।

### लंबित सीएम घोषणाओं पर जल्द अमल करें : डा. आनंद कुमार शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार शर्मा**
**करनाल।** उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने विकास कार्यो संबंधी लंबित सीएम घोषणाओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम घोषणाओं की अनुपालना में जिन विकास परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका है, उन्हें समय पर पूरा कराया जाए। यदि किसी घोषणा के क्रियान्वयन में दो या अधिक विभाग जुड़े हैं तो वे आपस में तालमेल कर आ रही बाधा को दूर कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं।

## गेहूं से भरा ट्रक चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 6 मई (विजय कौशिक)** : कुरुक्षेत्र पुलिस ने गेहूं से भरे ट्रक चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा की टीम ने गेहूं से भरे ट्रक चोरी करने के आरोप में दीपक वासी विकास नगर लाडवा व चोरी की गई गेहूं खरीदने के आरोपी सुभाष वासी संडीर जिला करनाल को गिरफ्तार करके चोरीशुदा गेहूं के सभी कट्टे व ट्रक बरामद करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में दीपक गुप्ता वासी




लाडवा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उनकी नई अनाज मण्डी लाडवा में आढत की दुकान है। दिनांक 2 मई 2026 को शाम 5 बजे उनकी फर्म को अनाज मण्डी एसोसिएसन द्वारा 400 कटटे का टोकन दिया था। उन्हने 438 कटटे ट्रक (गाडी) नम्बर एचआर-55-एच-4229 में लोड कर दिया। गाड़ी के चालक कमल ने कहा कि वह सुबह 9 बजे आकर गेट पास प्राप्त कर लेगा और गाड़ी को लॉक करके वहां से चला गया। दिनांक 3 मई 2026 को जब उनका मुनीम सुबह दुकान पर आया तो उसने लोड हुई गाड़ी वहां नहीं दिखी। मुनीम ने गाड़ी के चालक को फोन किया कि गाड़ी दुकान के सामने नहीं है तो गाड़ी चालक ने कहा कि वह तो अपने घर यमुनानगर है। उसके बाद मुनीम कर्मवीर ने उसे फोन करके सारी बात बताई। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा द्वारा की गई।

दिनांक 5 मई 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्गनिर्देश में पीएसआई बलजीत सिंह, सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार व सुरेन्द्र कुमार की टीम ने गेहूं से भरे ट्रक चोरी करने के आरोपी दीपक वासी विकास नगर लाडवा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने चोरी की गई गेहूं खरीदने के आरोपी सुभाष वासी संडीर जिला करनाल को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से चोरीशुदा गेहूं के सभी कट्टे व ट्रक बरामद किया गया। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया।

## फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की रोक के लिए किसानों को करें जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार शर्मा**
**करनाल।** डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि जिला के प्रत्येक गांव में किसानों को जागरूक करने के लिए सम्बंधित विभागों व ग्राम पंचायत द्वारा जागरूकता अभियान चलाये जाएं। फसल कटाई के बाद फसल अवशेषों को जलाने की समस्या को रोकने के लिए हरियाणा सरकार पर्यावरण विभाग ने वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1981 के प्रावधानों के अंतर्गत सम्पूर्ण हरियाणा राज्य में धान की पराली और गेहूं के अवशेषों को जलाने पर रोक लगाई गई है। इन आदेशों की सख्ती से पालन सुनिश्चित की जाए। डीसी ने किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेषों में आगजनी ना कर उनका उचित प्रबंधन करें।




डीसी डॉण् आनंद कुमार शर्मा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष द्वारा इस संबंध में पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं की फसल के अवशेष जलाने वालों पर जुमार्ने के साथ.साथ एफआईआर दर्ज कराएं। तहसीलदार और बीडीपीओ किसानों को जागरूक करने के लिए गांवों में मुनादी कराएं। संबंधित एसडीएम आग की घटना सामने आने पर टीम के साथ मौके का दौरा करें और कारणों का पता लगाकर उचित कदम उठाएं।

**फसल अवशेष जलाने पर 7 किसानों पर मुकदमा दर्ज**

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया की जिला में गेहूं के फसल अवशेष जलाने के अभी तक 172 मामले सामने आये हैं। गाँव स्तरीय कमेटी-एनफोर्समेंट टीम द्वारा जांच उपरांत 130 मामले एक्सीडेंटल (शॉर्ट सर्किट या अज्ञात कारणों) से पाए गए, 24 घटनाओं में आगजनी नहीं पाई गई, 2 घटना, जंगलात क्षेत्र में मिलीं, 7 मामलों में अभी जांच जारी है व शेष 9 मामलों में जानबूझकर आग लगाई गई है, जिन पर कार्यवाही करते हुए सभी 7 किसानों पर गेहूं के फसल अवशेष जलाने पर वायु अधिनियम, 1981 के अंतर्गत धारा 39 व भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 (ए) के अंतर्गत सम्बंधित थाना में मुकदमा दर्ज करवाया जा चुका है। इनमें से पांच किसान जिला करनाल के असंध खंड व दो-दो किसान खंड घरौंडा व निसिंग से सम्बंधित हैं। साथ ही इन सभी किसानों पर नियमानुसार 40 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है और सभी किसानों के मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल रिकॉर्ड में 172 रेड एंट्री कर दी गयी हैं, जिससे ये किसान अगले दो सीजन अपनी फसल एमएसपी पर नहीं बेच पाएंगे।

## आध्यात्मिक ऊर्जा और स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन से मिलता है समाज सेवा का संबल:रेनू बाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार शर्मा**
**करनाल।** महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बुधवार को सेक्टर-9 स्थित ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र का दौरा किया। इस पावन अवसर पर उन्होंने संस्थान की वरिष्ठ राजयोगिनी पूज्य निर्मल दीदी एवं उर्मिल दीदी के सानिध्य में समय व्यतीत कर उनका मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।



भेंट के दौरान महापौर रेनू बाला गुप्ता ने केंद्र के आध्यात्मिक वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ की ऊर्जा अत्यंत शांत और सकारात्मक है, जो मन को गहराई से स्पर्श करती है। उन्होंने कहा कि दीदी के प्रेरणादायक विचार और स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन जीवन में सच्चाई, निःस्वार्थ सेवा और आत्मिक उन्नति के मार्ग पर आगे बढने.की नई शक्ति प्रदान करते हैं। महापौर ने अनुभव साझा किया कि ऐसे दिव्य मिलन से न केवल आत्मविश्वास सुदृढ़ होता है, बल्कि जीवन को सही दिशा में ले जाने का संदेश भी मिलता है।

सेवा और शांति से ही होगा जन-कल्याण का मार्ग प्रशस्त

महापौर ने प्रेम दीदी के प्रेरणादायक विचारों को याद करते हुए कहा कि आध्यात्मिक मार्ग ही शांति और प्रेम के प्रसार का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि पूज्य दीदी जी का स्नेह और आशीर्वाद सदैव सभी पर बना रहे, ताकि समाज में सकारात्मकता का संचार होता रहे। इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने महापौर का भव्य स्वागत किया और उन्हें ईश्वरीय स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## न्यूज फ्लैश

### कैनन इंडिया ने वेडिंग इमेजिंग के विकास के लिए अपनी तरह का पहला कैनन विजार्ड प्रोग्राम लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** अग्रणी डिजिटल इमेजिंग कंपनियों में से एक, कैनन इंडिया ने वेडिंग कम्युनिटी के लिए कैनन विजार्ड शुरू किया है। यह अपनी तरह का पहला अभियान भारत के सबसे मशहूर वेडिंग स्टूडियोज को एक मंच पर लेकर आ रहा है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत उन्हें अपनी क्रिएटिव और व्यवसायिक क्षमताओं के विकास के लिए कैनन का व्यापक इमेजिंग ईकोसिस्टम और समर्पित सपोर्ट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह प्रोग्राम उस समय शुरू किया गया है, जब भारत के तेजी से बढ़ते वेडिंग उद्योग में मजबूत गठबंधनों, मेंटरशिप और नॉलेज एक्सचेंज की मांग बढ़ रही है। ये अग्रणी स्टूडियो कैनन विजार्ड के माध्यम से उभरती हुई प्रतिभाओं का मार्गदर्शन करेंगे, उन्हें विशेषज्ञता प्रदान करेंगे, तथा ज्यादा कुशल, कनेक्टेड और भविष्य के लिए तैयार वेडिंग स्टोरीटैलिंग समुदाय में शामिल होने में मदद करेंगे।
श्री विशेष मागू, असिस्टैंट डायरेक्टर, इमेजिंग कम्युनिकेशन बिजनेस, कैनन इंडिया ने कहा, भारत में वेडिंग उद्योग क्रिएटिविटी, स्केल और स्टोरीटैलिंग का बेहतरीन मिश्रण पेश करता है। कैनन विजार्ड प्रोग्राम के साथ हम उद्योग के दिग्गज वेडिंग स्टूडियोज के साथ सार्थक और दीर्घकालिक पार्टनरशिप्स करना चाहते हैं। हम इन क्रिएटर्स को सही टेक्नोलॉजी, नॉलेज-शेयरिंग प्लेटफॉर्म और विजिबिलिटी के अवसर प्रदान करके सशक्त बनाना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य भारत के वेडिंग स्टोरीटैलिंग के विकास में अपना योगदान देना है।
रमित बत्रा फोटोग्राफी लक्जरी वेडिंग स्टोरीटेलिंग के लिए जाना जाता है, जो जीवंत विजुअल्स और सिनेमैटिक अप्रोच के साथ सहज और ऑर्गेनिक तरीके से खास पलों को एक परिष्कृत एस्थेटिक के साथ कैप्चर करता है।
कैनन इंडिया के प्रेसिडेंट एवं सी.ई.ओ, श्री तोशियाकी नोमुरा ने कहा, कैनन में हम क्रिएटर्स को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं, ताकि हम समुदायों को अपना बहुमूल्य योगदान दे सकें। इसके लिए हम ऐसे ईकोसिस्टम तैयार करते हैं, जो सहयोग, लर्निंग एवं दीर्घकालिक विकास में मदद करें। कैनन विजार्ड के साथ हम अपनी इस प्रतिबद्धता का विस्तार वेडिंग स्टोरीटैलिंग के ईकोसिस्टम में कर रहे हैं। यह प्रोग्राम प्रतिभा, ज्ञान और सहयोग को एक साथ लाकर ज्यादा कनेक्टेड और भविष्य के लिए तैयार उद्योग का निर्माण करेगा। वेडिंग का सेगमेंट लगातार बढ़ रहा है और क्रिएटिव अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। इसलिए हम केवल टेक्नोलॉजी ही पेश नहीं कर रहे हैं, बल्कि पार्टनरशिप्स का विकास कर रहे हैं, प्रतिभाओं को बढ़ावा दे रहे हैं और एक ऐसे ईकोसिस्टम का निर्माण कर रहे हैं, जो इनोवेशन एवं दीर्घकालिक सफलता प्राप्त करने में मदद करे।

### दुकान से गेहूं के कट्टे चोरी करने के मामले में पुलिस द्वारा 3 आरोपी काबू

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** चीका अनाज मंडी में स्थित एक दुकान से गेहूं के कट्टे चोरी करने के मामले में थाना चीका पुलिस प्रभारी एसआई प्रवीन कुमार की अगुवाई में एचसी सुशील कुमार की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी वार्ड नं 17 चीका निवासी विक्रम व जीवन तथा गांव टटियाना निवासी गुरजीत सिंह को काबू कर लिया गया।

# निजी स्कूलों को सरकार राजकीय स्कूलों में परिवर्तित करे : महेंद्र मित्तल

## निजी स्कूलों की जांच रिपोर्ट सौंपते हुए उन पर सख्त एक्शन की मांग की

**मांग पत्र**

महिपाल ढांडा, शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार से चण्डीगढ़ मे मिलकर उनको बारह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा



**अवतार सिंह चुघ**
**यमुनानगर, 6 मई**
आज अभिभावक सेवा मंच के शिष्टमण्डल ने समाजसेवी महेंद्र मित्तल के नेतृत्व में महिपाल ढांडा, शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार से चण्डीगढ़ मे मिलकर उनको बारह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।
इस मौके पर संजय मित्तल, शैंकी गुप्ता, विपिन गुप्ता, सन्दीप आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे और सामाजिक विषयों पर गंभीरता से चर्चा हुई।
निजी स्कूलों की जांच रिपोर्ट सौंपते हुए उन पर सख्त एक्शन की मांग की
मंत्री महिपाल ढांडा ने मंच की सभी बातों पर गहनता से चर्चा की और उन्होंने अभिभावक सेवा मंच के यमुनानगर जिलाध्यक्ष शैंकी गुप्ता के री-एडमिशन के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए शिक्षा मंत्री की टीम से चर्चा की कि निदेशालय ने छठी, नौवीं, और ग्यारहवीं कक्षा में पुनः री-एडमिशन चार्जर्स लेने की बात मानी गई है। जबकि बचपन में स्कूल के पहले दिन ही निजी स्कूल हजारों-लाखों की दाखिला फीस वसूल लेते हैं और हर माह सभी खर्चों को ध्यान रखते हुए अभिभावक कंपोजिट फीस जमा करवाते हैं।
समाजसेवी संजय मित्तल और विपिन गुप्ता ने शिक्षा मंत्री से बताया की कई स्कूलों द्वारा तय मानकों से कहीं अधिक फीस बढ़ोतरी की गई है। नियमानुसार फार्म छः में पिछले साल से 5 प्रतिशत और केंद्रित कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आधार पर पांच दशमलव तेरह प्रतिशत सहित 10.13 प्रतिशत से अधिक फीस बढाई नहीं जा सकती।
किन्तु स्कूल वाले अपनी इच्छा से मनमाना आचरण कर रहे हैं अभिभावक व छात्रों को राहत करवाई जाये।अभिभावक सेवा मंच ने शिक्षा मंत्री से निजी स्कूलों में बच्चों को एन सी ई आर टी के पाठ्यक्रम को अनिवार्य रूप से लागू करने की मांग की गई।
समाजसेवी महेंद्र मित्तल ने निजी स्कूलों द्वारा स्कूल प्रांगण में छात्रों द्वारा हमारी मातृ भाषा हिन्दी बोलने पर सजा व जुमार्ने को भाषा का अपमान बताया।
उन्होंने कहा की अन्य भाषा सीखनी भी अच्छी बात है। लेकिन मातृ भाषा बोलने पर दंड देना गलत है। ये भी देखने में आया है कि हिन्दी विषय की पुस्तकों में अंग्रेजी शब्दों का उच्चारण किया गया है जिससे बच्चे हिन्दी की गिनती तक का उच्चारण नहीं कर पाते। उन्हें उन्हत्तर, उन्नयासी, निन्यानवे का भेद ही नहीं पता है महेन्द्र मित्तल ने कहा की जिस प्रकार हर स्कूल की बसों का रंग पीला होता है उसी तरह सभी स्कूलों की एक ही वर्दी की मांग की गई। सबसे अहम मुद्दा यह रहा कि हाल ही में जिन 35 निजी स्कूलों की जांच में जो कमियाँ पाई गई हैं उन्हें विस्तार से पुनः जांचते हुए अन्य बड़े स्कूलों की भी पूरी जांच-पड़ताल की जाये ।जिनमें एक हजार से अधिक विद्यार्थी हैं उनकी सभी बिन्दुओं पर गहन जांच की जाये और शीघ्र से शीघ्र दोषी स्कूलों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और नियमों के तहत अभिभावकों से लूटे गये पैसे ब्याज सहित वापिस करवाए जायें ।

# महाराणा प्रताप की मूर्ति 9 मई को स्थापित की जाएगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हिंदुस्तान के स्वाभिमान के प्रतीक, देशभक्ति को पूरी तरह समर्पित वीर महाराणा प्रताप जी की जयंती पर अम्बाला छावनी के सदर बाजार में उनकी साढ़े 12 फुट ऊंची मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। विज ने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि महाराणा प्रताप जी की मूर्ति स्थापित करने के लिए उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए की राशि नगर परिषद अम्बाला सदर को दी थी और इसी राशि से यह मूर्ति स्थापित की जा रही है। उन्होंने बताया कि मूर्ति 16 क्विंटल वजनी है और धातु की है। मूर्ति अम्बाला छावनी में पहुंच चुकी है और इसे 9 मई को प्रातः 11 बजे सदर बाजार चौक पर स्थापित किया जाएगा। वहीं, ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सदर चौक पर मूर्ति स्थापित करने वाले स्थल का अवलोकन किया और मौके पर नगर परिषद अधिकारियों से मूर्ति स्थापित करने को लेकर चर्चा की।
उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिमा के आसपास रोशनी का भी व्यापक प्रावधान होना चाहिए जिससे रात्रि में मूर्ति का आकर्षण रहे।
गौरतलब है कि यह मूर्ति जयपुर के प्रसिद्ध मूर्तिकार महावीर भारती द्वारा बनाई गई है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से महाराणा प्रताप जी की मूर्ति को स्थापित किया जा रहा है।

## श्री अखण्ड शिव दुर्गा मंदिर ट्रस्ट ने 23वें वार्षिक सत्संग एवं भण्डारे का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 6 मई।** नूरवाला की जसबीर कालोनी स्थित श्री अखण्ड शिव दुर्गा मंदिर ट्रस्ट द्वारा 23वें वार्षिक सत्संग एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। महामण्डलेश्वर स्वामी दयानन्द जी महाराज की प्रेरणा से श्री श्री 108 स्वामी महेशानन्द जी महाराज की अध्यक्षता में श्रीरामचरित मानस का पाठ समाजसेवी ममता एवं सतीश वर्मा के कर कमलों से कराया गया। वहीं संतों द्वारा प्रवचन किया गया। जिसमें ध्वजारोहण रवि खुराना ने किया। रीबन कटिंग समाजसेवी सतपाल बैरागी द्वारा तथा ज्योत प्रचण्ड सुनील प्रजापति ने की। मुख्य अतिथि श्रीराम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा रहे, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में विजय कोचर, सतपाल जावा, स.जयमल सिंह, सुनील गोयल, जय दयाल तनेजा रहे। श्रीरामायण आरती एवं भोग के बाद भंडारा लगाया गया। समारोह में भजन गायक प.आत्म प्रकाश वशिष्ठ व सुर सम्राट लेखराज जताना रहे। मंच संचालन मदन लाल आजाद ने किया। इस अवसर पर अशोक कालड़ा, अनिल बतरा, राजू सेतिया, कपिल भट्टनागर, सुदेश बावा, सुनील कुमार गोयल, मनोज शर्मा व जतिन बतरा आदि मौजूद रहे। स्वामी महेशानन्द जी महाराज ने आई संगत को प्रवचनों में कहा कि भक्ति के माध्यम से इंसान को भगवान से अपना अटूट रिश्ता बनाना चाहिए।

## द इंडियन हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियो ने सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी में जीता दूसरा पुरस्कार

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी में द इंडियन हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल चीका के विद्यार्थियों निविध गोयल, अक्षत गोयल एवं एकनूर निर्मान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया और शिक्षा एवं जागरूकता के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। उक्त प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्यभर के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करना था।
प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने सड़क संकेतों, यातायात नियमों, आपातकालीन स्थितियों में सही निर्णय तथा सुरक्षित व्यवहार से जुड़े प्रश्नों का आत्मविश्वास और सटीकता के साथ उत्तर देकर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। उनकी तीव्र सोच, विषय पर गहरी पकड़ और



बेहतरीन टीमवर्क इस सफलता के प्रमुख कारण रहे। उल्लेखनीय है कि इन होनहार विद्यार्थियों ने इससे पूर्व ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए अपनी योग्यता सिद्ध की थी। यह निरंतर प्रगति उनकी मेहनत, लगन और समर्पण को दशार्ती है।
कार्यक्रम के दौरान विजेता विद्यार्थियों को हरियाणा के डीजीपी अजय सिंघल एवं एडीजीपी हरदीप सिंह द्वारा सम्मानित किया गया, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का क्षण रहा। विद्यालय की प्राचार्या हरप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल ज्ञान को बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना भी विकसित करते हैं। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि अन्य छात्रों को भी सीखने और जागरूकता की दिशा में आगे बढने के लिए प्रेरित करती है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# थाना सेक्टर-17 हुड्डा की टीम ने पांच भगोड़े आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नितिन सिंगला जगाधरी**
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा भगोड़े आरोपियों और बेल जंपर्स की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए थाना सेक्टर-17 हुड्डा की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने न्यायालय द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के



अंतर्गत आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में पेश कर दिया है।
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रबंधक प्रमोद कुमार ने एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने भगोड़े आरोपी गांव शादीपुर निवासी हामिद अली पुत्र मुस्तकीम, मोती बाग कॉलोनी

**सफलता**

दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए थाना सेक्टर-17 हुड्डा की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की

निवासी त्रिलोक सिंह पुत्र पूरन सिंह, अंबेडकर विहार कॉलोनी ससौली माजरी निवासी रवि कुमार पुत्र सोहनलाल, गांव तिगरा निवासी रामकुमार पुत्र पूर्ण चंद व गांव शाह कामेशपुर निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र हरनाम सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। पांचो आरोपी 138 ठ.क. एक्ट (चेक बाउंस) मामले में संलिप्त थे और न्यायालय में पेश न होने के कारण उन्हें माननीय अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे, लेकिन टीम की सतर्कता और प्रयासों के चलते उन्हें दबोच लिया गया।

# आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में क्रिकेट खिलाडियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 6 मई।** पानीपत शहर के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने क्रिकेट के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्र मोक्ष सैनी का चयन ऑल इंडिया नेशनल सीबीएसई क्रिकेट टीम में हुआ, जहां उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही विद्यालय के एक अन्य छात्र प्रफुल्ल चौहान ने एसजीएफआई हरियाणा नेशनल क्रिकेट टीम में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस



उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रबंधक भारत भूषण ने दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें भविष्य में इसी प्रकार मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनीष घनघस सहित प्रबंधक समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## चीका नगरपालिका पार्षदों की शिकायत पर नपा सचिव निलम्बित

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** चीका नगरपालिका के कुछ पार्षदों की शिकायत पर हरियाणा सरकार ने चीका नगरपालिका के सचिव जितेंद्र शर्मा को निलम्बित कर दिया है। उन पर अपने कार्य के प्रति अनियमितताएं बरतने के आरोप लगे हैं। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए नगर पार्षद दलबीर सीड़ा ने बताया कि 12 फरवरी को लगभग एक दर्जन पार्षदों ने हरियाणा सरकार के केबिनेट मंत्री विपुल गोयल को सचिव के खिलाफ एक शिकायत भेजी थी, जिसमें उक्त अधिकारी द्वारा भारी अनियमितताएं करने के आरोप लगे थे, जिसके चलते सरकार ने जांच की और जांच में दोषी पाए जाने पर सचिव को निलम्बित कर दिया गया।

# सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल को भेंट किया 36 फुट ऊंचा तिरंगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** देश में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के नौ हल्कों में विशाल तिरंगे लगाए जा रहे हैं, जिससे राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इसी कड़ी में हल्का थानेसर के सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल में 36 फुट ऊंचा तिरंगा लहराने के लिए फ्लैग पोल स्थापित करवाया जा चुका है। ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, जिन्दल हाउस में सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के स्टाफ



को 36 फीट ऊंचा तिरंगा फहराने के लिए, राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित अन्य सामग्री भेंट की गई। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से बलविंद्र सिंह और डॉ. राज कुमार ने स्कूल के स्टाफ को ध्वज संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।
इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल ने आम जनमानस को राष्ट्रीय ध्वज, घर-घर फहराने का अधिकार दिलाया। इसके लिए

**संगोष्ठी**

नौ हल्कों में विशाल तिरंगे लगाए जा रहे हैं, जिससे राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जा सके

उन्होंने वर्षों तक संघर्ष किया है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में 200 से अधिक स्थानों पर विशाल तिरंगे स्थापित करवा चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक बनाते हैं।

# संभावित बाढ़ के खतरा से निपटने को लेकर संबंधित विभाग करें समय से पहले तैयारी: मनदीप कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 6 मई(बिजेंद्र सिंह)।** प्रदेश में संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को अलर्ट करते हुए आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डीके बहरा ने प्रदेश के उपायुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीसी से समीक्षा बैठक की। वहीं वीसी के बाद एसडीएम मनदीप कुमार ने स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप



देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि आपदा के समय लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर विभाग को अपनी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभानी होगी। एसडीएम ने सिंचाई विभाग को नहरों, ड्रेनों और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को कानून व्यवस्था बनाए रखने और राहत कार्यों में सक्रिय सहयोग के लिए तैयार रहने को कहा गया। पीडब्ल्यूडी को सडकों और पुलों की जांच कर वैकल्पिक मार्गों की पहचान करने के निर्देश दिए गए।
स्वास्थ्य विभाग को संभावित प्रभावित क्षेत्रों में दवाइयों, चिकित्सा सुविधाओं और मेडिकल टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। एसडीएम ने विशेष रूप से उन क्षेत्रों की समीक्षा की, जहां हर वर्ष बाढ़ के दौरान हालात गंभीर हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं। एसडीएम समालखा अमित कुमार ने कहा है कि बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए समय पर तैयारी, संसाधनों की उपलब्धता और विभागों के बीच बेहतर तालमेल होना चाहिये। सभी विभागों को पहले से ही अलर्ट रहना है। मीटिंग में डीआरओ कलब लाकड़ा, डीएसपी सुरेश सैनी, सीएमओ विजय मलिक, डिप्टी सीएमओ डॉ वर्मा, एसडीओ डॉ श्री भगवान व डीएफएससी दिव्या आदि मौजूद रहे।

## पानीपत के गीता पब्लिक स्कूल, शेरा की विद्यार्थियों ने बेसबॉल में राज्य स्तर पर जीता कांस्य पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (बिजेंद्र सिंह)।** रोहतक में हाल ही आयोजित हुई 31वीं हरियाणा सब जूनियर राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में गीता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,शेरा (पानीपत) के विद्यार्थियों ने कांस्य पदक प्राप्त किया। आगामी राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता (ओडिशा, भुवनेश्वर) में 23 मई से 27 मई के बीच आयोजित होनी है, जिसमें गीता स्कूल की ये चारो खिलाडी भी भाग लेगी। गीता स्कूल के खिलाडियों में निशा पुत्री रामपाल, कक्षा 8वीं निवासी गांव बल्ला, आरोही पुत्री अमित कक्षा 8वीं निवासी मडलौडा, हर्षिता पुत्री सोमदत्त, कक्षा 8वीं



गांव कवि और नैंसी पुत्री विक्रम, कक्षा 10वीं निवासी बाल जट्टान शामिल है। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य महावीर सिंह, निदेशक राकेश कौशिक एवं प्रधान धर्मपाल कौशिक ने बुधवार को स्कूल में चारों खिलाडियों को सम्मानित किया।
इस अवसर पर हर्षिता के पिता सोमदत्त व माता मनीषा व आरोही की माता सीमा उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी सम्मानित किया।

# हरियाणा के मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दहेज प्रथा को लेकर की समीक्षा बैठक

**समीक्षा बैठक**

**लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दहेज प्रथा को लेकर सभी डीसी के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में दहेज निषेध अधिनियम 1961 के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इस नियम को समाज में लागू करवाएं।
उपायुक्त प्रीति ने सुझाव दिए कि सभी एसडीएम को अपने-अपने सब-डिवीजन पर दहेज प्रथा को रोकने के लिए तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। सभी एसडीएम दहेज प्रथा के मुद्दे को गंभीरता से ले और संवेदनशीलता से कार्य करें। जागरूकता के लिए अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करें जिसमें सरपंचों, पंचो, पार्षद और विशिष्ट लोगों को शामिल किया जाए। कॉलेजों में जागरूकता के लिए कार्यक्रम करवाएं, जागरूकता के लिए कैम्प लगाए और लोगों को दहेज न लेने के लिए शपथ दिलवाएं। दहेज प्रथा को लेकर नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करवाएं और लोगों को शिक्षा के महत्व के बारे भी समझाएं, दहेज प्रथा एक बीमारी है इसके खिलाफ मुहिम चलाएं। समाज में लोगों को दहेज न लेने के उदाहरण देकर लोगों को जागरूक करें ताकि शादी में लेन-देन की परंपरा को समाप्त किया जा सके इसके लिए पढ़े-लिखे लडके-लड़कियों को सामने आना जरूरी है। बचपन से ही बच्चों को ऐसी शिक्षा दें ताकि इस दहेज प्रथा की बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके।
उपायुक्त ने कहा कि विवाह के लिए युवक की आयु 21 वर्ष तथा कन्या की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। विवाह की यह आयु एकदम उपयुक्त आयु है क्योंकि इस आयु में युवक एवं युवतियां शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णतः: परिपक्व हो चुकी होती है। यह बात ग्रामीण क्षेत्र के निवासी शायद समझ नहीं पाते, यही कारण है कि देश के कुछ भागों के गांवों में बाल विवाह अधिक होते है। गांववासियों को सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें शिक्षित करना बहुत जरूरी है।

# जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रही नीतियों की जीत : योगेश कौशिक

**उत्साह**

**------ मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने चुनावों में जीत पर खुशी मनाई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भाजपा की पश्चिम बंगाल, आसाम, पांडिचेरी के चुनावों में जीत पर मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने खुशी मनाई और कहा कि पार्टी की जीत पर कार्यकताओं में खासा उत्साह है। गन्नौर में वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत देश की जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रही नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, पारदर्शिता और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए भाजपा के पक्ष में अपना जनादेश दिया है। यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि देशभर में भाजपा की नीतियों को व्यापक समर्थन मिल रहा है। मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में भाजपा का मजबूत प्रदर्शन कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के हित में कार्य किया है, जिसका लाभ अब चुनाव परिणामों में साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी भाजपा इसी तरह जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी। योगेश कौशिक ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ आगे भी संगठन को मजबूत करने का काम करते रहेंगे और जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को असम में मुख्यमंत्री के चयन हेतु केंद्रीय सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर की प्रसन्नता व्यक्त



**लाडवा 6 मई (विजय कौशिक)** भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग ने हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को असम में मुख्यमंत्री के चयन हेतु केंद्रीय सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर प्रसन्नता एवं गर्व व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण दायित्व भाजपा हाई-कमान द्वारा नायब सिंह सैनी की संगठनात्मक दक्षता, प्रशासनिक अनुभव और जनसेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को देखते हुए सौंपा गया है।
पवन गर्ग ने कहा कि असम में हालिया चुनावी विजय के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा नेतृत्व चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई है। इस प्रक्रिया में सीएम नायब सिंह सैनी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निर्वाचित विधायकों और वरिष्ठ नेताओं से संवाद कर सर्वसम्मति से नेतृत्व चयन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को विभिन्न राज्यों में हालिया चुनावों में मिली ऐतिहासिक विजय के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पवन गर्ग ने कहा कि यह जीत भारत के लोकप्रिय व माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, पार्टी की नीतियों, समर्पित कार्यकताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा आगे भी इसी प्रकार विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के मार्ग पर अग्रसर रहेगी।
पवन गर्ग ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी सदैव योग्य, कर्मठ और निष्ठावान नेताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को सशक्त बनाने का कार्य करती रही है। सीएम नायब सिंह सैनी की नियुक्ति इसी परंपरा का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने नायब सिंह सैनी को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह जिम्मेदारी सफलतापूर्वक पूर्ण होगी तथा पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### खेत से 100 फुट कापर तार चोरी, किसान ने दी शिकायत

**गन्नौर** । गांव राजलू गढ़ी में एक किसान के खेत से कापर की तार चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने चोरी की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में विनोद कुमार ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है और उसके खेत में लगे ट्यूबवेल पर करीब 100 फुट कापर की तार लगी हुई थी। शिकायत के अनुसार, रात के समय अज्ञात आरोपित ट्यूबवेल से तार काटकर चोरी कर ले गए। सुबह जब वह खेत में पहुंचा तो तार गायब मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### खाद की कालाबजारी व घटिया उत्पाद बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ की जाएगी कानूनी कार्यवाही : डा. सुरेश कुमार

**बाबैन, 6 मई (विजय कौशिक)** : कृषि विभाग के द्वारा खाद विक्रेताओं व खंड़ कृषि कार्यालय मे कृषि अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डा. सुरेश कुमार ने कहा कि सभी खाद विक्रेता उच्च क्वालिटी के उत्पाद की बिक्री के साथ खाद का वितरण सही ढग से करें व खाद के साथ किसी अन्य उत्पाद को लगाकर न बेचे। उन्होंने कहा कि यदि किसी खाद विक्रेता की खाद की कालाबजारी को लेकर शिकायत प्राप्त होती है तो उस खाद विक्रेता के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी। उन्होंने खाद विक्रताओं से कहा कि वें दुकान पर आने वालें किसानों को भी खाद का अधिक मात्रा मे उपयोग न करने की सलाह दे ताकि धरती की उपजाउ शक्ति को बचाया जा सके।

# पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की शाखा-2 का चुनाव संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. नं. 41) की शाखा नंबर-2, पब्लिक हेल्थ गन्नौर का त्रिवार्षिक चुनाव बुधवार को सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया केंद्रीय कमेटी के निदेर्शानुसार राज्य प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा व राज्य सह सचिव सतीश कुमार रंगा की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। चुनाव में सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें दिलबाग सिंह को ब्रांच प्रधान, रोशनलाल को सचिव, संदीप कश्यप को कोषाध्यक्ष, सुमेर चंद को चेयरमैन तथा सुरेश, महताब और पवन को उपप्रधान चुना गया। चुनाव के उपरांत नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त ब्रांच प्रधान दिलबाग सिंह ने कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।
इस अवसर पर जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज सहित धूप सिंह, सुरेंद्र, देवेंद्र, लहणा सिंह, शम्भू, नरेश कुमार, दलीप सिंह, सतीश, रणबीर, अशोक, मौसम, मोहित, दीपक, धरमबीर, रवि, सुरेश सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।

# यमुना में अवैध रास्ता मामलाः जांच में उत्तर प्रदेश सीमा में मिला रास्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** यमुना नदी में अवैध रास्ता बनाने के मामले में माइनिंग व इंफोर्समेंट विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में सामने आया कि पोकलेन मशीन और बड़े वाहन हरियाणा सीमा में नहीं खड़े थे।
साथ ही, नदी के भीतर बनाया गया रास्ता भी उत्तरप्रदेश की सीमा में पाया गया है। अधिकारियों के अनुसार मौके पर हरियाणा क्षेत्र में किसी प्रकार की सक्रिय माइनिंग गतिविधि नहीं मिली, जिससे यह संकेत मिलता है कि संबंधित गतिविधियां सीमा पार से संचालित की जा रही थीं। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुसार हरियाणा की सीमा में भी ऐसे चिह्न मिले, जिनसे भारी वाहनों के उपयोग की आशंका बनी हुई है। एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि सोनीपत प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उत्तरप्रदेश प्रशासन को भी अवगत करवा दिया है। उनसे आग्रह किया गया है कि अपने क्षेत्र में जांच कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं अवैध खनन तो नहीं हो रहा। वहीं ग्रामीणों ने यमुना क्षेत्र में संयुक्त अभियान और लगातार निगरानी की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार के मामलों की पुनरावृत्ति न हो सके।

# जुंडला मंडी की दुकान में मिला बुजुर्ग का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के जुंडला मंडी क्षेत्र में एक दुकान के अंदर बुजुर्ग का शव मिला है। मृतक के सिर और चेहरे पर चोट के निशान मिले, जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है।
सूचना मिलते ही पुलिस व एफएसएल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के मोच्युरी हाउस भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।
मृतक की पहचान 62 वर्षीय रामकिशन के रूप में हुई है। वह पिछले करीब 20-25 साल से जुंडला मंडी में ही रह रहा था और मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह मंडी में ही रहता था।
मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि जुंडला की अनाज मंडी में एक दुकान के अंदर एक बुजुर्ग का शव पड़ा है। सूचना के बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि शव दुकान के अंदर पड़ा हुआ था। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि मृतक के सिर और चेहरे पर चोट के निशान हैं। इसके बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने घटना के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

# आंधी में बेगा रोड पर पेड़ गिरा, यातायात बाधित



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । क्षेत्र में आई तेज आंधी के कारण रोशनपुर के पास बेगा रोड पर सड़क के बीचों-बीच एक बड़ा पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से बिजली की तारें भी टूट गई जिससे, कई गांवो की बिजली सप्लाई भी बाधित हो गई। पेड़ गिरने की वजह से बेगा सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों को निकलने में परेशानी हुई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया और पेड़ हटाने की कोशिश शुरू की। घटना की सूचना संबंधित विभाग को भी दी गई, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को रास्ते से हटवा कर सड़क किनारे रखवा दिया। जिसके बाद आवाजाही सुचारू हो सकी। वहीं बिजली निगम के कर्मचारियों ने भी मौके पर पहुंच कर क्षतिग्रस्त तारों को ठीक करने का काम शुरू कर दिया। दोपहर बाद टूटी तारें ठीक हुई और बिजली सप्लाई फिर से शुरू हो पाई। गनीमत रही कि पेड़ गिरने की घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# पिकअप गाड़ी चोरी, पुलिस से कार्रवाई की मांग

**गन्नौर** । गांव रामनगर से एक पिकअप गाड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। थाना बड़ी पुलिस को दी शिकायत में जयपाल ने बताया कि वह अपनी महिंद्रा बोलेरो पिकअप को गली में खड़ी कर घर चला गया था। अगली सुबह उठा तो उसकी गाड़ी वहां से गायब मिली। उसने काफी तलाश की, लेकिन गाड़ी कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपितों का सुराग लगाया जा सके।

# इलाज के दौरान डीजीपी के गनमैन ने तोड़ा दम

**हादसा**

**जवान अपने घर से ड्यूटी के लिए जा रहा था, तभी स्कूटी से जोरदार भिड़ंत हो गई थी।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** चंडीगढ़ के ट्रिब्यून चौक पर हुए सडक हादसे में घायल पुलिस जवान की तीन सप्ताह बाद इलाज के दौरान करनाल में मौत हो गई। जवान अपने घर से ड्यूटी के लिए जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी बाइक की स्कूटी से जोरदार भिड़ंत हो गई थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लंबे इलाज के बाद भी उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच जारी है।
मृतक की पहचान गांव बसताड़ा के 35 वर्षीय विपिन के रूप में हुई है। वह चंडीगढ़ पुलिस में तैनात था और डीजीपी के गनमैन के रूप में ड्यूटी कर रहा था। विपिन वर्ष 2017 में पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था। वह अपने पीछे 10 साल के बेटे को छोड़ गया है।
पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को विपिन अपने गांव से चंडीगढ़ ड्यूटी के लिए गया था। वह बस से उतरने के बाद अपनी बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था। इसी दौरान ट्रिब्यून चौक के पास उसकी बाइक की एक स्कूटी से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।
हादसे के बाद विपिन को तुरंत पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चला। 5 मई को उसे पीजीआई से छुट्टी दे दी गई। जिसके बाद परिजन उसे करनाल के एक निजी अस्पताल में ले आए। यहां इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई।
मौत की सूचना मिलने पर चंडीगढ़ पुलिस करनाल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर करनाल के मोच्युरी हाउस में पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जांच अधिकारी के जसपाल सिंह के अनुसार हादसे को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# व्यक्ति से मांगी 30 लाख की रंगदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के घरौंडा क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति को इंटरनेशनल नंबर से कॉल कर 30 लाख रुपए की रंगदारी मांगने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। देर रात आए फोन कॉल के दौरान आरोपी ने परिवार की पूरी जानकारी होने का दावा किया और डराने के लिए पहले भी गांव में गोली चलवाने की बात कही। पीड़ित ने कॉल हिस्ट्री और वॉयस रिकॉर्डिंग के आधार पर पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मिट्टी का काम करता है और उसके पास तीन डंपर हैं। इसके अलावा वह खेतीबाड़ी भी करता है। उसके दो बेटे हैं, जिनमें बड़ा बेटा कनाडा में रहता है और छोटा बेटा पढ़ाई कर रहा है। शिकायत के अनुसार 1 व 2 मई की आधी रात करीब 2 बजे उसके मोबाइल नंबर पर इंटरनेशनल नंबर से बार-बार कॉल आई। जब उसने फोन उठाया तो दूसरी तरफ एक युवक बोल रहा था।
फोन करने वाले आरोपी ने शिकायतकर्ता को धमकाते हुए कहा कि उसे उसके पूरे परिवार की जानकारी है। उसने बताया कि उसका एक बेटा कनाडा में है और दूसरा घर पर है। आरोपी ने कहा कि उसका घर गांव से बाहर है और उसकी हर गतिविधि पर उसकी नजर है।

# जीटी रोड स्थित अंतर्राष्ट्रीय मंडी के सामने अंडरपास में खड़े ट्रक-ट्रालों से बढ़ा हादसे का खतरा

**आशंका**

**-अंडरपास में अवैध रूप से खड़े ट्रक, ट्राले और रेहड़ियों के कारण हादसे की आशंका**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । जीटी रोड स्थित अंतरराष्ट्रीय मंडी के सामने बनाए गए अंडरपास में अवैध रूप से खड़े ट्रक, ट्राले और रेहड़ियों के कारण हादसे की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। वाहन चालकों और राहगीरों ने समस्या को लेकर रोष जताते हुए ट्रैफिक पुलिस व एनएचएआई अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।
वर्तमान में यह अंडरपास अव्यवस्था का शिकार बन चुका है। यहां दिन-प्रतिदिन भारी वाहनों का अवैध रूप से खड़ा होना आम बात हो गई है। इसके अलावा कुछ लोगों द्वारा रेहड़ियां लगाकर अतिक्रमण भी किया जा रहा है, जिससे मार्ग संकरा हो गया है। वाहनचालकों का कहना है कि अंडरपास में खड़े ट्रक और ट्राले दृश्यता को बाधित करते हैं, जिससे अचानक सामने वाहन आने पर दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। खासकर रात के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जब रोशनी की कमी के कारण वाहन चालकों को आगे का रास्ता साफ दिखाई नहीं देता। कई बार छोटे वाहन चालक बाल-बाल हादसों से बच चुके हैं।
वाहन चालकों ने आरोप लगाया कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ट्रैफिक पुलिस और एनएचएआई की अनदेखी के चलते अंडरपास में अवैध पार्किंग करने वालों के हौसले बुलंद हैं। लोगों की मांग है कि अंडरपास में खड़े होने वाले ट्रक-ट्रालों और रेहड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यहां नियमित निगरानी और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे को होने से पहले रोका जा सके।

**शिकायत मिली है, सभी वाहनों के चालान किए जायेंगे : प्रभारी**

--- एरिया के ट्रैफिक इंचार्ज लाल सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है, सभी वाहनों के चालान किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी वाहन चालकों ने आदेशों का पालन नहीं किया तो अंडरपास में खड़े वाहनों को इंपाउंड किया जाएगा ।

# भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में उत्साह, मनोज त्यागी ने जताई खुशी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में मिली चुनावी सफलता पर राई क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की। भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज त्यागी ने कार्यकताओं के साथ बैठक कर जीत का जश्न मनाया और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व नीतियों की जीत बताया। मनोज त्यागी ने कहा कि देश की जनता अब विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व के पक्ष में खुलकर खड़ी हो रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी के चुनाव परिणाम इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि जनता ने भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर विश्वास जताया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज त्यागी ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इसी उत्साह के साथ संगठन को और मजबूत करने में जुटें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने केंद्र और विभिन्न राज्यों में जनहित की अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज त्यागी ने कहा कि पार्टी की जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि देश के विकास और जनकल्याण की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।
मनोज त्यागी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है।

## न्यूज फ्लैश

### एमआईएस पोर्टल पर नर्सरी कक्षा के बच्चों के लिए एसआरएन जरनेट का नहीं दिया गया कोई ऑप्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**चंडीगढ़।** हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ ने तीन से चार वर्ष के बीच उम्र (नर्सरी कक्षा) के बच्चों का भी एमआईएस पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जरनेट का ऑप्शन देने के लिए मौलिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर इसकी मांग की है।
संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा है कि प्राईवेट स्कूलों में एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन एडमिशन बालवाटिका फर्स्ट से शुरू होते हैं जिनकी उम्र चार वर्ष से अधिक होती है इनका ऑनलाइन पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जरनेट होता है लेकिन नर्सरी कक्षा यानी तीन से चार वर्ष के बीच आयु के बच्चे का एमआईएस पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेसन नंबर जरनेट नहीं होता जबकि निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के सैक्शन 12(1)(उ) के प्रावधान अनुसार मान्यता प्राप्त स्कूलों को अपने विद्यालय की इंट्री लेवल कक्षा में कुल दाखिल सीटों की 25 फीसदी सीटे दिखानी अनिवार्य की हुई हे जिसके तहत वर्तमान सत्र 2026-27 में प्रदेश के 4703 प्राईवेट स्कूलों में 21752 सीटो पर चॉइस अनुसार संबंधित बच्चों को 9 मई तक दाखिला लेने का अवसर मिला है लेकिन अधिकतर प्राईवेट स्कूलों में इंट्री कक्षा नर्सरी से शुरू होती है जिसमें तीन से चार वर्ष के बीच आयु के बच्चे का दाखिला किया जाता है लेकिन इस उम्र के बच्चों का एमआईएस पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जरनेट का कोई फीचर नहीं दिया गया है इसलिए इनका दाखिला ऑफलाइन ही किया जाता है और स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर के बिना स्कूल बदलते समय अभिभावकों को ऑनलाइन स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट (एसएलसी) नहीं मिल पाता जिस कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ माँग करता है कि तीन से चार वर्ष के बीच आयु (नर्सरी कक्षा) के बच्चों को भी पोर्टल पर ऑनलाइन करने के लिए एमआईएस पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जरनेट के लिए ऑप्शन दिया जाए ताकि इन बच्चों को भी पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा सके।

### तावडू में एनडीपीएस के दो मामलों में पुलिस कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार, हेरोइन बरामद

**नूंह मेवात ( लियाकत अली ) :** जिला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग मात्रा में हेरोइन बरामद की है और थाना सदर तावडू में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए हैं।
पहले मामले में एक टीम सोहना-तावडू रोड स्थित केएमपी फ्लाईओवर के पास गश्त और नशा रोकथाम अभियान पर थी। इसी दौरान एक सूचना के आधार पर भूतलाका मोड़ के पास छापेमारी कर मुनफेद नामक युवक को काबू किया। नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 13.71 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने नशीले पदार्थ को सील कर जब्त किया और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। वहीं दूसरे मामले में इकबाल उर्फ सोनू नामक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर हेरोइन लेकर सप्लाई करने की सूचना मिली। इसके आधार पर पुलिस ने सालाका-तावडू रोड पर नाकाबंदी कर आरोपी को मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। आरोपी की पहचान इकबाल उर्फ सोनू निवासी शिकारपुर के रूप में हुई। नियम अनुसार आरोपी की तलाशी के दौरान उससे 97.55 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।बरामद कुल मादक पदार्थ की कीमत लाखों रुपए में है। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ और मोटरसाइकिल जब्त कर लिया है। पूछताछ में आरोपी इकबाल ने बताया कि वह हेरोइन शिकारपुर निवासी जगमाल से लाया था। दोनों मामलों में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज कर लिए हैं और आगे जांच जारी है।

### अवैध खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**नूंह मेवात ( लियाकत अली ) :** जिले में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में चाँदडाका पुलिस चौकी ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।
क्राइम पेट्रोलिंग के दौरान बड़ेड पहाड़ियों के पास पुलिस टीम ने एक संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। जांच करने पर पाया गया कि वाहन में अवैध रूप से खनन किए गए पत्थर भरे हुए थे ।
पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर ही जब्त कर लिया तथा उसमें भरे खनन सामग्री को भी कब्जे में ले लिया।

# पलवल में 14 मई को होगा आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन : उपायुक्त

**समीक्षा**

- उपायुक्त डा. ने अधिकारियों की बैठक लेकर मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की




**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** आगामी मानसून सत्र के मद्देनजर बाढ़, भूकंप, आगजनी जैसी आपदाओं से निपटने के लिए जिला पलवल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में बृहस्पतिवार 14 मई को प्रस्तावित मॉक ड्रिल को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है और तैयारियां तेज कर दी हैं।
हरियाणा सरकार में वित्त सचिव डीके बेहरा ने मॉक ड्रिल के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय बैठक लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों की तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपरांत लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों की जिला स्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में 14 मई को होने वाली मॉक ड्रिल के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई और इसमें शामिल सभी विभागों की भागीदारी व जिम्मेदारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि यमुना के निकट होने के कारण पलवल जिला अति संवेदनशील है। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे जिला में बाढ़ जैसी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार रहें। उन्होंने कहा कि पिछले अनुभवों से सबक लेकर बाढ़ बचाव के लिए बेहतरीन उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि समय रहते प्रभावी कदम उठाना ही नुकसान को कम करने का सबसे बेहतर उपाय है।उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएं अचानक उत्पन्न होती हैं, इसलिए सभी विभागों को पहले से तैयार रहना बेहद जरूरी है।
उन्होंने निर्देश दिए कि मेगा मॉक ड्रिल के दौरान हर विभाग अपनी भूमिका का गंभीरता से निर्वहन करे, ताकि किसी भी वास्तविक आपदा के समय जानमाल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।
उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय को मजबूत रखते हुए आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित करें।

## उपायुक्त अखिल पिलानी ने गांव घासेड़ा में किया जनगणना कार्य का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि जिले में जनगणना-2027 का कार्य दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और आवास गणना का कार्य 1 मई से शुरू हो गया हो, जोकि पूरे माह चलेगा। इस चरण में जनगणना कार्य में लगे कर्मचारी, अधिकारी घरों की स्थिति, सुविधाओं और संपत्तियों से जुड़े 33 प्रश्नों के उत्तर एकत्र कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा, जिसमें घर के सदस्यों की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक जानकारी दर्ज की जाएगी।
उपायुक्त ने यह जानकारी घासेड़ा गांव में चल रहे जनगणना व मकान सूचीकरण कार्य के निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत सभी नागरिकों की जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और किसी भी सरकारी लाभ पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। इसलिए लोगों से अपील की गई है कि वे इस कार्य में पूर्ण सहयोग करें और सही जानकारी दें। उन्होंने ग्रामीणों को जनगणना के लाभों के बारे में भी जागरूक किया और कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्य की समीक्षा की।
उपायुक्त ने बताया कि भारत में जनगणना एक ऐतिहासिक और सबसे बड़ी प्रशासनिक प्रक्रिया है। जनगणना-2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें कर्मचारी मोबाइल ऐप और टैबलेट के माध्यम से डेटा संग्रह कर रहे हैं।

## आलदुका हत्या मामलें में दोषी को अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** वर्ष 2021 के बहुचर्चित हत्या मामलें में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी भीम पुत्र राजबीर निवासी गांव आलदोका को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. राहुल बिश्नोई की अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोष सिद्ध होने पर यह सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। पुलिस प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला 24 नवंबर 2021 को थाना सदर नूंह में दर्ज हत्या के मुकदमा से संबंधित है। शिकायतकर्ता रामधन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई पूर्ण जो गांव के एक भट्टे पर चौकीदारी का कार्य करता था 23 नवंबर की रात ड्यूटी पर था। अगली सुबह उसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों और अन्य लोगों के अनुसार, घायल पूर्ण ने स्वयं बताया था कि उसे आरोपी भीम ने रातभर बेरहमी से पीटा और उस पर धारदार हथियार से हमला किया। बाद में उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज नल्हड़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामलें की सूचना मिलते ही नूंह पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया, साक्ष्य जुटाए और पोस्टमार्टम सहित अन्य कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कीं। जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मजबूत चालान अदालत में पेश किया। नूंह पुलिस की दमदार व उत्कृष्ट पैरवी के कारण अदालत ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलों, साक्ष्यों और परिस्थितियों पर विस्तार से विचार कर कहा कि सजा का निर्धारण अपराध की प्रकृति, उसकी गंभीरता और समाज पर उसके प्रभाव को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

### चोरी की मोटरसाइकिल से प्रतिबंधित मांस की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात ( लियाकत अली ) :** जिले में चलाए जा रहे विशेष वाहन तलाशी अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल पर प्रतिबंधित मांस की आपूर्ति कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है।
पुलिस प्रवक्ता में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी हारीस पुत्र फज्जर निवासी रिठड थाना पिनंगवा जिला नूंह को काबू किया गया । जांच के दौरान उसके पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई, जिसका उपयोग वह अवैध गतिविधि में कर रहा था। इस मामलें में थाना सदर नूंह में मामला दर्ज किया गया है।
पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एसवीएसयू में ओरल कैंसर जांच शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी क्लब फरीदाबाद द्वारा डेंटल केयर एवं ओरल कैंसर डिटेक्शन कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर दिल्ली के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. आर. के. बाली के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों की टीम में डॉ. मनोज कुमार, ए. के. दुबे, रविन्द्र सिंह एवं नितिन ने दांतों की जांच की। शिविर में विद्यार्थियों को मसूड़ों का उपचार, दांतों की फिलिंग, ओरल कैंसर की जांच तथा सामान्य दंत परीक्षण जैसी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को दांतों को स्वस्थ रखने, सही ब्रशिंग तकनीक अपनाने, मीठे पदार्थों का सीमित सेवन करने तथा नियमित दंत जांच करवाने के महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। विद्यालय के प्राचार्य सतेंद्र सौरोत ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने रोटरी क्लब दिल्ली, रोटरी क्लब फरीदाबाद एवं चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब फरीदाबाद की अध्यक्ष सुनीता विज, देवेंद्र सिंह, विनय वासुदेव, राजीव जैन और लव विज ने विश्वविद्यालय एवं विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## मथुरा पुलिस हाईटेक: वैकमेट इण्डिया लि. के फंड से मिले करोड़ों के आधुनिक संसाधन

**उद्घाटन**

- साथ ही अत्याधुनिक सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी विधिवत उद्घाटन किया गया।




**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए वैकमेट इण्डिया लिमिटेड ने अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड के तहत मथुरा पुलिस को अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए हैं। इन उपकरणों की कुल लागत 2,03,77,788 रुपये है।
इस पहल के अंतर्गत पुलिस को 192 ANPR युक्त सीसीटीवी कैमरे (48 लोकेशन पर), लाइव सर्विलांस एवं डेटा एनालिटिक्स से लैस केंद्रीकृत कंट्रोल रूम, एक इंडस्ट्रियल फोम टेंडर (फायर फाइटिंग वाहन) और एक हेवी ड्यूटी लिफ्टर क्रेन प्रदान की गई है।
पुलिस लाइन मथुरा में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर्स राज नारायण अग्रवाल, नितिन अग्रवाल और राहुल अग्रवाल द्वारा फायर फाइटिंग वाहन एवं क्रेन की सांकेतिक चाबी अनुपम कुलश्रेष्ठ (अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन) और शैलेश कुमार पांडेय (पुलिस उपमहानिरीक्षक, आगरा रेंज) को सौंपी गई।
इसके बाद वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही अत्याधुनिक सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी विधिवत उद्घाटन किया गया। इस हाईटेक कंट्रोल रूम में अब कुल 70 लोकेशन के 280 कैमरे जोड़े गए हैं, जिनमें अठढफ (ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) तकनीक का उपयोग किया गया है। ये कैमरे 200 किमी/घंटा तक की गति से चलने वाले वाहनों के नंबर पढ़ने, वाहन के रंग व मॉडल के आधार पर पहचान करने तथा संदिग्ध या चोरी के वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर तुरंत अलर्ट देने में सक्षम हैं।
इसके अलावा, इंडस्ट्रियल फोम टेंडर केमिकल व पेट्रोलियम से लगी आग को बुझाने में सक्षम है, जबकि हेवी ड्यूटी क्रेन सड़क पर बाधा बने वाहनों को हटाने में मदद करेगी, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रहेगी।
कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेश चंद्र रावत द्वारा पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपकरणों की विशेषताओं की जानकारी दी गई।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने वैकमेट इण्डिया लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती देगा।

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर मेवात में जश्न, पिनगवां में निकली भव्य विजय रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के बाद मेवात क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पिनगवां कस्बे में बुधवार को पार्टी कार्यकताओं ने जोरदार विजय रैली निकालकर जीत का जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और मिठाइयों के वितरण के साथ पूरा कस्बा उत्सव में डूबा नजर आया। यह विजयी रैली भाजपा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गई, जो कस्बे के मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक इसमें शामिल हुए। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पार्टी के समर्थन में नारे लगाए।
इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू और पूर्व प्रत्याशी एजाज खान सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। विजय रैली को सफल बनाने में एजाज खान की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। उन्होंने पूरे कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यकताओं में जोश और ऊर्जा का संचार किया। उनके नेतृत्व और संगठन क्षमता ने इस शक्ति प्रदर्शन को प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
नेताओं ने इस जीत को जनता के विश्वास, विकास की राजनीति और केंद्र सरकार की नीतियों की स्वीकृति बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है, वहीं प्रदेश में नायब सिंह सैनी की सरकार भी जनहित में कार्य कर रही है। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की जीत है और जनता ने भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताया है।

### हजारों रुपए की 10 ग्राम 49 मिलीग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा(शुभम-खटक)**-पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देशानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान नजदीक नजदीक अनाज मंडी रोड़ी क्षेत्र से एक युवक को हजारों रुपए की 10 ग्राम 49 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर राधे श्याम ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान हरदीप सिंह उर्फ नहरू पुत्र नायब सिंह निवासी बांदर पत्ती रोड़ी,जिला सिरसा के रूप में हुई है । उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान अनाज मंडी रोड़ी क्षेत्र में मौजूद थी ।

## विशेष समुदाय के लोगों ने दलित के घर में घुसकर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र के गांव खामनी में दलित परिवार पर विशेष समुदाय के लोगों द्वारा घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगा है। घटना में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि परिवार की महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। वारदात के बाद गांव में तनाव फैल गया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।
पीड़िता ममता, निवासी बल्दू क्षेत्र, ने बताया कि वह परिवार सहित गांव खामनी में किराये के मकान में रहती हैं। आरोप है कि चार दिन पहले घर के बाहर खुले में शौच करने का विरोध करने पर कॉलोनी के विशेष समुदाय के युवकों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी।



ममता के अनुसार मंगलवार शाम वह काम पर गई थीं। इसी दौरान 8 से 10 लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने पति किशनलाल, बेटे अशोक और परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट की। विरोध करने पर पथराव भी किया गया। हमले में किशनलाल और उनका बेटा गंभीर रूप, से घायल हो गए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद आरोपित पक्ष के लोग समझौते का दबाव बना रहे हैं और राजीनामा न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।
घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला, लेकिन पीड़ित परिवार का कहना है कि समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। इससे परिवार में भय और आक्रोश है।
ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोपियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है। पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ अधिकारियों से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीड़िता ममता ने बताया कि परिवार पर लगातार समझौते का दबाव बनाया जा रहा है।

## जिला पलवल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** जिला पलवल में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर बच्चों एवं महिलाओं को कृमि संक्रमण (पेट के कीड़े) से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा।
कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा स्वास्थ्य संस्थानों में बच्चों एवं किशोरों को



कृमिनाशक दवा (एल्बेंडाजोल) वितरित की गई।
स्वास्थ्य कर्मियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं द्वारा बच्चों को स्वच्छता अपनाने, सही तरीके से हाथ धोने, स्वच्छ पानी पीने तथा खुले में शौच से बचने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।
सिविल सर्जन डा. सतिंदर वशिष्ठ ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जिससे कुपोषण, एनीमिया तथा शैक्षणिक प्रदर्शन में कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर कृमिनाशक दवा का सेवन और स्वच्छता का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में उप सिविल सर्जन डा. रामेश्वरी वर्मा द्वारा भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को निर्धारित तिथि पर कृमिनाशक दवा अवश्य दिलवाएं तथा अपने घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखें।
कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उद्घाटन अवसर पर स्वतंत्र गोयल, पूनम गोयल, अनिल मोहन मंगल, कल्पना मित्तल, कपिल गोयल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलसाड़ा से डॉ. ममता सहित सभी एएनएम और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।
लक्ष्य एवं उपलब्धि
उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पलवल में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के लिए कुल लक्ष्य 5,79,048 निर्धारित किया गया है, जिसमें से 5 मई को 4,98,657 बच्चों को कवर किया गया। शेष लक्ष्य को 8 मई 2026 को पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार 20 से 24 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग के लिए कुल लक्ष्य 48,000 निर्धारित है, जिसमें से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दिन 32,216 लाभार्थियों को कवर किया गया। शेष लक्ष्य को भी 8 मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

## माला पहनाने की रस्म पर विवाद, बारात से पहले दो पक्षों में पथराव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिले के पुनहाना उपमंडल के नेहदा गांव में एक शादी समारोह के दौरान मामूली बात ने बड़ा विवाद का रूप ले लिया।
जानकारी के अनुसार गांव नेहदा निवासी पप्पू पुत्र महबूब कुरैशी के बेटे की बारात गांव अली मेव के लिए रवाना हो रही थी। इसी दौरान लड़के के जीजा नयूम निवासी सिंगार ने अपने साले को करीब 25 लाख रुपये की नोटों की माला पहनाई।
बताया जा रहा है कि इस माला को लेकर नयूम के साड़ू जो उत्तर



प्रदेश के हातियाका गांव के निवासी हैं नाराज हो गए। उनका कहना था कि उनकी ओर से भी माला आ रही है, इसलिए बारात को रोका जाए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया और गाली-गलौज की स्थिति बन गई। हालांकि इस घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन शादी का माहौल तनाव में बदल गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिस पर लोग अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।
घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### संस्कार, स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता का संगम: गीता परिवार, पानीपत द्वारा एक नवीन चार दिवसीय प्रेरणादायक शिविर आयोजित



**समालखा (संजय नरवाल)** उत्तरांचल प्रभारी गीता परिवार, मीनाक्षी गुप्ता की देखरेख में सर छोटू राम हेरिटेज स्कूल नांगल खेड़ी, पानीपत में आयोजित चार दिवसीय नवीन शिविर उत्साह, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। इस विशेष शिविर में बच्चों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरा वातावरण सकारात्मकता और उमंग से भर गया।

शिविर का शुभारंभ प्रार्थना एवं मधुर गीतों के साथ हुआ, जिसका संचालन जिला प्रभारी गीता परिवार ,ममता वर्मा द्वारा अत्यंत भावपूर्ण ढंग से किया गया। उनके मार्गदर्शन में प्रस्तुत गीतों ने सभी प्रतिभागियों को एकाग्रता और भक्ति के भाव से जोड़ दिया। इसके पश्चात सभी को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया, जिससे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन का भी विकास हुआ।

शिविर में बच्चों के लिए गीता सेवी गोविंद चौधरी व हिमांशु के द्वारा रोचक एवं ज्ञानवर्धक बैठक खेलों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों में टीम भावना, सहयोग और आत्मविश्वास की वृद्धि हुई। इसके साथ ही, प्रदीप जी द्वारा ध्यान, घोषणाएं एवं अनुशासन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। उन्होंने ध्यान के महत्व को सरल शब्दों में समझाते हुए जीवन में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। जिला प्रभारी ममता वर्मा द्वारा श्रीमद् भगवत गीता के 12 वें अध्याय के श्लोकों का गायन किया गया जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय में हो गया।

कार्यक्रम के एक विशेष सत्र में सोनू रानी द्वारा "छीं१ल्ल ऋ्रीी३ूंह्वि अस्त्रस्त्र. की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से वर्तमान में 15 लाख से भी अधिक लोग गीता ज्ञान का आनंद ले रहे हैं, इसके अंतर्गत श्रीमद्भगवद्गीता के मूल सिद्धांतों एवं उनके दैनिक जीवन में प्रयोग के बारे में जानकारी दी जाती है।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना का विकास करना रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस प्रकार के आयोजनों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया और गीता के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का वचन दिया। आज के शिविर का समापन जिला प्रभारी ,गीता परिवार ,ममता वर्मा के द्वारा प्रार्थना के साथ किया गया।

# बंगाल चुनाव प्रचार से लौटे शिक्षाविद सुरेश भारद्वाज का पलवल में भव्य अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में सक्रिय चुनाव प्रचार कर लौटे शिक्षाविद सुरेश भारद्वाज का पलवल में जोरदार स्वागत किया गया। सेक्टर-2 स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों, स्कूल संचालकों और शिक्षाविदों ने फूल-मालाएं पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा की जीत की खुशी में मिठाई बांटी गई और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।



समारोह में सुरेश भारद्वाज ने पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनकी जिम्मेदारी चार जिलों में लगाई गई थी, जिनमें भवानीपुर क्षेत्र भी शामिल था। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के कई इलाकों की स्थिति देखकर उन्हें गहरा अनुभव हुआ। वहां के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और दिल्ली क्षेत्र के लोग अपेक्षाकृत कहीं बेहतर परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं।

सुरेश भारद्वाज ने कहा कि वर्ष 2021 के चुनावों के बाद भाजपा समर्थकों को काफी परेशानियों और प्रताड़ना का सामना करना पड़ा था। हालांकि इस बार केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की सख्ती के कारण लोगों में मतदान प्रक्रिया को लेकर पहले से अधिक भरोसा दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि प्रचार के दौरान उन्होंने लोगों को पश्चिम बंगाल के स्वतंत्रता संग्राम, महान विभूतियों और राज्य की गौरवशाली विरासत की याद दिलाकर उनमें आत्मविश्वास जगाने का प्रयास किया।

उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान बाहरी राज्यों से पहुंचे कार्यकताओं को कई चुनौतियों और तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

एक बार उनकी टीम की रेकी भी की गई, लेकिन चालक की सतर्कता के चलते वे सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे।

कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह पटेल ने सुरेश भारद्वाज की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा जगत के साथ-साथ सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस मौके पर जिले के अनेक निजी स्कूल संचालक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भवन निर्माण व पंचमुखी शिवलिंग को लेकर अधिकारियों की ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** शहर स्थित जैन कॉलेज रोड़ हीरा नगर श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला में सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.) नेपाली समाज ने मंदिर निर्माण कार्य को लेकर सभी अधिकारीयों की बैठक प्रदेश चेयरमैन दीपक वोहरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समुदाय के प्रधान दीपक वोहरा ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी के सहयोग से तेजी से श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन बैठक मंदिर निर्माण कार्य व पंचमुखी शिवलिंग को लेकर रखी गई है जिसमें सभी सदस्यों की सहमति से पंचमुखी शिवलिंग एवं मंदिर निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण होगा ह्ल महासचिव राधा शर्मा ने कहा की मंदिर निर्माण कार्य में अंबाला वासी बढ़ चढ़ कर करे अपना योगदान उपाध्यक्ष कृष्ण लाल ने कहा जब से दीपक वोहरा ने नेपाली समाज की कमान संभाली है तब से मंदिर निर्माण के कार्य के साथ साथ समाजिक गतिविधियों में भी तेजी आई है हीरा नगर वासियो का कहना है चुनाव में जो वादे दीपक वोहरा ने किए वो सभी एक वर्ष में पूरे किए।

नेपाली संस्था सह सचिव रजनी

## मिंद्रजीत यादव का कॉलेजियम द्वारा नाम भेजने पर यादव महासभा ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** रेवाड़ी जिले के जोनियावास गांव निवासी और चंडीगढ़ हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, हरियाणा सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता व हाल ही में पंजाब एवं हरियाणा बार कार्उसिल के चुनाव में चौथी बार चुनाव बार यादव का सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में जज नियुक्त करने के लिए भारत सरकार को भेजी अनुशंसा का भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश अध्यक्ष रमेश राव पायलट ने बताया कि मिंद्रजीत यादव पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सीधे बार से नियुक्त होने वाले यादव समाज से पहले जज होंगे।

# चन्दन बाल विकास पब्लिक स्कूल में खेलों का आयोजन

**समालखा (संजय नरवाल)** चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में कक्षा चौथी से आठवीं कैरम बोर्ड प्रतियोगिता, कक्षा नौवीं व ग्यारहवीं खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नौवीं व ग्यारहवीं में इंटर क्लास मंडाला आर्ट प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। जहां खो-खो खेल प्रतियोगिता में सभी सदनों से 12-12

खिलाड़ी शरीक हुए वहीं कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में दो-दो बच्चों ने शिरकत की प्रधानाचार्य अनिल कुमार की स्वीकृति से खेल का प्रारंभ किया गया । सभी खिलाड़ियों का जोश काबिले- तारीफ रहा । स्कोरर खेल शिक्षक विकास ,समय



नियंता सतेन्द्र व रेफरी की भूमिका सुरेंद्र ने बखूबी निभाई । जोरदार प्रदर्शन के बाद परिणाम इस प्रकार रहा । *खो-खो* में प्रथम स्थान सनफ्लावर हाउस, द्वितीय स्थान रोज हाउस, व तृतीय स्थान डेजी हाउस ने प्राप्त किया । *कैरम खेल* में प्रथम स्थान सनफ्लावर हाउस, द्वितीय स्थान लोटस हाउस व डेजी हाउस को तो तृतीय स्थान से ही संतुष्ट होना पड़ा । कुमारी नेहा व कोमल के सान्निध्य में की गई मंडाला आर्ट में प्रथम स्थान दक्ष ग्यारहवीं, द्वितीय स्थान योगिता नौवीं व तृतीय स्थान सारिका नौवीं ने प्राप्त किया।

*खो-खो* खेल प्रतियोगिता बहुत ही अनुशासित और रोमांचक रही। सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय दिया। प्रधानाचार्य ने खो-खो जैसे पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने पर जोर दिया और विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों की अहम भूमिका है जिनमें विद्यार्थियों को अपनी - अपनी रुचि के अनुसार भाग लेना चाहिए इससे विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से मजबूत रह सकेंगे।

डॉक्टर श्वेता ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय में होने वाली अन्य गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हना चाहिए।

## वाकणकर जयंती पर भोपाल में श्रद्धांजलि, संस्थान बना इन्क्यूबेशन सेंटर

**नई दिल्ली।** पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर की जयंती के अवसर पर डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान में सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने उनके योगदान को याद करते हुए पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम में ज्ञानभारतम् अभियान के तहत संस्थान को इन्क्यूबेशन सेंटर घोषित किए जाने की घोषणा की गई। इसके माध्यम से मध्यप्रदेश की पांडुलिपियों का व्यापक स्तर पर डिजिटलीकरण किया जाएगा।

इस अवसर पर वाकणकर जी के पुरातत्व एवं कला क्षेत्र में किए गए कार्यों पर आधारित पुस्तक "मालव माटी के अन्वेषकः पद्म श्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर" के प्रकाशन और उसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई। पुस्तक की सामग्री का संकलन डॉ. के.सी. पाण्डेय (मंदसौर) द्वारा किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि जयंती के अवसर पर विभिन्न जिलों में पुरातत्वविदों, वरिष्ठ इतिहासकारों और विद्वानों के विचार प्रसारित किए जाएंगे, साथ ही वाकणकर जी से संबंधित सामग्री का संग्रह भी किया जाएगा। संस्थान का उद्देश्य उनके जीवन और कार्यों को स्थायी रूप से संरक्षित और जन-जन तक पहुंचाना है।

## संगम-गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन: वरिष्ठ नागरिकों एवं समाजसेवियों का भव्य सम्मान समारोह

**तोशाम वंदना शर्मा**

**तोशाम -समाज सेवा प्रभाग** एवं ब्रह्माकुमारीज, तोशाम (हरियाणा) द्वारा दिनांक 06 मई 2026, बुधवार को जाट धर्मशाला, बागनवाला रोड, तोशाम में संगम गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन विषय पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 1000 प्रतिभागियों ने प्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की तथा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया गया, जिससे अनेक दर्शकों ने लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री धर्मबीर सिंह जी के सुपुत्र एवं युवा समाजसेवी मोहित भाई जी प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में मुंबई से पधारे प्रो. ई. वी. गिरीश जी ने अपने प्रेरणादायी विचारों से उपस्थित जनसमूह को लाभान्वित किया। साथ ही माउंट आबू समाज सेवा प्रभाग के मुख्यालय संयोजक ब्रह्माकुमार बीरेंद्र भाई जी ने भी अपने उद्बोधन द्वारा आध्यात्मिक मूल्यों पर प्रकाश डाला।

# राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने चलाया पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान

**भिवानी, वंदना शर्मा**

**भिवानी, 06 मई।** डीसी साहिल गुप्ता के निदेर्शानुसार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बोर्ड ने विभिन्न स्थानों पर जाकर व प्रचार सामग्री लगाकर किसानों और आम जनता को गेहूं के अवशेष न जलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करने के प्रति जागरूक किया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि बोर्ड की टीम ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों




को पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी बारे जागरूक किया। टीम ने बवानी खेड़ा के बस स्टैंड, तहसीलदार कार्यालय और अनाज मंडी तथा भिवानी का मुख्य बस स्टैंड, मार्केट कमेटी कार्यालय, सब्जी मंडी और अनाज मंडी में आमजन को गेहूं के अवशेष न जलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने आमजन व किसानों को बताया कि गेहूं के अवशेष जलाने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि जमीन की उर्वरक शक्ति भी नष्ट हो जाती है। पराली जलाना और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए भारी जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। पराली प्रबंधन के आधुनिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इसके साथ ही उन्होंने प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापारियों व राहगीरों को सिंगल यूज प्लास्टिक के घातक परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें कपड़े के थैले इस्तेमाल करने और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। प्रदूषण मुक्त भविष्य के लिए किसानों का सहयोग अत्यंत अनिवार्य है। इस दौरान बोर्ड टीम ने अपील की है कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण देने के लिए मिट्टी की सेहत न बिगाड़ें और प्लास्टिक को ना कहें।

# शादी का झांसा देकर स्कूल संचालिका से कई बार किया दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, 6 मई।** पानीपत जिला के एक व्यक्ति पर एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल की संचालिका ने शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने व लाखों रुपये हडपने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर महिला पुलिस थाना में आरोपी कुलविंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह दिल्ली के साकेत की रहने वाली है और बहादुरगढ़ में एक स्कूल चलाती है। उसकी पानीपत के आरोपी कुलविंद्र से सितंबर 2022 में एक सोशल मीडिया ऐप द्वारा जान पहचान हुई थी। दोनों में बातचीत बढ? लगी और आरोपी महिला के स्कूल में आने-जाने लगा। आरोपी ने महिला के परिवार और उसकी निजी जिंदगी के बारे में सारी जानकारी ले ली। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने उसके अकेलेपन का फायदा उठाते हुए कहा कि वह भी अविवाहित है और वह उससे शादी करने के लिए तैयार है। वह नवंबर 2025 में किसी काम से चंडीगढ़ जा रही थी। आरोपी ने उसे इसराना के पास एक रेस्टोरेंट में बुलाया। वहां आरोपी उसे अपनी गाड़ी में बिठाकर पानीपत में नई प्रॉपर्टी दिखाने के बहाने सुनसान जगह पर ले गया। रास्ते में आरोपी ने महिला को कोल्ड ड्रिंक पिलाई, जिसमें कथित तौर पर नशीला पदार्थ मिला हुआ था। आरोपी ने गाड़ी के अंदर ही शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने महिला की आपत्तिजनक अश्लील वीडियो भी बना ली। आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और महिला से लाखों रुपए प्रॉपर्टी खरीदने के नाम पर हडप लिये। जब पीड़िता ने और पैसे देने से मना किया, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

## स्पोर्ट्स मीट-2026 का सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएच) के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग द्वारा स्पोर्ट्स मीट-2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे टीम भावना, नेतृत्व कौशल एवं शारीरिक फिटनेस को प्रोत्साहन मिला।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में कहाखेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और अनुशासित बनाते हैं।

# शिकायतों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करें अधिकारी: एडीसी

**हांसी(दिनकर गावड़ी):**

अतिरिक्त उपायुक्त एवं डीएमसी लक्षित सरीन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एडीसी लक्षित सरीन बुधवार को अपने कार्यालय में जिला समाधान प्रकोष्ठ से जुड़े अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी



विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जैसे ही कोई शिकायत पोर्टल पर दर्ज होती है, संबंधित विभाग उसे तुरंत अंडरटेक कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करे। शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता बनाए रखते हुए प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि शिकायतकर्ता को समय पर राहत मिल सके।

एडीसी ने कहा कि सभी विभाग निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायतों का निस्तारण कर अनिवार्य रूप से एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) पोर्टल पर अपलोड करें। लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाएगी ।\

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिंकू सैनी पुत्र पाला राम, निवासी मकान नंबर 62, गांव टपराना, तहसील और जिला करनाल, श्री राम मंदिर के पास, करनाल, हरियाणा–132001, मोबाइल नंबर 8930422519** ने **CT No. 5546/2019 U/S 138 NI Act,** अन्तर्गत थाना के एन काटजू मार्ग, **दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रिंकू सैनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रिंकू सैनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CT No. 5546/2019 U/S 138 NI Act,** अन्तर्गत थाना के एन काटजू मार्ग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रिंकू सैनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी– 03
उत्तर जिला, कमरा नंबर 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5822/RD/2026(Court Matter)

# ग्राहक पंचायत की बैठक में जल संरक्षण और एमआरपी जागरूकता अभियान पर जोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत पलवल इकाई की मासिक बैठक आगरा चौक के निकट विजेंद्र सिंगला के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत महिला प्रमुख अलका गुप्ता ने की, जबकि प्रांत संगठन मंत्री मुकेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार, उपभोक्ता अधिकारों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने संगठन की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्राहक पंचायत आम लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही है। उन्होंने पलवल इकाई के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय रूप से जनहित के मुद्दों पर कार्य करने का आह्वान किया।

अलका गुप्ता ने आगामी 29 मार्च को आयोजित होने वाली बैठक की कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि संगठन समाज में उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर अभियान चलाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मई माह में जिलेभर में जल संचय और जल संरक्षण को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही यह भी तय किया गया कि ग्राहक पंचायत की मासिक बैठक प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को शाम साढ़े चार बजे आयोजित की जाएगी। जून माह की बैठक अनीता गोयल के निवास स्थान पर होगी।

बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे एमआरपी जागरूकता अभियान को जिला स्तर पर भी प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में 25 मई को जंतर-मंतर, दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पलवल जिले की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं विश्वकर्मा विश्वविद्यालय, दूधौला में विद्यार्थियों को एमआरपी और उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष

## स्पोर्ट्स मीट-2026 का सफल आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएच) के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग द्वारा स्पोर्ट्स मीट-2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

**रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस**

| S. N. | Lot No. | Auction Catalogue No. | Details | Auction start date & time | Auction close date & time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-UBC-GMU-161-25-1 | UMB-Ctg-04-2026 | रिफ्रेशमेंट रूम–जनरल माइनर यूनिट (GMU) (Size 40.61 sqm) सामान्य महिला श्रेणी के लिए अम्बाला सिटी रेलवे स्टेशन। | 14.05.2026 at 12:00 hrs. | 14.05.2026 at 12:30 hrs. |

**नोटः** ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** को देखें।
**1509/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ‘रक्षा त्रिवेणी संगम’ से आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी नई गति: योगी आदित्यनाथ

**इनोवेशन**

**रक्षा त्रिवेणी संगम के रूप में टेक्नोलॉजी, ज्ञान और इनोवेशन को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक प्रयास है।**






**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्षा त्रिवेणी संगम के रूप में टेक्नोलॉजी, ज्ञान और इनोवेशन को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को संगम नगरी में आयोजित नॉर्थ टेक सिंपोशियम के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम की तरह यह सिंपोशियम भी ‘टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्री और सैन्य शक्ति’ के संगम का प्रतीक बना है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा ‘वसुधैव कुटुंबकम’ की रही है, लेकिन उदारता की रक्षा के लिए शक्ति और सामर्थ्य भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिक युद्ध अब केवल जल, थल और वायु तक सीमित नहीं है, बल्कि साइबर, स्पेस और डेटा आधारित मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का स्वरूप ले चुका है। ऐसे में तकनीकी आत्मनिर्भरता और रक्षा उत्पादन में स्वदेशी क्षमता बढ़ाना समय की मांग है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद कानून-व्यवस्था में सुधार और ‘जीरो टॉलरेंस’ नीति के कारण निवेश का माहौल बेहतर हुआ है। इसी का परिणाम है कि राज्य में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर तेजी से विकसित हो रहा है। लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट जैसे नोड्स में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत रक्षा उत्पादों के आयातक से निर्यातक देश बन रहा है और उत्तर प्रदेश इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य में स्किल्ड मैनपावर, एमएसएमई नेटवर्क और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर डिफेंस सेक्टर को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

**विंग कमांडर का संबोधन**

समापन सत्र में विंग कमांडर ने कहा कि नॉर्थ टेक सिंपोशियम ने पिछले दो दिनों में टेक्नोलॉजी, विशेषज्ञता और इनोवेशन का प्रभावी मंच प्रदान किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक सैन्य क्षमता अब टेक्नोलॉजी आधारित तैयारी पर निर्भर है, जो केवल सेना, उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों और सरकार के मजबूत समन्वय से ही संभव है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में डिफेंस इंडस्ट्री के लिए तेजी से विकसित हो रहा इकोसिस्टम देश को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। बड़ी संख्या में उद्योगों, स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश डिफेंस टेक्नोलॉजी हब के रूप में उभर रहा है।

**कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति**

समापन अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, सैन्य अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले संस्थानों और प्रतिभागियों की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि रक्षा त्रिवेणी संगम की यह पहल भविष्य में देश की सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई दिशा देगी।

## योगी ने बाबा कालभैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में किया दर्शन



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को वाराणसी पहुंचे। गोरखपुर से मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर उतरा तो वहां पहले से मौजूद भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अफसरों ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। पुलिस लाइन से मुख्यमंत्री कड़ी सुरक्षा के बीच वाहनों के काफिले में बड़ा लालपुर स्थित उदय प्रताप कॉलेज के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. राजीव कृष्ण के घर पहुंच कर मांगलिक समारोह में शामिल हुए। यहां परिजनों से कुछ देर बातचीत के बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी और महिलाओं व बच्चों को आशीर्वाद दिया। इसके बाद उनके साथ सामूहिक फोटो भी खिचाई। इसके बाद वे कालभैरव मंदिर में दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। मंदिर में विधि विधान से दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने बाबा की आरती भी की। कालभैरव मंदिर से दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में भी विधिवत पूजन अर्चन किया। बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग का अभिषेक कर उन्होंने देश प्रदेश में जीवन मंगल की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र) प्रभार रविन्द्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर पोषाहार गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश

**गुणवत्ता**

**केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली और बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता को परखा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजसमंद जिले के गुंजोल गांव में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बुधवार आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली और बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता को परखा। उपमुख्यमंत्री ने मौके पर ही बच्चों को परोसे जा रहे भोजन की जांच की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को हमेशा पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण आहार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्र में मौजूद बच्चों से आत्मीय बातचीत की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों को श्रीनाथ जी का प्रसाद भी वितरित किया, जिससे बच्चों में उत्साह देखने को मिला।उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से संचालित हों।

# अंधेरे से उजाले की ओर जीवन में सुशासन ने भरी उम्मीद की रोशनी




**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** जब हौसले बुलंद हों और शासन का साथ मिल जाए, तो शारीरिक बाधाएं भी प्रगति का रास्ता नहीं रोक सकतीं। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम गोविंदपुर (सरगड़ी) में रहने वाले कृष्णा पहाड़ी कोरवा और उनकी पत्नी अनिता की कहानी आज सुशासन और संवेदनशीलता की जीवंत मिसाल बन चुकी है। विशेष पिछड़ी जनजाति से ताल्लुक रखने वाला यह दंपति दृष्टिबाधित है, लेकिन आज इनके चेहरे की मुस्कान सरकार की अंतिम व्यक्ति तक विकास की प्रतिबद्धता को बयां कर रही है।

**प्रधानमंत्री के हाथों मिली खुशियों की चाबी***

कृष्णा और अनिता के परिवार के जीवन का सबसे ऐतिहासिक मोड़ राज्य स्थापना की रजत जयंती (2025) के अवसर पर आया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं अपने हाथों से कृष्णा को प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित पक्के घर की चाबी सौंपी। यह मात्र एक कंक्रीट का ढांचा नहीं, बल्कि वर्षों के अभाव और असुरक्षा के बाद मिला वह सम्मान था, जिसकी इस दंपति ने कल्पना की थी।

## जल संवर्धन और ग्रामीण आजीविका को मिली नई मजबूती



**उपलब्धियां**

**जल संवर्धन, भू-जल स्तर सुधार और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में व्यापक कार्य किए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** राज्य शासन के मोर गांव - मोर पानी महाअभियान अंतर्गत मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले ने जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी अभिसरण से जिले में जल संवर्धन, भू-जल स्तर सुधार और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में व्यापक कार्य किए गए हैं।

***जिले में बनीं 17 सौ से अधिक आजीविका डबरी***

ह्जल संरक्षण हमारी जिम्मेदारीह्व की थीम पर संचालित इस अभियान के तहत जिले में 1700 से अधिक आजीविका डबरी का निर्माण किया गया। प्रत्येक पंचायत में औसतन 9 डबरी विकसित कर जल संरक्षण को आजीविका संवर्धन से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया गया है।

सामुदायिक सहभागिता और जिला प्रशासन के सतत प्रयासों से यह अभियान जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है।

**पीएम आवासों में बने 2541 सोखता गड्ढे, 87 तलाबों का नवीनीकरण***

वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रेरित कर 2541 सोख्ता गड्ढे का निर्माण कराया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की निमाड़ में इन्वेस्टर्स समिट की घोषणा, खाई झाल मुड़ी



**वादा**

**हमने निमाड़ में इन्वेस्टर्स समिट कराने का वादा किया था और हम इसे जरूर पूरा करेंगे: मोहन यादव**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बुरहानपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को बुरहानपुर के एक दिवसीय दौरे पहुंचे। यहां उन्होंने न केवल 'उद्यमी संवाद' कार्यक्रम में विचार साझा किए, बल्कि राजनीतिक मंच से विपक्ष पर भी तीखे प्रहार भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में आयोजित 'उद्यमी संवाद' कार्यक्रम में उद्योगपतियों से संवाद के दौरान निमाड़ क्षेत्र में 'इन्वेस्टर्स समिट' आयोजित करने की घोषणा की। इसके उपरांत, भाजपा के 'विजय उत्सव' में शामिल होकर उन्होंने मंच पर नेताओं के साथ झालमुड़ी का आनंद लिया और कार्यकताओं में जोश भरा। इस दौरान उन्होंने बंगाल और असम में पार्टी की जीत पर खुशी जताते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री सुबह 10:30 बजे रेणुका माता हेलीपैड से सीधे ऑडिटोरियम पहुंचे थे। यहां उद्योगपतियों ने अपनी समस्याओं और मांगों से उन्हें अवगत कराया। डॉ. यादव ने कहा कि हमने निमाड़ में इन्वेस्टर्स समिट कराने का वादा किया था और हम इसे जरूर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारिक कल्याण बोर्ड बनाने पर भी कैबिनेट में चर्चा हुई है, जो आगे चलकर जिला स्तर तक काम करेगा।

**केला किसानों के लिए विशेष योजना और औद्योगिक विस्तार**

मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर के आर्थिक महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यहां का व्यापार 400 करोड़ से दोगुना होकर 800 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार ने निंबोला औद्योगिक क्लस्टर के लिए 350 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है। इस वर्ष को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में समर्पित करते हुए सीएम ने आश्वस्त किया कि बुरहानपुर के केला किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने व्यापारिक कल्याण बोर्ड के गठन की बात कही, जो भविष्य में जिला स्तर तक सक्रिय होकर उद्यमियों की मदद करेगा।

**मंच से झालमुड़ी का स्वाद और विपक्ष पर तीखा हमला**

उद्योगपतियों से संवाद के बाद डॉ. यादव विधायक अर्चना चिटनिस द्वारा आयोजित 'विजय उत्सव' में शामिल हुए।

हाल ही में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के चुनावी परिणामों को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने रांची स्थित लोकभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि मुलाकात के विस्तृत बिंदुओं की आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है, लेकिन इसे सामान्य शिष्टाचार मुलाकात के रूप में देखा जा रहा है।

# भाजपा ने बंगाल में किया नतीजों में उलटफेर : अखिलेश



**आरोप**

**भाजपा) सरकार और चुनाव आयोग को घेरते हुए लोकतंत्र में इसे वोट की डकैती डालने वाला बताया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को मिली बड़ी हार को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और चुनाव आयोग को घेरते हुए लोकतंत्र में इसे वोट की डकैती डालने वाला बताया। अखिलेश यादव ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ के पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बंगाल में अफसरों और भाजपा की मिलीभगत से चुनाव के नतीजों में बड़ा उलटफेर किया है। इसे मल्टीलेयर इलेक्शन माफियाओं का खेल कहा जाता है। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के 2022 के विधानसभा चुनाव की तुलना अखिलेश यादव ने बंगाल चुनाव के नतीजों से की। उन्होंने कहा कि जो बंगाल की जनता ने फेस किया या देखा है, ये हम 2022 में देख चुके हैं। 2022 में बहुत सारी विधानसभा में सेंट्रल फोर्स लगा कर इन्होंने (भाजपा) ने समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को पोलिंग स्टेशन, काउंटिंग स्टेशन से निकाल कर रिजल्ट बदला था। अखिलेश ने अयोध्या की कुंदरकी विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर भाजपा सरकार पर वोटों में डकैती डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुंदरकी विधानसभा में 2012 में समाजवादी पार्टी को 37 प्रतिशत वोट मिला। बीजेपी को 29 फीसद वोट मिला। 2017 में सपा को 42 प्रतिष्ठा वोट मिला, बीजेपी को 37 फीसद वोट मिला। 2022 में 46 प्रतिशत वोट मिला और बीजेपी को 30 प्रतिशत वोट मिला। सपा अध्यक्ष ने कहा कि 2024 में जब उपचुनाव हुआ तब सपा जिसे 37, 42, 46 प्रतिशत वोट मिलता था उसे 12 फीसदी वोट मिला, वहीं भाजपा जिसे 29, 37 और 30 प्रतिशत वोट मिलता था, उसे 77 प्रतिशत वोट मिला। ये मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया का खेल है।

# असम विस चुनाव संपन्न, राज्यपाल को सौंपी गयी चुने हुए सदस्यों की सूची




**नव-निर्वाचित**

**असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम विधानसभा के नव-निर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), अनुराग गोयल ने भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर असम विधानसभा चुनाव 2026 के आम चुनावों के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद नई असम विधानसभा के गठन के लिए असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम विधानसभा के नव-निर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) गठबंधन ने कुल 102 सीटें हासिल कीं, जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जीती गई 82 सीटें, असम गण परिषद (अगप) द्वारा 10 सीटें और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) द्वारा 10 सीटें शामिल हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 21 सीटें हासिल कीं, जिनमें से कांग्रेस ने 19 सीटें और राइजर दल ने 2 सीटें जीतीं। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआयूडीएफ) ने 2 सीटें हासिल कीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने एक सीट जीतीं हैं।

असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने पूरे राज्य में चुनाव प्रक्रिया के सफल, शांतिपूर्ण और पारदर्शी संचालन में उनके अमूल्य योगदान के लिए सभी हितधारकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। सीईओ ने असम के मतदाताओं को उनकी सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी तथा उत्साह के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। चुनावी प्रक्रिया के दौरान उनके अथक समर्पण और व्यावसायिकता के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, बूथ स्तरीय अधिकारियों, मतदान कर्मियों, मतगणना अधिकारियों और चुनाव प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की विशेष सराहना की गई। सीईओ ने पूरे राज्य में चुनाव के शांतिपूर्ण, सुचारू और सफल संचालन को सुनिश्चित करने में उनके सहयोग और समन्वित प्रयासों के लिए सुरक्षा बलों, असम पुलिस, सीएपीएफ, होम गार्ड्स, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सरकारी विभागों, मीडिया, राजनीतिक दलों, नागरिक समाज समूहों, एसवीईईपी टीमों और सभी हितधारकों को भी धन्यवाद दिया।

# मुख्यमंत्री साय ने पेयजल समस्या की खबर पर लिया त्वरित संज्ञान



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सरगुजा जिले के मैनपाट क्षेत्र की चेराजोबला बस्ती में पेयजल समस्या से संबंधित समाचार पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज बुधवार सुबह समाचार पत्रों का अवलोकन करते समय नाला और ढोढ़ी के दूषित जल पर आज भी निर्भर हैं वनवासी शीर्षक से प्रकाशित खबर को गंभीरता से लिया और सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत को फोन कर प्रभावित बस्ती में शीघ्र पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चेराजोबला बस्ती में पेयजल संकट की स्थिति का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार हैंडपंप खनन, वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था और दीर्घकालिक समाधान की दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए।